राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-39
लखनऊ, शनिवार 23 सितम्बर, 2023 पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



स्मार्ट शहरों के निर्माण से बड़े पैमाने पर हुआ विकास 02

ग्राम रोजगार सेवकों को बनाया जाएगा और सक्षम : केशव 03

## संक्षिप्त समाचार

### सेंथिल हत्या मामले में 13 के खिलाफ आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छह माह पहले पुदुचेरी में एक राजनीतिक कार्यकर्ता सेंथिल कुमारन की हत्या के मामले में 13 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। एनआईए ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 26 मार्च को छह मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने सेंथिल कुमारन की बेरहमी से हत्या कर दी थी। आरोपितों ने केंद्र शासित प्रदेश के विल्लियानूर इलाके में एक बेकरी के सामने उस पर देशी बम फेंके और फिर छुरी से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शुरू में मामला दर्ज कर बाद में केस एनआईए को सौंप दिया। 29 अप्रैल को एनआईए ने फिर से मामला दर्ज किया। इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता निथियानंथम को बाद में उसके सहयोगियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। सहयोगियों की पहचान विग्नेश, शिव शंकर, राजा, प्रदीप, कार्तिकेयन, वेंगतेश, राजमणि, एझुमलाई, कथिरवेल, रामचंदिरन, लक्ष्मणन, ढिलिपन और रामनाथन के रूप में की गई।

### झारखंड एचसी के जज कैलाश प्रसाद का निधन

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव का आज सुबह रांची के मेडिका अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वहीं, न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव के निधन पर सीएम हेमंत सोरेन शोक जताया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट किया, माननीय झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस कैलाश प्रसाद देव जी के निधन का दुखद समाचार मिला। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। वहीं, न्यायमूर्ति कैलाश प्रसाद देव के आकस्मिक निधन पर अधिवक्ता, धीरज कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि, न्यायमूर्ति कैलाश प्रसाद देव हम अधिवक्ताओं के बीच से न्यायमूर्ति के पद पर चयनित हुए थे।

### सांसद रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा में बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में अपने सांसद रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर पार्टी ने दिल्ली से लोकसभा के अपने सांसद रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। गुरुवार को चंद्रयान-3 की सफलता और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियां को लेकर लोकसभा में देर रात तक चली चर्चा के दौरान बोलते हुए भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया। विपक्षी दलों के हंगामा करने के बाद पीठासीन सभापति ने बिधूड़ी के आपत्तिजनक शब्दों को सदन की कार्यवाही से निकाल दिया।

### कांग्रेस की सरकार आने पर होगी जाति जनगणना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार को अन्य पिछड़ा वर्ग-ओबीसी विरोधी करार देते हुए आज कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार आती है तो जाति आधारित जनगणना कराई जाएगी और जिसकी जितनी बड़ी आबादी होगी सरकार में उसकी उसकी उतनी ज्यादा हिस्सेदारी तय करेगी। श्री गांधी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें यह जानकर के हैरानी हुई कि केंद्र सरकार में जो 90 प्रभावशाली सचिव हैं उनमें ओबीसी के सिर्फ तीन है। उन्होंने इसे ओबीसी के साथ अन्याय बताया और कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर इस वर्ग को न्याय दिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में जहां भी कांग्रेस की सरकार बन रही है वहां किसी वर्ग के साथ अन्याय नहीं हो रहा है।

# बहुमत की सरकार से पास हुआ महिला आरक्षण बिल

**पीएम ने महिला मोर्चा के अभिनंदन कार्यक्रम को किया संबोधित**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम को उभरते भारत की लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का प्रतीक करार दिया है और चेताया है कि देश को आगे ले जाने के लिए ऐसे निर्णायक कानून बनाने में सक्षम पूर्ण बहुमत वाली मजबूत सरकार बहुत आवश्यक है। श्री मोदी ने शुक्रवार सुबह भाजपा मुख्यालय में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यी बात कही। श्री मोदी के सुबह भाजपा मुख्यालय में पहुंचने पर बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने श्री मोदी का फूल बरसा कर भव्य स्वागत किया।

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनती श्रीनिवासन ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। पार्टी मुख्यालय में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सभी महिला मंत्री और पार्टी की सभी महिला सांसद भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं ने श्री मोदी को एक बड़ी सी माला पहना कर उनका अभिनंदन किया। मंच पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी भी मौजूद थीं। प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम में उपस्थित महिला वृंद को संबोधित करते महिला आरक्षण विधेयक के सर्वसम्मति से पारित होने को एक ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह देश के लिए एक विशेष क्षण, भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष दिन है। उन्होंने कहा, मैं आज देश की हर माता को, बहन को, बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आने वाली अनेकों पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिवस की चर्चा होगी। मैं पूरे देश को नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद के दोनों सदनों में भारी बहुमत से पारित होने की बहुत बहुत बधाई देता हूं। श्री मोदी ने कहा, कभी-कभी किसी निर्णय में देश के भाग्य को बदलने की क्षमता होती है। आज हम सभी ऐसे ही एक निर्णय के साक्षी बने हैं। संसद के दोनों सदनों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम% रिकॉर्ड मतों से पारित किया जा चुका है। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था, वो सपना अब सच हुआ है। आज हर नारी का आत्मविश्वास आसमान छू रहा है। पूरे देश की माताएं, बहनें और बेटियां आज खुशी मना रही हैं, हम सबको आशीर्वाद दे रही हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷कोटि-कोटि माताओं, बहनों के सपने को पूरा करने का सौभाग्य हमारी भाजपा सरकार को मिला है। इसलिए राष्ट्र को सर्वप्रथम मानने वाली पार्टी के रूप में, भाजपा कार्यकर्ता के रूप में, एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में ये हमारे लिए गर्व का विषय है।÷ श्री मोदी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई सामान्य कानून नहीं है। ये नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है।



## पीएम गुजरात को देंगे कई परियोजनाओं की सौगात

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिक्षा क्षेत्र से संबंधित 4,500 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं की शुरुआत करने के लिए 27 सितंबर को गुजरात का दौरा करेंगे और आदिवासी बहुल छोटा उदयपुर जिले के बोदेली शहर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा सचिव विनोद राव ने कहा कि बोदेली में एक सभा को संबोधित करने से पहले, प्रधानमंत्री राज्य सरकार की 'मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' पहल के तहत विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री ने गांधीनगर जिले के अडालज शहर में पिछले साल अक्टूबर में गुजरात सरकार के 'मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' पहल की शुरुआत की थी। मोदी ने नई कक्षाओं, स्मार्ट कक्षाओं, कंप्यूटर प्रयोगशालाओं की स्थापना और शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से इस मिशन की शुरुआत की थी। राव ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत, प्रधानमंत्री 27 सितंबर को बोदेली में 4,500 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में राज्यभर में बनने वाली नई कक्षाएं क्लासरूम, स्मार्ट कक्षाएं और कंप्यूटर प्रयोगशालाएं शामिल हैं।''

## वाराणसी को आज मिलेगा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने संसदीय क्षेत्र में शिक्षा के मंदिर अटल आवासीय विद्यालय और शिवालय रूपी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी पहुंचकर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे और गंजारी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के साथ ही जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस मौके पर क्रिकेट के नामचीन खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे। पीएम वाराणसी में कुल 1565 करोड़ की सौगात देंगे। मोदी रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर में सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में कलाकारों की प्रस्तुति देखकर उनको सम्मानित भी करेंगे और सांसद प्रतियोगिता काशी 2023 का पोर्टल लांच करेंगे।

# एनडीए में शामिल हुई जेडीएस

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की पार्टी जनता दल सेक्युलर ने बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने का ऐलान किया है। शुक्रवार (22 सितंबर) को गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर जेडीएस के नेता एचडी कुमारस्वामी ने मुलाकात की। इस दौरान बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे।

सूत्रों ने बताया कि तीनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव को देखते हुए कर्नाटक की सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा हुई। मीटिंग के बाद बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जेडीएस राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हो गई है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, कर्नाटक के पूर्व सीएम और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी से गृह मंत्री अमित शाह की मौजदूगी में मुलाकात की। मुझे खुशी है कि जेडीएस ने एनडीए में शामिल होने का फैसला लिया। नड्डा ने आगे कहा कि हम एनडीए में उनका तहे दिल से स्वागत करते हैं। यह एनडीए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण नए इंडिया, मजबूत भारत को और मजबूत करेगा।

### लोस चुनाव के मद्देनजर गठबंधन माना जा रहा अहम

इस समय कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। इसी साल मई में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 135 सीटों पर जीत मिली थी। वहीं बीजेपी को सत्ता से हाथ धोना पड़ा था। बीजेपी को 66 और जेडीएस को 19 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। ऐसे में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह गठबंधन अहम माना जा रहा है। बीजेपी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक में 25 सीट जीती थी, जबकि उसके समर्थन वाली निर्दलीय (मांड्या से सुमलता अंबरीश) ने एक सीट पर जीत हासिल की थी।

## लैंड फॉर जॉब में लालू राबड़ी समेत 17 को समन

**पटना।** लैंड फॉर जॉब स्कैम में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू यादव, राबड़ी देवी समेत 17 आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 4 अक्टूबर को पेश होने के लिए कहा है। इस मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी ने कहा कि यह यह ना कोई पहला मामला ना आखिरी मामला है, यह सब चलता रहेगा। बता दें कि रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाले में सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को भी आरोपी बनाया है। गुरुवार को दिल्ली कोर्ट में सुनवाई हुई थी। इस दौरान सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि जांच एजेंसी को तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ केस चलाने की इजाजत मिल गई है, जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई के लिए आज (22 सितंबर) की तारीख तय की थी।

# आतंकियों की मदद करने वाला डीएसपी गिरफ्तार

**शेख आदिल मुश्ताक पर आतंक के आरोपी से रिश्तों का आरोप**

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पुलिस और सुरक्षा बल आतंकियों के सफाये में जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ एक खुलासे ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। दरअसल जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी शेख आदिल मुश्ताक को आतंकवाद के एक आरोपी से रिश्तों का आरोप लगा है।

आरोप है कि मुश्ताक ने आतंकवाद के आरोपी की गिरफ्तारी से बचने में मदद की थी। इस मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी को ही फंसाने की कोशिश की थी। गुरुवार को शेख आदिल के घर जब पुलिस पहुंची तो वह कूदकर भागने लगे, लेकिन उन्हें दबोच लिया गया। वहीं हाल ही में अनंतनाग में एक सप्ताह तक मुठभेड़ चली थी और उसमें कई जांबाज अफसर शहीद हो गए थे। गिरफ्तारी के बाद शेख आदिल को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां उसे 6 दिन की हिरासत में रखने का आदेश दिया गया। सूत्रों का कहना है कि आतंकवाद के आरोपी के फोन की जांच से यह पता चला कि शेख आदिल मुश्ताक लगातार उसके संपर्क में बने हुए थे। आतंकी को जुलाई में गिरफ्तार किया गया था और फिर लंबी जांच के बाद सनसनीखेज खुलासा हुआ। एक सीनियर पुलिस अधिकारी का इस तरह आतंकवादी से ताल्लुक रखना और मदद करना हैरान करने वाला है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि डीएसपी के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## ओबीसी, एसटी को आरक्षण न देना सामाजिक न्याय को नकारने के बराबर

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने महिला आरक्षण बिल का दोनों सदनों से पास होने पर स्वागत किया है। ओबीसी और एसटी समाज की महिलाओं को अलग-अलग आरक्षण ना देना, सामाजिक न्याय की मान्यता को नकारना है। मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के माध्यम से लिखा कि महिला आरक्षण बिल संसद के दोनों सदनों से पारित हो जाने का स्वागत, किन्तु देश इसका भरपूर व जोरदार स्वागत करता अगर उनकी अपेक्षाओं के मुताबिक यह अविलम्ब लागू हो जाता। अब तक लगभग 27 वर्षों की लम्बी प्रतीक्षा के बाद अनिश्चितता का अब आगे और लम्बा इंतजार करना कितना न्यायसंगत? वैसे देश की आबादी के बहुसंख्यक ओबीसी समाज की महिलाओं को आरक्षण में शामिल नहीं करना बहुजन समाज के उस बड़े वर्ग को न्याय से वंचित रखना है।

# महिला आरक्षी पर हुए जानलेवा हमले के आरोपी का एनकाउंटर

**मुठभेड़ में आरोपी के दो साथियों के साथ पुलिस कर्मी भी घायल**

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** रामनगरी में बीते सावन मेले के दौरान सरयू एक्सप्रेस में महिला मुख्य आरक्षी के साथ हुई जानलेवा हमले की वारदात मामले में गुरुवार को अचानक बाद अपडेट आया। इस मामले के आरोपियों के साथ गुरुवार की देर रात पुलिस व एसटीएफ के संयुक्त टीम की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी की मौत हो गई जबकि उसके दो साथियों के साथ पुलिसकर्मी भी घायल हो गए।

घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है लेकिन हैरत की बात यह रही कि पूरे दिन के गहमागहमी भरे घटनाक्रम के बाद भी खबर लिखे जाने तक पुलिस कर्मियों के छोटे छोटे सराहनीय कार्यों को प्रमुखता से साझा करने वाली अयोध्या पुलिस की मीडिया सेल के पास बताने के लिए कोई सूचना नहीं थी।ज्ञांत हो की बीती 30 अगस्त को सावन मेले के दौरान मेला ड्यूटी के लिए महिला मुख्य आरक्षी सुमित्रा पटेल अयोध्या आ रही थी।प्रयागराज जिले की मूल निवासी तथा सुल्तानपुर जिले के नगर कोतवाली में तैनात ये महिला मुख्य आरक्षी सरयू एक्सप्रेस की तीसरी बोगी में सीट के नीचे अर्धनग्न और अर्ध बेहोशी की हालत में मिली थी।सूचना वायरल होने के बाद अयोध्या पुलिस व जीआरपी के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली थी और घटना की छानबीन भी शुरू कर दी गई थी।

## दिल्ली-एनसीआर में सभी पटाखों पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रदूषण के स्तर के मद्देनजर शुक्रवार को राजधानी में कम प्रदूषण वाले पटाखों (ग्रीन पटाखे) सहित सभी पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया।न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में फायरक्रैकर एसोसिएशन द्वारा दायर आवेदन को खारिज करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों के निर्माण और उपयोग की अनुमति नहीं दे सकती। शीर्ष अदालत ने राजधानी में पटाखे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने में दिल्ली पुलिस की विफलता पर भी सवाल उठाया था। एसोसिएशन ने अपनी याचिका में ग्रीन पटाखों में बेहतर बदलाव के साथ बेरियम नामक रसायन को शामिल कर पटाखे की अनुमति देने की गुहार लगाई थी। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन राज्यों में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में 40 पर केस

**अपात्रों को आवास देने में पहले स्थान पर है प्रदेश में बहराइच**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले में प्रधानमंत्री आवास पत्र को बांट दिया गया था। इसका खुलासा लखनऊ से हुई जांच में हुआ। जिस पर पत्रों से 4×9 करोड़ रुपए की वसूली हुई साथ ही जिले के विभिन्न थानों में 40 अपात्र लाभार्थी के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया है। सभी केस क्षेत्रीय अधिकारियों ने दर्ज कराया है।

बहराइच अपात्र लाभार्थियों को आवास देने में पहले स्थान पर है। इसका खुलासा लखनऊ में हुई जांच के द्वारा हुआ है। वर्ष 2017 से 2022-2× तक 816 ऐसे अपात्र लाभार्थी हैं। जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लिया है। इनमें आधे से अधिक लोगों ने आवास का निर्माण भी करवा लिया है। इसका खुलासा होने पर जिले के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।



परियोजना निदेशक राजकुमार ने बताया कि सभी अपात्र लाभार्थियों से 4.×9 करोड़ रुपए की वसूली हो गई है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है जो भी अपात्र हैं उनके विरुद्ध अलग-अलग थानों में क्षेत्रीय अधिकारियों ने 40 मामले में केस दर्ज कराया है। डीएम ने बताया कि ऐसे मामले की दोबारा पुनरावृत्त न हो, इसके लिए परियोजना निदेशक को जि मेदारी दी गई है। मालूम हो कि ऑनलाइन आवेदन और स्वीकृति के बाद हुए जांच में घोटाला का खुलासा हुआ है। अगर ऑनलाइन आवास आवंटन न किया गया होता तो शायद पता भी न चलता।

### सभी ब्लॉक में बांटे गए प्रधानमंत्री आवास

जिले के 14 विकास खंड में ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारियों की मिलीभगत से अपात्रों को जमकर आवास बांटा गया है। ऐसा कोई विकास खंड जिले का नहीं है, जिस ब्लॉक में किसी अपात्र लाभार्थी को प्रधानमंत्री आवास न दिया गया हो।

# एशियाई खेलों में खिलाड़ियों से भेदभाव पर भारत नाराज

**खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रद की अपनी चीन यात्रा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन द्वारा उसके कुछ खिलाड़ियों को 19वें एशियाई खेलों में प्रवेश से वंचित करने पर आपत्ति व्यक्त की केंद्रीय खेल व युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर की चीन यात्रा को रद्द कर दी गई है।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने आज यहां कुछ भारतीय खिलाड़ियों को 19वें एशियाई खेलों में प्रवेश से वंचित किए जाने पर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा भारत सरकार को पता चला है कि चीन के अधिकारियों ने निशाना बनाते हुए और पूर्व-निर्धारित तरीके से अरुणाचल प्रदेश के कुछ भारतीय खिलाड़ियों को चीन के हांगझू में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में मान्यता और प्रवेश से वंचित करके उनके साथ भेदभाव किया है। श्री बागची ने कहा, हमारी लंबे समय से चली आ रही और सुसंगत स्थिति के अनुरूप, भारत, दृढ़ता से भारतीय नागरिकों के साथ उनके निवास स्थान एवं जातीयता के आधार पर भेदभावपूर्ण व्यवहार को अस्वीकार करता है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है और रहेगा। भारत सरकार ने चीन द्वारा हमारे कुछ खिलाड़ियों को जानबूझकर और निशाना बनाने को लेकर चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

**फैसला** | सुप्रीम कोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर सर्वेक्षण की याचिका खारिज करते हुए कहा

# वैज्ञानिक सर्वे पर फैसला ले इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर अब तक 10 केस हुए दायर**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने इस मुद्दे पर फैसला करने का अधिकार इलाहाबाद उच्च न्यायालय पर छोड़ दिया गया। हाई कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई कर रहा है।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि हमें लगता है कि हमें अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है, खासकर अंतरिम में क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष बड़े पैमाने पर कई मुद्दे लंबित हैं।



हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर लगभग 10 मुकदमे दायर किए गए हैं। 26 मई को हाई कोर्ट ने सभी मुकदमों की सुनवाई एक साथ करने का निर्देश दिया था। यह आदेश देवता की ओर से अगली मित्र (कानूनी प्रतिनिधि को इंगित करने वाला शब्द) रंजना अग्निहोत्री, एक वकील के माध्यम से दायर याचिका पर आया। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट ने सर्वेक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट कोर्ट में याचिका दायर की।

## ईवीएम सोर्स कोड ऑडिट की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में इस्तेमाल किए गए सोर्स कोड के ऑडिट की मांग वाली एक जनहित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनील अह्या की याचिका खारिज करते हुए कहा कि सॉफ्टवेयर के स्रोत कोड को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, क्योंकि इससे ईवीएम के हैक (ईवीएम के किसी अन्य के नियंत्रण में हो जाने) होने का खतरा बढ़ जाएगा। इस अदालत के समक्ष यह संकेत देने के लिए कोई तथ्य नहीं है कि चुनाव आयोग अपने आदेश को पूरा करने के लिए उचित कदम नहीं उठा रहा है। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह सिर्फ ईवीएम के सोर्स कोड के ऑडिट से संबंधित याचिका है। पीठ ने याचिकाकर्ता से सवाल पूछा कि इस पर संदेह करने के लिए क्या तथ्य है? इस पर सुनील ने कहा कि चुनाव आयोग ने किसी विशेष मानक का पालन नहीं किया है। उसने किसी भी मानक का खुलासा नहीं किया है।

समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शनिवार, 23 सितम्बर, 2023



**मुख्य सचिव ने सेकेण्ड सस्टेनेबल अर्बन इनोवेशन कॉन्क्लेव को किया सम्बोधित**

# स्मार्ट शहरों के निर्माण से बड़े पैमाने पर हुआ विकास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने होटल ताज में आयोजित सेकेण्ड सस्टेनेबल अर्बन इनोवेशन कॉन्क्लेव यूपी एडिशन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि लोग अक्सर स्थिरता को केवल प्रौद्योगिकी समझ लेते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। आर्थिक पर्यावरणीय और सामाजिक स्थिरता सबसे महत्वपूर्ण है इसलिये सरकार द्वारा शहरों के समग्र सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है और अधिक से अधिक लोग उन्नत जीवनशैली के लिए शहरी क्षेत्रों में स्थानांतरित हो रहे हैं। यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि लोगों को टिकाऊ जीवन सुनिश्चित करने के लिए पानी आवासए शिक्षा और ऊर्जा जैसी बुनियादी सुविधाएं मिले। अतीत में पानी कभी भी शहरी नियोजन का हिस्सा नहीं रहा है चीजें बदलनी शुरू हो गई हैं। टेक्नोलॉजी के माध्यम से जल प्रबंधन की चुनौतियों का आसानी से सामना कर सतत विकास की प्रक्रिया को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के तेजी से विकास और ग्रामीण क्षेत्रों से बढ़ी आबादी के स्थानांतरण के साथ एक का योगदान दूसरे के बिना पूरा नहीं हो सकता। 2022 में भारत की शहरी आबादी 50 करोड़ पार कर चुकी है अनुमान के मुताबिक 2031 तक यह संख्या 60 करोड़ तक पहुंच जाएगी और 2051 में यह आबादी 88 करोड़ क्रास कर जायेगी हम प्रमुख रूप से शहरी आबादी वाला देश बन जाएंगे। शहरी केंद्र आर्थिक विकास को गति दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के उत्पादन का शहरी क्षेत्रों में मूल्यवर्धन हो जाता है इसलिए दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट शहरों के निर्माण से बड़े पैमाने पर विकास हुआ है जो संसाधनों की बर्बादी के बिना टिकाऊ जीवन की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने अपने स्मार्ट सिटी विजन के साथ हमारा मार्गदर्शन किया। इसके जरिए भारत में शहरीकरण की चुनौतियों का सामना किया जा रहा है। मंत्र रहा है. कम से अधिक प्राप्त करना। उत्तर प्रदेश में 50 से अधिक नदियों व तालाबों को जन.आंदोलन बनाकर पुनर्जीवित किया गया।

चिकित्सा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के सचिव रंजन कुमार ने कहा कि जनसंख्या का प्रवाह स्वास्थ्य जोखिम, परिवहन मुद्दे और प्रदूषण जैसे कई मुद्दों के साथ आता है। वायु प्रदूषण, परिवहन समस्याओं आदि का प्रबंधन शहरी स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक चुनौती है। हमें शहरों में हरित स्थान सुनिश्चित करना होगा।

हमें अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों की मदद से बुनियादी ढांचे को और अधिक टिकाऊ बनाने की आवश्यकता है। इन सबके बीच हमें जीवन के बारे में भी सोचना होगा। विशेष सचिव शहरी विकास एवं जल निगम के संयुक्त प्रबंध निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि पानी राज्य में हमारी समग्र शहरी विकास योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

60 शहरों में 24X7 नल जल आपूर्ति योजना लागू की जाएगी जो सरकार और नागरिकों दोनों के लिए एक पूरी तरह से अलग अनुभव सुनिश्चित करेगी। यह जल आपूर्ति प्रणाली टिकाऊ है क्योंकि यह नए युग की प्रौद्योगिकियों पर आधारित है।

# राजधानी पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत, पदाधिकारियों से करेंगे चर्चा

▸ 26 जिलों की कार्यकारिणी की बैठक में लेंगे भाग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी में शुक्रवार को तीन दिवसीय दौरे पर संघ प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे। वह संघ कार्यालय भारती भवन और निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संघ के अवध प्रांत की कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होंगे।

भागवत 24 सितंबर तक संघ के अवध प्रांत की कार्यकारिणी, अवध प्रांत के सात विभागों और संघ दृष्टि से 26 जिलों की कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेंगे। भागवत अवध में संघ के विस्तार, राष्ट्रवाद के मुद्दों को धार और हिंदुत्व के मुद्दों पर मंथन करेंगे। लोकसभा चुनाव से पहले मोहन भागवत के इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अवध प्रांत में 13 प्रशासनिक जिले, 26 संघ जिले, 174 खंड, 1819 मंडल हैं। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में 1765 और शहरी क्षेत्रों में 442 से अधिक शाखाएं संचालित हैं। शाखा के अतिरिक्त साप्ताहिक मिलन और मासिक मंडली के रूप में संघ का कार्य लगभग सभी न्याय पंचायतों तक पहुंच गया है।

अवध प्रांत में संघ के कामकाज की समीक्षा के साथ ही संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारी के मद्देनजर अवध प्रांत के प्रचारकों व पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। मोहन भागवत अपने दौरे के दरमियान सीएम योगी, दोनों डिप्टी सीएम और यूपी भाजपा के बड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा भी कर सकते हैं। चुनावी मुद्दों पर भी चर्चाएं की जाएगी।

## 14 मेडिकल कॉलेजो के उपकरण खरीद के भुगतान पर लगी रोक

**लखनऊ।** पीपीपी मॉडल पर बनने वाले 14 मेडिकल कॉलेज में उपकरण और फर्नीचर की खरीद मामले में भुगतान पर रोक लगा दी गई है। इन मेडिकल कॉलेजो के प्राचार्य को पत्र जारी किया गया है। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार द्वारा हाइट्स नाम की एजेंसी को खरीद के लिए नामित किया गया था। इस मामले में सामने आया था कि बिना कैबिनेट अप्रूवल 462 करोड़ का ठेका दिया जा रहा था। सभी नए बनने वाले मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को पत्र जारी किया गया है।50 प्रतिशत एडवांस भुगतान पर उच्च स्तरीय जांच के कारण रोक लगा दी गई डीजी मेडिकल एजूकेशन किंजल सिंह ने इस संबंध में आदेश किया है। आदेश में उन्होंने कहा है कि 14 मेडिकल कॉलेजों के प्रथम एलओपी और फेज-2 के 9 मेडिकल कालेजों के द्वितीय एलओपी के लिए उपकरणों और फर्नीचर खरीद एवं आपूर्ति के लिए भारत सरकार की संस्था हाईट्स के माध्यम से किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# आर्किड्स स्कूल ने साहित्य महोत्सव का किया आयोजन



**गुरूग्राम, लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

शैक्षणिक उत्कृष्टता और छात्रों में रचनात्मक विकास के लिए आर्किड्स द इंटरनैशनल स्कूल ने आज अपने बहुप्रतीक्षित साहित्य महोत्सव का शुभारम्भ किया। महोत्सव का मूल उद्देश्य रचनात्मकता भाषा और कल्पना शक्ति नई खोज और कलात्मक अभिव्यक्तियों को बढ़ावा देना है। स्टूडेंट्स को अपनी रचनात्मकता को उन्मुक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जिसे वे जैसा चाहें लिखित शब्दों मौखिक शब्दों या साहित्यिक कला के किसी दूसरे रूप में प्रदर्शित कर सकते हैं। यह महोत्सव अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत और फ्रांसिसी सहित विभिन्न भाषाओं में प्रतियोगिताओं के द्वारा भाषाई विविधता की शक्ति को प्रकट करता है। यह महोत्सव स्टूडेंट्स को अंतर विद्यालय लेखन प्रतियोगिता में गुरुग्राम के प्रमुख स्कूलों के मित्र स्टूडेंट्स के साथ संपर्क और संवाद का अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा।इस आयोजन में सम्मानित लेखिका तनु सिंह ने अपनी उपस्थिति से युवा प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

# आने वाला युग एडीआर काः प्रोफेसर डॉ बंशीधर सिंह

▸ लविवि के विधि संकाय में हुआ प्रथम वर्ष के छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




लविवि के विधि संकाय में एडीआर ड्राफ्टिंग एवं लिटरेटी सोसाइटी के द्वारा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम अयोजित किया गया। कार्यक्रम को अधिष्ठाता विधि संकाय प्रोफ़ेसर ;डॉ बंशीधर सिंह, सोसाइटी के टीचर कोऑर्डिनेटर प्रोफ़ेसर ;डॉ हरीश चंद्र राम, अपर कुलानुशासक द्वितीय परिसर प्रोफ़ेसर ;डॉ मोहम्मद अहमद, योग संकाय के अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर, डॉ एके सोनकर एडीएसडब्ल्यू डॉ. अभिषेक तिवारी ने संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रोफ़ेसर ;डॉ बंशीधर सिंह ने कहा कि सफल होने के लिए कोचिंग नहीं क्लास को माध्यम बनाएं विधि संकाय में योग्य शिक्षकों की पर्याप्त संख्या है जिनसे विधि के प्रत्येक आयाम में सब कुछ सीखा जा सकता है अतः प्रयास करें कि अपने विधि पाठ्यक्रम की पढ़ाई इस प्रकार करें कि बाद में कोचिंग की आवश्यकता न पड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य वक्ताओं ने विधि के छात्रों को ड्राफ्टिंग की कला सीखने के लिए प्रोत्साहित किया उनके अनुसार ड्राफ्टिंग के बिना विधि का अध्ययन अधूरा है। स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने संकाय की उपलब्धियां के विषय में बताते हुए संकाय के यूट्यूब चैनल एवं ट्विटर हैंडल की चर्चा की एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रोफ़ेसर डॉ मोहम्मद अहमद ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका सबसे पुरानी न्यायिक प्रणाली में से एक है जो विश्व प्रसिद्ध तथ्य है लेकिन आजकल यह भी सर्वविदित तथ्य है कि लंबित मामलों से निपटने के लिए भारतीय न्यायपालिका अक्षम होती जा रही है भारतीय अदालतों में लंबे समय से अनसुलझे मामले हैं। परिदृश्य यह है कि पहले से ही लाखों मामलों का निपटारा करने वाले तमाम फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने के बाद भी समस्या दूर होने में अभी समय है क्योंकि लंबित मामले अभी भी लंबित ही हैं एडीएलएस योग्य मध्यस्थ तैयार करेगी।

## वीरेन्द्र चौथी बार अध्यक्ष और ओमप्रकाश दूसरी बार महामंत्री निर्वाचित

**लखनऊ।** मिनिस्टीरियल एसो., कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लोनिवि, उ.प्र. के द्विवार्षिकचुनाव मतपत्र के माध्यम से मुख्यालय के संघ भवन कार्यालय में पुलिस सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुए। मतगणना उपरान्त चुनाव अधिकारी द्वारा घोषित परिणामों में अध्यक्ष पद पर वीरेन्द्र कुमार चौथी बार और महामंत्री पद पर ओम प्रकाश पटेल दूसरी बार भारी मतों से विजयी हुए। मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लो.नि.वि, उ.प्र. के द्विवार्षिकचुनाव जीवानन्द, मुख्य चुनाव अधिकारी, पंकज दीक्षित, सहायक चुनाव अधिकारी एव पंकज श्रीवास्तव, सहायक चुनाव अधिकारी की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। मतदान के बाद हुई मतगणना में अध्यक्ष पद पर बीरेन्द्र कुमार, सांस्कृतिक मंत्री पद पर नितेश सिंह (निर्विरोध) एवं कोषाध्यक्ष पद पर अजय शंकर पचौरी विजयी घोषित हुये।

# 165 मरीजों पर डेंगू का कहर संक्रमितों का आंकड़ा 5200 के पार

**अस्पतालों के डेंगू वार्ड फुल होने के कगार पर**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में डेंगू कहर बरपा रहा हैं। 24 घंटे में डेंगू के कुल 165 नए संक्रमित सामने आए हैं। सबसे ज्यादा रामपुर में 28, मुजफ्फरनगर में 18 और मेरठ में 15 मरीजों की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही डेंगू के मरीजों की संख्या 5 हजार के पार पहुंच गई है। इस बीच भर्ती मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ी हैं।

अस्पतालों के डेंगू वार्ड भी फुल होने के कगार पर हैं। सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी अस्पतालों में भी डेंगू मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ हैं।

लगातार डेंगू की चपेट में आये लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा हैं। लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में रोजाना बड़ी संख्या में नए संक्रमित सामने आ रहे हैं। राजधानी लखनऊ में रोजाना बड़ी संख्या में पॉजिटिव मरीज सामने आ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में रोजाना गंभीर हालत में मरीज भर्ती भी हो रहे हैं। बुखार और बदन दर्द के लक्षण के साथ भर्ती होने वाले मरीजों में प्लेटलेट की कमी देखी जा रही हैं।

लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल के निदेशक डॉ. नीलांबर श्रीवास्तव ने बताया कि 24 घंटे में 154 सैंपल की जांच की गई थी इनमें से 11 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अस्पताल के 10 बेड के डेंगू वार्ड में फिलहाल 6 मरीज भर्ती हैं। हालांकि इनमें से किसी की भी हालात ज्यादा गंभीर नहीं जरूरत पड़ने पर डेंगू वार्ड में बेड की संख्या का इजाफा किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड अभिनव सेवा की शुरू

**मुंबई।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड यूएसएफबीएल या बैंक ने आज एक अभिनव सेवा शुरू करने की घोषणा की जो कैश विड्रॉल के अनुभवों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक केंद्रित प्रौद्योगिकी संचालित और ग्राहक उन्मुख सेवाओं की पेशकश करने के लिए समर्पित है जो एक विश्वसनीय स्केलेबल और टिकाऊ संस्थान की ओर ले जाता है जो सामाजिक आर्थिक परिवर्तन लाता है। इस अवसर पर उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक श्री गोविंद सिंह ने कहा यह एक उल्लेखनीय संशोधन है जो किसी भी कार्ड की आवश्यकता के बिना मोबाइल फोन पर यूपीआई ऐप का उपयोग करने से एटीएम तक पहुंचने में स्थानांतरित हो रहा है। यह अगली पीढ़ी के बैंकिंग समाधानों का प्रतीक है जो हमारे महत्वपूर्ण उपभोक्ताओं को अत्यधिक सुविधा प्रदान करता है।

### चबूतरे की शिकायत लेकर पीड़ित पहुंचा सीएम आवास

**लखनऊ।** लखनऊ में सीएम आवास पर फतेहपुर जिले का रहने वाला पीड़ित पहुंचा। पीड़ित का कहना है कि गांव के दबंग अपराधी व्यक्ति ने मेरे घर के सामने जबरन चबूतरा बना लिया। जब मैंने इसका विरोध किया तो उसने मेरे साथ मारपीट की। यहां तक मेरे बुजुर्ग पिता को भी मारा-पीटा। पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने कहा कि अगले सप्ताह इस पूरे मामले में दोनों लोगों को बुलाकर कार्रवाई की जाएगी। दबंग की शिकायत करने पर मुझे और मेरे परिवार को पीटा गया कि मुझे गांव छोड़कर दूसरे जिले में जाकर रहना पड़ रहा है।

### खुलासा करने वाली पुलिस टीम को मिलेगा पुरस्कार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने अयोध्या में एक ट्रेन में महिला आरक्षी (कांस्टेबल) पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी को एक मुठभेड़ में मार गिराया जबकि दो अन्य आरोपी घायल हो गए। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा,सरयू एक्सप्रेस में महिला आरक्षी पर हमले की घटना का मुख्य आरोपी अनीश खान आज अयोध्या के पूरा कलंदर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हो गया और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बाद में उसने दम तोड़ दिया। वह हैदरगंज थाना क्षेत्र के दसलावन का रहने वाला था। कुमार ने कहा,उसके दो अन्य साथी आजाद और विशंभर दयाल दुबे भी घायल हो गए तथा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि अयोध्या की घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एक लाख रुपए पुरस्कार मिलेगा। उन्होंने बताया कि थाना पूराकलंदर के छतरिवा पारा कैल मार्ग पर मुठभेड़ में सरयू एक्सप्रेस में महिला मुख्य आरक्षी पर हमले के मामले में पुलिस ने एक अपराधी अनीस को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया।

### तीन निर्माणाधीन कार्यों के लिए 17 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा आरआईडीएफ योजनान्तर्गत विभिन्न जनपदों केग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख अन्य जिला मार्ग के चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण के 03 चालू कार्यों हेतु 17 करोड़ 72 लाख 37 हजार रूपये की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। 03 कार्यों में मुजफ्फरनगर में दिल्ली नीतिपास मार्ग से खतौली प्रभाग खतौली कडली फलावदा मार्ग पर सुदृढ़ीकरण चौड़ीकरण के कार्य हेतु 08 करोड़, फतेहपुर में शिवराजपुर बिन्दकी ललौली मार्ग के किमी-7 से 26(880) तक सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 05 करोड़ 96 लाख 79 हजार तथा सीतापुर में चन्द्रा पिसावां मार्ग ओडीआर के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य हेतु 03 करोड़ 75 लाख 58 हजार कुल 17 करोड़ 72 लाख 37 हजार की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। आरआईडीएफ योजनान्तर्गत निर्माणाधीन मार्गों की गुणवत्ता एवं निर्माण निर्धारित समायान्तर्गत पूर्ण कराते हुये, आवंटित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय एवं वास्तविक भौतिक प्रगति तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र के साथ ही निर्माणाधीन मार्गों के फोटोग्राफ भी शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# मधुमक्खी पालन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

▸ शहद की ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं प्रमाणीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 21 से 22 सितम्बर, 2023 को कृषि विज्ञान केंद्र, लखनऊ एवं लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ द्वारा किया गया। संगोष्ठी में सीतापुर, लखनऊ, बस्ती, हरदोई, देवरिया, सिद्धार्थनगर, कानपुर तथा उन्नाव जिलों से आए 450 मधु मक्खीपालक महिला,पुरुष किसानो, उद्यमियो ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. शान्तनु कुमार दुबे, निदेशक, भा,अनुप, अटारी, कानपुर नें दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि महोदय ने फारमर्स प्रोडूसर्स आरगेनाइजेशन (एफपी.ओ.), की आवश्यकता एवं गठन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि हमारे देश एवं प्रदेश में घटती हुई जोत के कारण उन्नत कृषि तकनीकी एवं मशीनों का प्रयोग कम हो पा रहा है तथा किसानों के समूह में न होने के कारण खेती मे उत्पादन से लेकर बिक्री तक बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एफपी.ओ. के गठन से किसानों की जोखिम लेने की शक्ति बढ़ेगी, जिससे वे मधुमक्खी पालन व अन्य कृषि आधारित व्यावसाय से अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकेंगे तथा उत्पाद को अच्छे दामों पर बाजार में बेच पायेंगे जिससे उनक्की आमदनी बढ़ेगी। उन्होने शहद की ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं प्रमाणीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में विशिष्ट अतिथियों, डॉ. धन्नजय एम. बाखले, जेली आधारित कॉस्मेटिक्स जेली उत्पाद, प्रोपोलिस संग्रह, भंडारण और भोजन और इसके औषधीय और कोस्मेटिक्स तथा अन्य मूल्य वर्धित उत्पाद के उपयोग के बारे मे बिस्तार से किसानों को बताया।

## सीनियर कैडर कोर्स-02 पाठ्यक्रम के समापन पर औपचारिक परेड आयोजित

**लखनऊ।** सीनियर कैडर कोर्स - 02 के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज, लखनऊ में कोर्स समापन पर एक औपचारिक परेड आयोजित की गई। इस दौरान ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में प्रशिक्षित ये सभी 94 गैर-कमीशन अधिकारी अब उच्चतर पद ग्रहण करेंगे। ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर और कॉलेज में इन बहादुर सैनिकों को दिए गए सैन्य प्रशिक्षण ने उनके मनोबल, आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को बढ़ाया है, जिससे वे प्रभावी ढंग से ध्वजवाहक के रूप में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के मूल्यों, लोकाचार के साथ जूनियर नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार हो गए हैं। औपचारिक परेड को पूरी सैन्य परंपराओं के अनुरूप आयोजित किया गया। औपचारिक परेड की समीक्षा मेजर जनरल अमित देवगन, कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक, एएमसी सेंटर एंड कॉलेज द्वारा की गई।

# मन के कारण ही बंधन और मोक्ष को प्राप्त करते है

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



इस संसार में कोई बंधन का कारण है कोई मुक्ति का कारण है,केवल इंद्रियां है केवल इंद्रियां होती तो जो सूर है वो भोगों के स्वाद को कैसे चख पाते,इसलिए इंद्रियां हमे नरक में नही डालती , कीवियो ने कहा है,मन के हारे हार है मन के जीते जीत मन ही मिलावत राम से मन ही करत फजीत।

ये सब मन का बखेड़ा है,मन ठीक है तो सब ठीक है,जब बाल्मिकी जी महाराज तपस्या को स्वीकार कर के आए और नारद जी आश्रम पर पधारे तो प्रश्न कर दिया मन सुधि बिहिनानाम, मन को कैसे सुध किया जाए,क्यों की मैं स्वयं पहले पांच किलो अंगुली काट लेता था तब पानी पिता था ,आज हमारी वही बुद्धि एक क्रौंच पक्षी के जोड़े को देख कर जिसके नर पक्षी को बहेलिए ने मार दिया,और हमारे मुख से निकल गया मां निषाद प्रतिष्ठा त्वां,अरे तू सुख को प्राप्त नही होगा ,तो ये मन सुध करने का उपाय क्या है, नारद कहते है जिसके अंदर ये आचरण है वह सुलझा हुआ है,जितासनो ,जितस्वासो, जितसंगो, जितेंद्रिय ,जीत क्रोध, जीत अहारो,जीत बायव्हारो, व्यवहार भी अच्छा होना चाहिए, ये नही की हम बहुत पढ़े लिखे है, तो दूसरो का जगह जमीन अपने नामे कराले ,ऐसा जो करता है उसे नरक में जाना पड़ता है ,या फिर नाली का कीटाणु बनना पड़ता है,अपने द्वारा किसी को दान किया हो या दूसरे के द्वारा दान किया हो,और कोई उसे हड़पना चाहता है तो उसे नाली का कीटाणु बनना पड़ता है।

## मनरेगा में सामग्री मद के भुगतान के लिए 150 करोड़ आवंटित

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अनुमोदनोंपरान्त मनरेगा योजना के अंतर्गत सामग्री मद के भुगतान हेतु राज्यांश की धनराशि 150 करोड़ रूपये की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गयी है।इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत की गयी धनराशि से सामग्री आदि के क्रय हेतु, सामग्री क्रय सम्बन्धी संगत शासनादेशो में निर्धारित क्रय प्रक्रिया व्यवस्थाओं का अनुसरण करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जारी शासनादेश में सम्बंधित को निर्देशित किया गया है कि धनराशि के आहरण व व्यय के सम्बन्ध में मितव्ययिता सम्बन्धी समय-समय पर निर्गत शासनादेशो एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

**निरीक्षण** | **नीलमथा, हरिहरपुर और तेलीबाग उपकेन्द्र में 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश**

# विद्युतकार्मिक कार्यक्षेत्रों में जाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का करेंगे समाधान

▸ एसडीओ के उपभोक्ताओं से न मिलने की शिकायत पर ऊर्जा मंत्री ने लगाई फटकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने तेलीबाग, नीलमथा व हरिहरपुर क्षेत्र की ओवरलोडिंग एवं लो वोल्टेज की विद्युत समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु न्यू उतरेठिया उपकेन्द्र में 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर शीघ्र लगाने के निर्देश एमडी मध्यांचल को दिया। ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत कार्मिकों को अपने क्षेत्रों में जाकर उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्युत कार्मिक की कार्यशैली एवं उपभोक्ताओं से व्यवहार को लेकर शिकायत पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति मीटरिंग, बिलिंग व राजस्व संग्रह में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के द्वार अभियान चला रहा है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा आज अपराह्न 01:00 बजे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, न्यू उतरेठिया लखनऊ का औचक निरीक्षण किया और विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के द्वार अभियान के तहत उस क्षेत्र के पिपरौली गांव साउथ सिटी पहुंचकर उपभोक्ताओं से मिले और उनकी विद्युत समस्याओं परेशानियों को सुना और शिकायतों के समाधान के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रियदर्शिनी पीआई



कॉलेज के आस-पास के उपभोक्ताओं में दुकानदार विनोद सिंह यादव, वाईपी सिंह, शिवेन्द्र कुमार अवस्थी आदि से मुलाकात कर उनकी विद्युत समस्याएं जानी। उपभोक्ताओं ने बताया कि डेढ़ महीने पहले ट्रांसफार्मर में शिकायत आयी थी लेकिन इस समय यहां पर किसी प्रकार की समस्या नहीं है। मंत्री ने उपभोक्ताओं से अपने विद्युत बिलों का समय से भुगतान करने की भी अपील की। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने उपकेन्द्र में उपस्थित उपभोक्ताओं से भी मुलाकात की। उपभोक्ताओं द्वारा एसडीओ के न मिलने की शिकायत पर ऊर्जा मंत्री ने जमकर फटकार लगायी और कार्य संस्कृति में सुधार के निर्देश दिये। इस दौरान मंत्री ने उपकेन्द्र के लोड पैनल, लागबुक, बिलिंग काउण्टर, शट डाउन के लिए लाल स्टीकर के प्रयोग और ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपकेन्द्र परिसर की साफ-सफाई के सख्त निर्देश दिये। लागबुक की जांच में उन्होंने रात 10:00 बजे लिये गये शटडाउन की जानकारी ली और निर्देश दिये कि रात में शटडाउन लेने से बचें।

उन्होंने अधिशासी अभियंता से उपकेन्द्र द्वारा पोषित फीडरों तथा उपकेन्द्र की अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

एके शर्मा द्वारा उपकेन्द्र से सम्बंधित जानकारी पर अधिशासी अभियंता नादरगंज दुर्गेश कुमार यादव ने बताया कि यह उपकेन्द्र 33 केवी नादरगंज से पोषित हैं और इसमें 10 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। इसके तहत पांच फीडर नीलमथा, तेलीबाग, सैनिक नगर मानक रोड, न्यू सरस्वतीपुरम पोषित हैं। इससे 60 हजार उपभोक्ता को बिजली दी जा रही है। 10 हजार स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं।

### उपभोक्ताओं को फोन कर शिकायतों का लिया फीडबैक



ऊर्जा मंत्री ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं द्वारा की गयी शिकायतों का फीडबैक जानने के लिए 5 उपभोक्ताओं से फोन पर बात की। इसमें अंकित शर्मा, गौरव, अल्का देवी, रोहित कुशवाहा, आशीष कुमार गुप्ता की लो.वोल्टेज, कनेक्शन लेने, बिल रोकने, तार हटाने, ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि जैसी शिकायतों का उन्होंने मौके पर ही समाधान किया तथा पांच उपभोक्ताओं में ओम प्रकाश त्रिपाठी, अंकित कुमार, हरी जी, अभय सिंह, विनीता यादव की विद्युत कनेक्शन, ओवरलोडिंग, बिल अर्जेस्टमेंट, लो.वोल्टेज की समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिये।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शनिवार, 23 सितम्बर, 2023



# महापौर की अध्यक्षता में हुई बैठक

## 50 स्ट्रीट लाइटों को उपलब्ध कराए जाने हेतु अवर अभियंता मार्ग प्रकाश को किया निर्देशित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

शहर में विकास कार्यों की समीक्षा कर उन्हें गति प्रदान करने के उद्देश्य से मा. महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी के द्वारा जोनवार बैठक किये जाने के निर्देश दिए थे। जिस क्रम में शुक्रवा को नगर निगम ज़ोन 05 के कार्यालय में अभियन्त्रण विभाग कर विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग, मार्ग प्रकाश विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। पार्षदों से बारी बारी उनके वार्ड की समस्याओं पर गहन चर्चा कर महापौर द्वारा समस्याओ के निस्तारण, विकास कार्यों में तेज़ी लाने एवं साफ सफाई इत्यादि कार्यों को नियमित रूप से कराये जाने के आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। उक्त बैठक में महापौर



महोदया ने दिनांक 14.07.2023 को ली गयी बैठक में दिये गये निर्देशों की समीक्षा की गई। पूर्व की अपेक्षा आज की बैठक में परिणाम संतोष जनक पाए जाने सभी पार्षदों ने मा. महापौर का धन्यवाद किया एवं विकास कार्यों को गति प्रदान करने व समस्याओं के त्वरित निस्तारण कराये जाने हेतु शुभकामनाएं दी। तदक्रम में समस्त पार्षदगणों द्वारा अपने अपने वार्ड से सम्बन्धित समस्या मुख्यतः साफ-सफाई, मार्ग प्रकाश, जलभराव सड़क / नाली निर्माण एवं अतिक्रमण के सम्बन्ध में महापौर को अवगत कराया गया।

महापौर ने पार्षदों द्वारा इंगित की गई समस्याओं को ससमय निस्तारण किए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त पूर्व में ज़ोन 05 के प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराए जाने के निर्देशों के क्रम में 10-10 कर्मचारियों को उपलब्ध कराया गया। साथ ही 50-50 स्ट्रीट लाइटों को उपलब्ध कराने के क्रम में से शेष बची लाइटों को जल्द से जल्द उपलब्ध कराए जाने हेतु अवर अभियंता मार्ग प्रकाश को निर्देशित किया गया।

उक्त के क्रम में महापौर ने जीआईएस सर्वे में प्राप्त आपत्तियों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित कर अधीक्षक को आपत्तियों के त्वरित निस्तारण कराये जाने के निर्देश भी जारी किए। उक्त बैठक में जोन-5 के समस्त पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त अवनीन्द्र कुमार, उप नगर आयुक्त / जोनल अधिकारी जोन-05 संगीता कुमारी अधिशासी अभियन्ता - सिविल, प्रभारी जोनल सेनेटरी अधिकारी कर अधीक्षक एवं अवर अभियन्ता जलकल अवर अभियन्ता मार्ग प्रकाश एवं अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# ग्राम रोजगार सेवकों को बनाया जायेगा और सक्षमः केशव प्रसाद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

गांवों में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना मनरेगा के कार्यो को कुशलता से संचालित व क्रियान्वित कराने के उद्देश्य से गांवों में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों को और अधिक सक्षम व दक्ष बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व, निर्देशन व प्रबन्धन में ग्राम रोजगार सेवकों के प्रशिक्षण की तैयारी की जा रही है। इस हेतु भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार मसौदा तैयार किया गया है। सरकार द्वारा मनरेगा योजना के कार्यो के सुचारू संचालन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर रखे गये ग्राम रोजगार सेवकों को कार्यों में दक्षता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षित किये जाने के निर्णय को मूर्तरूप देने के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं,जिससे प्रदेश के ग्रामों के विकास को गति मिलेगी तथा ग्राम रोजगार सेवकों को अपने कैरियर को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि ग्राम रोजगार सेवकों को दक्ष बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद एक प्रशिक्षण प्लेटफार्म विकसित कर रहा है। प्रशिक्षण प्लेटफार्म विकसित होने के बाद इसका लिंक शेयर किया जायेगा। जिसके उपरान्त ग्राम रोजगार सेवकों का माह अक्टूबर से पंजीकरण शुरू होगा। पंजीकरण के पश्चात ग्राम रोजगार सेवकों को प्रशिक्षण प्लेटफार्म को लागिन करने के बाद वीडियो एवं पठन सामग्री उपलब्ध होगी। ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा आनलाइन उपलब्ध पठन सामग्री के अध्ययन के उपरान्त 02 माह के भीतर आनलाइन टेस्ट देना होगा। इस टेस्ट को पास करने हेतु 02 माह के अन्दर 04 अवसर दिये जायेंगें। टेस्ट पास करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों को राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद, ग्रेड के अनुसार प्रमाणित करेगा। जिसका भौतिक मूल्यांकन जनपद स्तर पर माह जनवरी 2024 से किया जायेगा।

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना मनरेगा सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण आजीविका के प्राकृतिक संसाधनों को सुदृढ़ और टिकाऊ परिसम्पत्तियों का सृजन करना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे प्रत्येक परिवार को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारन्टीयुक्त रोजगार उपलब्ध कराना है।

# बप्पा के 1008 नामों के साथ भगवान पर चढ़ाई गई दूर्वा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

श्री गणेश प्राकट्य कमेटी के तत्वावधान में झूलेलाल वाटिका निकट हनुमान सेतु के पास चल रहे 18 वें मनौतियों के राजा का गणेशोत्सव के चौथे दिन शनिवार को पण्डाल मे सुबह 'मनौतियों के राजा' के दरबार में भगवान श्री गणेश का दूर्वाभिषेक पूजन श्रद्धा के साथ हुआ। अगले क्रम में बप्पा के 1008 नामों के साथ भगवान पर दूर्वा चढ़ाई गई। पूजन में कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, नरेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल मौजूद रहे। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम कोलकाता के संजय शर्मा के निर्देशन में भजन संध्या व नृत्य नाटिका का मंचन हुआ। संजय ने भजन की शुरुआत अंगना पधारों.., से की। उसके बाद विघ्नहर्ता दुखकर्ता..., भजन सुनाया। उसके बाद संजय शर्मा ने बप्पा पर एक भजन 'देवा हो देवा गणपति देवा, तुम से बढकर कौन.., सुनाया। संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि गजानन के नाम चिट्ठी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6:00 बजे तक श्रद्धालु लिख सकते हैं।

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य निदेशालय और पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल (पीएसआई) इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्थानीय एक होटल में मंत्रणा कार्यशाला आयोजित की गयी। पीएसआई के द चैलेन्ज इनिशिएटिव (टीसीआई) कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यशाला में शहरी कमजोर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन और बेहतर किशोर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने पर मंत्रणा हुई। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण और सभी के लिए सुलभ बनाना सरकार की पहली प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने किशोरों और युवाओं तक पहुँच बढ़ाने और उनकी सोच में बदलाव लाने पर जोर दिया।

# श्रवण अयोध्या यात्रा से 1500 श्रद्धालुओं ने की तीर्थयात्राः राजेश्वर सिंह

## यात्रा के अंत में श्रद्धालुओं को रामचरितमानस की प्रति भेंट की गई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सरोजनीनगर के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्पित सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की अनूठी पहल श्रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा पिछले एक वर्ष से वृद्धजनों के तीर्थयात्रा के सपने को पूरा कर रही है। डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गई इस अभिनव पहल और विशेष यात्रा का पहली बार संचालन 27 सितंबर 2022 को जैतीखेड़ा से हुआ था।

तब से निरंतर जारी इस निरूशुल्क बस सेवा के माध्यम से अब तक 1,500 श्रद्धालु अयोध्या में श्रीराम लला, नैमिषारण्य धाम यात्रा तथा अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन कर चुके हैं। विभिन्न गांवों से यह बस वृद्धजनों को ले जाकर तीर्थयात्रा करवाती है, इस दौरान उनके खाने-पीने से लेकर हर प्रकार की उचित व्यवस्था रहती है। इस पूरी यात्रा का व्यय डॉ. राजेश्वर




सिंह द्वारा किया जाता है। इस यात्रा के प्रति क्षेत्र के वृद्धजन उत्साहित रहते हैं और विधायक की इस पहल की प्रशंसा करते नहीं थकते हैं। नियमित तौर पर संचालित रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा के अंतर्गत शुक्रवार को 15वीं श्रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा को ग्राम गोड़वा से रवाना किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने की व्यवस्था से लेकर आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध भी किया गया। अयोध्या पहुंच श्रद्धालुओं ने रामलला के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए। यात्रा के अंत में श्रद्धालुओं को रामचरितमानस की प्रति भेंट की गई। अयोध्या यात्रा कर बुजुर्ग बेहद खुश और संतुष्ट दिखे।

उन्होंने अपने विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की इस विशेष पहल की सराहाना की तथा उनका आभार व्यक्त किया। बता दें कि श्रामरथ-श्रवण अयोध्या यात्रा के लिए चलने वाली बसें नियमित अंतराल पर सरोजनीनगर के वृद्धजनों व महिलाओं को निःशुल्क अयोध्या दर्शन करवाती है।

# इंसान की पहचान चेहरा नहीं बल्कि जुबान से होती हैः अखिलेश

- रमेश बिधूड़ी की हरकत को आपराधिक घटना बताकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा बसपा नेता दानिश अली के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर यूपी में सियासत गरमा गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि इंसान की पहचान चेहरा नहीं बल्कि जुबना होती है। उन्होंने रमेश बिधूड़ी की इस हरकत को आपराधिक घटना करार देते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि इंसान की पहचान चेहरा नहीं जुबान होती है। सत्ता के नशे में बेसुध भाजपा के एक सांसद द्वारा विपक्ष के एक अल्पसंख्यक सांसद को अति अभद्र तरीके से संबोधित करना किसी आपराधिक घटना से कम नहीं है। ये भाजपा की नकारात्मक राजनीति का निकृष्टतम रूप है जिसमें अन्य भाजपाई सांसदों का हँसते हुए सम्मिलित होना दिखाता है कि ये किसी एक भाजपाई की गलती नहीं है बल्कि ये भाजपा के अधिकांश सदस्यों की निर्लज्जता का बेशर्म प्रदर्शन है। ऐसे सासंदो पर, किसी भी प्रकार की संसदीय विशेषाधिकारों की छूट से परे, किसी एक सांसद नहीं बल्कि पूरे संसद और संविधान की मानहानि करने का मुकदमा होना चाहिए और ताउम्र की पाबंदी भी। उल्लेखनीय है कि सांसद बिधूड़ी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था।

## खबरें एक नजर में

### दोनों सदनों के बाद तत्काल लागू हो बिलः मायावती

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को महिला आरक्षण विधेयक मंजूरी मिलने के बाद स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बिल अगर पूर्ण रूप से लागू होता तो ज्यादा खुशी होगी। महिला आरक्षण बिल को पारित होने का तो स्वागत किया लेकिन बहुसंख्यक ओबीसी समाज और एसटी समाज को आरक्षण में न शामिल किए जाने को सामाजिक न्याय की मान्यता से नकारना जैसा बताया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं की भी अपेक्षा अनुचित है। देश में अगर महिलाओं को आरक्षण देना है। तो विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू करने का भी जरूरत है। मायावती ने कहा कि महिला आरक्षण बिल संसद के दोनों सदनों से पारित हो जाने का स्वागत, किन्तु देश इसका भरपूर व जोरदार स्वागत करता अगर उनकी अपेक्षाओं के मुताबिक यह अविलम्ब लागू हो जाता।

### अपोलोमेडिक्स के डॉक्टरों ने बच्चे को दिया नया जीवन



**लखनऊ।** अपोलोगेडियम हॉस्पिटल लखनऊ के पीडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉक्टरों ने एक बेहद चुनौतीपूर्ण और जटिल सर्जरी को अंजाम देते हुए 8 महीने के एक बच्चे की पूरी भोजन नली का निर्माण किया है। बच्चा नेपाल का रहने वाला है और जन्म से ही उसके शरीर में भोजन नली का निर्माण नहीं हुआ था।लगभग छह घंटे लंबे चले ऑपरेशन में डॉक्टरों ने भोजन नली का निर्माण करने के लिए उसके पेट का उपयोग किया। यह भोजन नली बच्चे के उम्र के साथ बढ़ती जाएगी। लड़का ;नाम नेपाल का मूल निवासी है और जन्म के तुरंत बाद उसे मेडिक्स लखनऊ के डॉक्टरों के पास भेजा गया था।डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और उसका रंग नीला पड़ गया था। बच्चे की माँ ने उसे भी दूध पिलाया वह भोजन नली के अभाव में मुंह और नाक से बाहर आ गया था।

### परिवहन निगम ने वसूला 32 लाख रूपये प्रशमन शुल्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों की प्रवर्तन दलों द्वारा नियमित जांच की जाती है। अगस्त में प्रवर्तन दलों द्वारा यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित बसों की 124242 बार जांच की गयी। जांच दल द्वारा इस दौरान 32 लाख 85 हजार 80 रूपये का प्रशमन शुल्क वसूला गया। प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन अशोक कुमार ने बताया कि परिवहन मंत्री एवं प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में जांच दल द्वारा यूपीएसआरटीसी की संचालित बसों की जांच की जाती है। इसमें बिना टिकट यात्री, बिना बुक भार वहन, चालक परिचालक की अल्कोहल टेस्ट इत्यादि की जांच की जाती है। प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन ने बताया कि अगस्त माह में जांच दलों मुख्यालय नियंत्रित टाटा सूमो प्रवर्तन दल, इण्टर सेण्टर दल एवं क्षेत्रीय प्रवर्तन दल द्वारा जांच के दौरान 4049 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गये, जबकि 136.82 टन बिना बुक भार पकड़ा गया। 10 हजार 100 चालकों परिचालकों का ब्रेथ एनलाईजर मशीन द्वारा एल्कोहल जांच की गयी।

### एक सप्ताह में दे दिया जायेगा शिक्षकों का वेतन

**लखनऊ।** गैर जनपदों से स्थानान्तरित होकर लखनऊ आए शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का वेतन भुगतान एक सप्ताह के अन्दर करा दिया जाएगा। यह आश्वासन आज संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप कुमार सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने जिला संगठन द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के बाद हुई वार्ता में दिया।संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप कुमार सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार के साथ प्रादेषिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ आरपी मिश्र, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रदेशीय मंत्री डॉ आरके त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य डॉ मीता श्रीवास्तव, आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक, राज्य परिषद सदस्य मंजू चौधरी एवं डॉ. पी के पन्त सम्मिलित थे।

# राज्य स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समग्र शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय राज्य स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज कुर्सी रोड लखनऊ में आज सम्पन्न हुआ।

राज्य परियोजना कार्यालय से यूनिट प्रभारी बालिका शिक्षा डॉ मुकेश कुमार सिंह ने बताया प्रतियोगिता आयोजन में फुटबॉल, हॉकी, लम्बी कूद, जूडो, क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो दौड़ एचक्का फेंक गोला फेंक के 18 खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। प्रदेश स्तर पर चयनित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक श्याम किशोर तिवारी ने बताया कि चयन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु प्रदेश के समस्त जनपदों से कस्तूरबा बालिकाएं राजधानी में 21 तारीख को पहुंच गयी थीं। प्रतियोगिताओं में बॉक्सिंग में बुलंदशहर की हिमानी लखनऊ की पायल तथा बुलंदशहर की साक्षी चयनित हुई 100 मीटर दौड़ में प्रयागराज की खुश्बू पटेल, लखीमपुर की आरोही व कासगंज की रेखा चयनित हुई।

## वर्ल्ड रोज डे के पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ।** आज वर्ल्ड रोज डे के अवसर पर लखनऊ कैंसर इंस्टीट्यूट एवं हील फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से 1, मानस नगर कालोनी, जियामऊ (लखनऊ कैंसर इंस्टीट्यूट) के सभागार में निर्मला पन्त (निदेशिका) द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ हमारी मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी नम्रता पाठक के द्वारा किया गया, तत्पश्चात निर्मला पन्त ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता दिया तथा संस्थान के चेयरमैन हंसराज जैन ने भी भेंट देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में कैंसर की बीमारी से स्वस्थ हो चुके मरीजों को हमारी मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी नम्रता पाठक के द्वारा फूल एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया एवं उनके द्वारा कैंसर के मरीजों को इस बीमारी के प्रति सजग रहने के लिए प्रोत्साहित भी किया, इसके साथ ही साई दीप फाउन्डेशन से शोभा ठाकुर, समाज सेवी पूर्णिमा भसीन, स्वयं सिद्धि फाउन्डेशन से गौरी गुप्ता एवं मनु, समाज सेवी प्रतिमा त्रिपाठी तथा रीता जैन द्वारा भी मरीज़ो को भेंट दिया गया।

# सिविल अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट में रिसाव से अफरा-तफरी

- किसी तरह की कोई समस्या इस समय ऑक्सीजन प्लांट में नहीं है सभी जांच कर ली गई हैः सीएमएस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

हजरतगंज स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में उस वक्त अफ्रा तफ्री मच गई जिस वक्त ऑक्सीजन प्लांट के किसी एक जगह से लीकेज शुरू हुई। दरअसल शुक्रवार को दोपहर करीब 2 बज 16 मिनट पर अस्पताल के बर्न विभाग के बगल में बने ऑक्सीजन प्लांट में एक जगह से ऑक्सीजन रिसाव शुरू हुआ। हालांकि रिसाव सिर्फएक जगह से था, जिस पर तुरंत कर्मचारियों ने 10 से 15 मिनट में नियंत्रण कर लिया, लेकिन इतनी ही देरी में अस्पताल में अफ्रातफ्री मच गई। सिविल अस्पताल में इस घटना के समय काफी मरीज अस्पताल परिसर में मौजूद थे। हालांकि अस्पताल का सबसे भीड़ भाड़ वाला समय सुबह 8



बजे से दोपहर 2 बजे तक रहता है। अचानक से ऑक्सीजन प्लांट के एक जगह से ऑक्सीजन रिसाव शुरू हुआ। जिसके बाद उसे नियंत्रित करने के लिए कर्मचारियों को बुलाया गया। देखा जाए तो एक बड़ी घटना होने से टल गयी।

सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक सुबह से ऑक्सीजन प्लांट सामान्य दिनों की तरह ही था आज का दिन काफी ज्यादा व्यस्त रहा, क्योंकि इन दिनों अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। इसी के तहत सुबह से ही राउंड पर खुद मैं निकल रहा हूं। अचानक से यह सूचना प्राप्त हुई कि ऑक्सीजन प्लांट के किसी एक हिस्से से ऑक्सीजन रिसाव हो रहा है। इसके बाद तुरंत कर्मचारियों को बुलाकर 10 मिनट के भीतर ही उसे कंट्रोल कर लिया गया था। हालांकि इतने ही देर में किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। जिसके बाद यह मामला तेजी से फैल रहा है। हालांकि इस समय गतिविधियां सब निगरानी में है। किसी तरह की कोई समस्या इस समय ऑक्सीजन प्लांट में नहीं है. सभी जांच कर ली गई है। 10 मिनट बाद फिर से अस्पताल में सभी चीज सामान्य हो गई थीं।

**निर्देश** | भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देशः प्रमुख सचिव गृह

# पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधा देने के लिए धनराशि स्वीकृत



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय भवनों एवं अनावसीय भवनों यथा हास्टल, बैरक, विवेचना कक्ष एवं पुलिस चौकी परामर्श केन्द्र के भवन आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए 09 जनपदों मेरठ, संतकबीरनगर, कासगंज, मऊ, महोबा, प्रतापगढ़, फिरोजाबाद, लखीमपुर खीरी एवं मुरादाबाद के लिये कुल 22 करोड़ 29 लाख रूपये से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रमुख सचिव गृह ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत जनपद मेरठ की पुलिस लाइन में बहुद्देशीय ऑडिटोरियम के निर्माण हेतु 1करोड़ 32 लाख 54 हजार रूपये व 6वी वाहिनी पीएसी मे पुरानी एवं जीर्ण शीर्ण पाइप लाइन को बदलवाने हेतु 1करोड़ 10 लाख 29 हजार रूपये तथा जनपद संतकबीर नगर के थाना बेलहरकला में 48 क्षमता के हास्टल/बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण हेतु 1 करोड़ 13 लाख 99 हजार रूपये व थाना कोतवाली खलीलाबाद में 48 कर्मियों के लिये हास्टल/ बैरक एवं 01 विवेचना कक्ष के निर्माण हेतु 1 करोड़ 5 लाख 32 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जनपद मुरादाबाद के पुलिस थाना मंझोला में 48 क्षमता के हास्टलध्बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण हेतु 1 करोड़ 7 लाख रूपये 59 हजार रूपये की धनराशि धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि जनपद फिरोजाबाद के नवीन थाना रजावली के आवासीय भवनों के निर्माण कार्यो हेतु 1 करोड़ 34 लाख 89 हजार रूपये, जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मितौली में 48 क्षमता के हास्टल/बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण हेतु 1 करोड़ 1 लाख 20 हजार रूपये, जनपद प्रतापगढ़ के तहसील पट्टी मुख्यालय पर ग्राम बीबीपुर में 02 यूनिट के अग्निशमन केन्द्र के आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु 4 करोड़ 76 लाख 94 हजार रूपये, जनपद महोबा के थाना कुलपहाड़ के नवीन थाना में आवासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु 4 करोड़ 15 लाख 18 हजार रूपये की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। प्रमुख सचिव गृह ने यह जानकारी भी दी की पुलिस कर्मियों की सुविधा को वरीयता देते जनपद मऊ के थाना कोपागंज में 8 महिला तथा 24 पुरूषों के लिये हॉस्टल/ बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ 68 लाख 70 हजार रूपये व जनपद कासगंज की पुलिस लाइन में 100 क्षमता के पुरूषों हेतु हॉस्टल/ बैरक के निर्माण हेतु 3 करोड़ 62 लाख 61 हजार रूपये की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिये है उन्होंने यह निर्देश भी दिये है कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाय ताकि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप निर्मित भवनो का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने कड़े निर्देश दिये है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नही जायेगा।

# अपना दल एस ने घोषित किए 18 नवनियुक्त पदाधिकारी

## जिले के संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे नवनियुक्त पदाधिकारी : कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अपना दल एस पार्टी के जिला अध्यक्ष रायबरेली कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल ने जनपद स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित की जिसमें जनपद के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी की सूची भी जारी की गई गौरतलब होगी शुक्रवार को अपना दल इस जनपद रायबरेली के जिला अध्यक्ष कुमार सत्येंद्र सिंह पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिला व विधानसभा के 18 नवनियुक्त पदाधिकारी की सूची जारी की जिसमे जिला उपाध्यक्ष के पद पर संजय कुमार, अभय सोनकर, जिला महासचिव राम बहादुर यादव, सिराज अहमद, जिला सचिव अंकुर चौधरी अजीत कुमार, विजय मौर्य दिलीप पटेल, जिला कोषाध्यक्ष हरि नारायण सिंह, जिला अध्यक्ष किसान मंच अरविंद जायसवाल, जिला अध्यक्ष श्रमिक मंच राम जी, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच अब्दुल वहाब, जिला अध्यक्ष बौद्धिक मंच वीरेंद्र कनौजिया, जिला अध्यक्ष विधि मंच अमित चौधरी, जिला अध्यक्ष पंचायत मंच रामपाल, विधानसभा अध्यक्ष सदर डा नजरुल हसन, विधानसभा अध्यक्ष ऊंचाहार अरुण कुमार,विधानसभा अध्यक्ष बछरावां धर्मपाल को नियुक्त किया गया।

जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी देते बताया की अपना दल एस के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को उनके सफलतम कार्यकाल के लिए बधाई साथ ही उन्होंने कहा की हमे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है की सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारियां का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे साथ ही हम सब की नेता बहन अनुप्रिया पटेल जी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे क्योंकि अपना दल इसकी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल द्वारा पिछड़े दलित शोषित वंचित वर्ग की लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का लगातार कार्य किया जा रहा है इसलिए हम सभी को कड़ी मेहनत के साथ संगठन की मजबूती एवं पार्टी के विचारधाराओं को आगे बढ़ाने का काम करेंगे इस मौके पर सभी नवनियुक्त पद अधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### गणेश चतुर्थी महोत्सव की धूम

**नसीराबाद, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पूरे देश में इन दिनों श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव की धूम मची हुई है। रायबरेली जनपद की नगर पंचायत नसीराबाद में भी प्रतिवर्ष यह उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस साल भी कस्बे के मौर्य नगर मोहल्ले में श्री गणेश चतुर्थी पंडाल बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यहां प्रतिदिन संध्या आरती में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु विघ्न विनाशक गौरी नंदन गणेश की पूजा अर्चना और आरती में शामिल होते हैं। इस महोत्सव का आयोजन नगर वासियों और आसपास के श्रद्धालुओं के सहयोग से मंसाराम मौर्य, आनन्द आर्या, मोहित हिंदू, दीपक मौर्य, लालता सविता, कौशल किशोर( मोलू), भारत हिन्दू, पिंटू चौरसिया, मुकेश कुमार, आशुदीप चौरसिया आदि भक्तजनों के द्वारा किया जाता है। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के दौरान प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल के नेतृत्व में पूजा स्थल सहित पूरे नगर क्षेत्र में पुलिस द्वारा की जा रही सुरक्षा व्यवस्था सराहनीय है।

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने थाना कोतवाली नगर का किया औचक निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा थाना कोतवाली नगर का औचक निरीक्षण किया गया, जिसके अन्तर्गत थाना परिसर में बने महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर नियुक्त महिला आरक्षियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में शस्त्रागार हवालात बैरिक, शौचालय और आगन्तुक कक्ष, मुकदमाती मालों आदि का निरीक्षण करते हुए उनको सुव्यवस्थित व साफ-सफाई से रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा जहां कहीं भी कमियां पायीं गयीं तो सम्बन्धित को त्वरित सुधार करने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात थाने पर लगे सीसीटीवी कैमरे, हवालात, सीसीटीएनएस / आईजीआरएस पोर्टल, आगन्तुक रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर व माल / शस्त्रों के रख-रखाव की समीक्षा की गयी। लम्बित विवेचनाओं को त्वरित समयबद्ध / निष्पक्षतापूर्वक निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला बीट अधिकारियों को एण्टीरोमियों चेकिंग व जागरुकता कार्यक्रम करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर व अन्य अधि./कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पीड़ित ने लगाई कोतवाली प्रभारी से न्याय की गुहार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देते हुए प्रार्थी रामफेर पासी पुत्र बद्री पासी निवासी ग्राम पुरे हरिपाल मजरे दौतरा थाना महराजगंज जिला रायबरेली ने बताया कि गाटा संख्या 499 बटे 0.1780 हे0 स्थित ग्राम दौतरा तहसील महराजगंज का रकबा कम होने के कारण हदबरारी न्यायालय जिला अधिकारी महराजगंज के यहां न्यायालय में प्रस्तुत कर सीमांकन करने के के बाद ही कराया जाएगा जिसमें कब्जेदार शब्बीर अली वी फैज मोहम्मद पुत्र अब्दुल कादिर ने भूमि से कब्जा हटाने का आश्वासन दिया इसके बाद 21/9 /2023 को लगभग 12:00 बजे दोपहर में प्रार्थी के खेत में अली राजा आलमगीर पुत्रगण फैसल मोहम्मद गंगा बक्श पुत्र ब्रह्मा रसीद पुत्र जब्बार व 25 अन्य लोग अज्ञात ने मिलकर खेत में जबरन निर्माण कर रहे हैं तो वही प्रार्थी के मौके पर पहुंचने पर निर्माण करने से रोका तो विपक्षीगढ़ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गंदी-गंदी गालियां देते लगे मना करने पर एक राय होकर लाठी डंडा व लात घुसो से मारने के लिए टूट पड़े जिससे प्रार्थी के शरीर पर चोट के निशान है । विपक्षीगढ़ का निर्माण कार्य जारी रखते हुए वह जान से मारने की धमकी देते हुए लगातार निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रार्थी व प्रार्थी कि बहू श्याम सुंदरी व रोहित पुत्र रामसनेही मंजू पत्नी रोहित मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य करने से रोका तो विपक्षीगढ़ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगे गालियां देने से मना करने पर लगे लाठी डंडों और लात घुसों से मारने के लिए टूट पड़े जिससे साभी के शरीर पर चोटों के निशान हैं और साथ मे मौजूद मेरी बहू श्याम सुंदरी के साथ मार पीट किये जाने के बावजूद अली रजा ने मेरी बहू के साथ गंदी हरकतें करते हुए कपड़े फाड़ दिये और बहू के गले से सोने की लाकेट खींच लिया और निर्माण कार्य जारी रखते हुए मौके पर आने पर जान से मारने की धमकी दी हम लोग चोटिल अवस्था में विपक्षी के अत्यधिक लोगों मौजूद रहने से भयभीत होकर वापस चलें आये रामफेर ने कोतवाली प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई।

### शताब्दी की चपेट में आने से युवक की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी चौकी अंतर्गत ऋषिनगर केबिन के आगे ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। जिससे शताब्दी एक्सप्रेस दो मिनट तक रुकी रही। शुक्रवार को ऋषिनगर केबिन के आगे खम्बा संख्या-66/14 व 66/12 के मध्य गाड़ी संख्या-12180 आगरा-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस कानपुर से लखनऊ जा रही थी तभी करीब 11 बजे डॉउन लाइन पर एक अज्ञात युवक की इंटरसिटी एक्सप्रेस से कटकर मौत हो गई। उक्त ट्रेन ड्राइवर ने घटना का मेमो मगरवारा स्टेशन मास्टर को दिया। जिसके बाद मगरवारा स्टेशन मास्टर ने गंगाघाट स्टेशन मास्टर को घटना की सूचना। स्टेशन मास्टर ने आरपीएफको घटना की जानकारी दी। वही शताब्दी एक्सप्रेस समय करीब 11.40 से 11.42 तक गंगाघाट स्टेशन खड़ी रही। स्टेशन मास्टर शकील मोहम्मद ने बताया कि शताब्दी एक्सप्रेस करीब 2 मिनट तक स्टेशन पर रुकी रही, जिसके बाद मेमो देकर ट्रेन को रवाना किया जा सका। आरपीएफ एसआई गुप्तार सिंह ने बताया कि आरपीएफने मौके पर पहुंचकर शव को अप ट्रैक से शव को किनारे किया। शव के शिनाख्त के लिए प्रयास किया गया परन्तु शिनाख्त नहीं हो सकी। युवक ने काला लोअर व नीले रंग की टी-शर्ट पहन हुई थी। जो कि मृतक के शव के पास से मिले हैं।

### दो मासूमों पर आवारा कुत्तों का हमला, हालत गंभीर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** दूध का पैकेट लेने जा रहे दो अबोध बच्चों पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत में दोनों बच्चों को बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बांगरमऊ नगर के रेलवे स्टेशन रोड निवासी सेवाराम के दो पुत्र गोविंद 8 वर्ष और काशी 6 वर्ष आज सुबह दूध का पैकेट लेने करीब 500 मीटर दूर स्थित दुकान जा रहे थे। रास्ते में अचानक खूंखार आवारा कुत्तों ने दोनों बच्चों पर जोरदार हमला कर दिया। कुत्तों ने काशी की गर्दन पकड़कर झकझोर दिया और दूसरे बच्चे गोविंद के सीन में नुकीले दातों से काटकर उसे लहूलुहान कर दिया। बच्चों की गुहार पर तमाम नागरिक दौड़े और किसी तरह दोनों बच्चों को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन गंभीर रूप से घायल दोनों बच्चों को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों द्वारा बच्चों का इलाज जारी है।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी रायबरेली के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी का लालगंज प्रथम आगमन पर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व विधि व न्याय मंत्री गिरीश नारायण पांडेय के आवास पर भव्य स्वागत किया गया।युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शिवम गुप्ता ने जिलाध्यक्ष का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।जिसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष बच्चा पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा शिवम गुप्ता,रविनंदन सिंह,मंटू बाजपेई,अर्पित गुप्ता,मनीष त्रिवेदी, अशोक गुप्ता,शिवेंद्र सिंह,अजय गुप्ता,अक्षत पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

### किशोरी का फंदे से लटकता मिला शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के डहरौली गाँव निवासी शिवानी (16) का उसके घर के अंदर पंखे के कुंडे से दुप्टे के फंदे में शव लटकता मिला। परिजनों ने बगैर पुलिस सूचना के शव का अंतिम संस्कार गाँव में कर दिया है।

सूत्रों की माने तो किशोरी को परिजनो ने किसी बात के लिए डांटा था, जिससे क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या कर ली। मृतका सात भाई बहनों में तीसरे नम्बर की थी। कोतवाली निरीक्षक अवधेश कुमार ने बताया कि उनके पास कोई सूचना नही आई है।

## डीएम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

ज़िलाधिकारी हर्षीता माथुर पहले ही दिन से लगातार ऐक्टिव मोड में हैं। कल जहां कलेक्ट्रेट और अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया।

वहीं शुक्रवार को जनसुनवाई से पहले जिला अस्पताल गईं और वहां उन्होंने मरीज़ों और कर्मचारियों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायाजा लिया साथ ही टेलीमेडिसिन और इमरजेंसी को और बेहतर बनाने का निर्देश दिये। इस दौरान काफी पहले से बन कर तैयार एसटीपी के चालू न होने पर चिंता जताते हुए उसे जल्द से जल्द शुरू कराये जाने की बात कही। जिला अस्पताल में उन्नाव से आये मरीज़ को यहां भर्ती देखकर इसे रायबरेली के लिए उपलब्धि बताया। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में सीटी स्कैन और अल्ट्रासाऊंड शुरू करने की भी जानकारी ली।

इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट, सीएमएस महेंद्र कुमार मौर्य उपस्थित रहे।




## समस्त विकास खण्डों में किया गया स्वच्छता अभियान का आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव की अगवाई में ''स्वच्छता ही सेवा-2023 (15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक)'' कचरा मुक्त भारत अभियान के तहत स्वच्छता श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों ने विकास भवन परिसर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद के समस्त विकास खंडो मे वृहद स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत स्वच्छता गोष्ठी, जन जागरूकता अभियान, नाली सफाई, झाडी कटाई, सेनेटाईजेशन आदि का कार्य किया गया।




मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये है कि अभियान के दौरान समस्त ग्राम पंचायतों में अतिरिक्त श्रमिक, ट्रैक्टर ट्राली, जेसीबी आदि लगाकर युद्ध स्तर पर कूड़े एवं गोबर के ढेरों को ग्राम पंचायत से हटाया जाए तथा कहीं दूसरे स्थल पर गड्ढा खोदकर उसमें डाल दिया जाए। उन्होंने कहा कि नालियों एवं नालों की तली झाड़ सफाई की जाए तथा झाड़ियां को काटा भी जाए। अभियान के दौरान एंटी लारवा, फॉगिंग स्प्रे का कार्य भी किया जाए। उन्होंने कहा कि जितने भी जिला, तहसील, विकासखंड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तर के सभी शासकीय भवनों की साफ सफाई की जाए।

उन्होंने कहा कि कार्यालय के अंदर धूल, जाले, टूटा फर्नीचर न हो तथा शौचालय को भी ठीक कराया जाए। शौचालय की टूट फूट मरम्मत साफ सफाई पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शासकीय भवनों पर पेंटिंग-पुताई का कार्य भी कराया जाए। स्वच्छता ही सेवा, अभियान के दौरान प्रत्येक दशा में 2 अक्टूबर तक यह सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि सबसे स्वच्छ जनपद, तहसील, विकाखंड एवं ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यालयों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## महाराजगंज कोतवाल को व्यापारियों किया सम्मानित



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई महराजगंज के नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल संरक्षक सोभनाथ वैश्य डॉ मातादीन पासी की अगुवाई में अपने दर्जनों पदाधिकारियों के साथ एवं व्यापारियों के हितों में लगातार कार्य कर रहे महराजगंज कोतवाली प्रभारी बालेंद्रु गौतम के सराहनीय कार्यों से प्रसन्न होकर उनको सम्मानित करते हुए भगवान गणेश की तस्वीर भेंट की।

और जन समस्याओं की चर्चा करते हुए मेन तिराहे पर दिल्ली शिवगढ़ जाने वाली बसें मश तिराहा रोड पर खड़ी हो जाती है जिसके कारण तिराहे पर जाम लगने लगता है व्यापारियों का व्यापार प्रभावित होता है ।जिस पर प्रभारी ने कहा बस आगे बने यात्री प्रतीक्षालय के पास खड़ी होगी अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर महामंत्री मुकेश गुप्ता शिव कैलाश सोनी बबलू वैश्य सरदार रिंकल सिंह संतोष सिंह सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिला सभासद की मौत के मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार




**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बीते गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में महिला सभासद की हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष वालों की तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मृतका के ससुराली जनों पति व सास,ससुर को किया गिरफ्तार जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते गुरुवार को शिवगढ़ नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो से निर्वाचित सभासद आरती रावत का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी ससुराल में मिला था सूचना पर पहुंचे मृतका के मायके पक्ष वालों ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था की दहेज में चार पहिया वाहन न मिलने के कारण मृतका के ससुराली जनों पति, सास, ससुर ने मिलकर मृतका आरती का दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी है मृतका के मायके पक्ष वालों की तहरीर के आधार पर शिवगढ़ पुलिस ने तीनों आरोपियों आलोक कुमार उर्फ रोहित पुत्र राम गुलाम(पति),राम गुलाम पुत्र स्व.माता प्रसाद (ससुर), निर्मला पत्नी राम गुलाम (सास) निवासी रायपुर वार्ड नंबर दो अजीतखेड़ा थाना शिवगढ़ के खिलाफ संबंधित धाराओं 498ए, 304B, व 3/4 डीपी एक्ट में अभियोग पंजीकृत करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अरशद नदीम, आरक्षी मुकेश कुमार, सुधीर कुमार, शिवकुमार, महिला आरक्षी दुर्गावती मौजूद रही।

### अवैध मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार



**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक रायबरेली आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ की बिक्री व तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत शिवगढ़ पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर अवैध मादक पदार्थ के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार पुलिस के मुताबिक गुमावा चौकी क्षेत्र अंतर्गत राजा का पुरवा खड़ंजा मार्ग पर टावर के पास से मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त अजय कुमार पुत्र उदय राज निवासी राजा का पुरवा मजरे बसंतपुर सकतपुर थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली को 5 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) के साथ गिरिफ्तार कर अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए उसे जेल भेज दिया वहीं गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में गुमावा चौकी प्रभारी भरत सिंह तोमर,मुख्य आरक्षी अंबुज वर्मा, आरक्षी रोहित पाल मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को सम्मानित कर किया उत्साहवर्धन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली में जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन उप शिक्षा निदेशक / डायट प्राचार्य चंद्र शेखर मालवीय, फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनोज त्रिपाठी, उप प्राचार्य प्रो. बी. डी. मिश्र, प्रधानाचार्य व नोडल डॉ. स्मिता मिश्रा आदि की उपस्थिति में हुआ !जिसमें शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, ड्रॉइंग, पेंटिंग, मूर्तिकला, खिलौने आदि विषयों पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दर्जनों विद्यालयों के विद्यार्थियो ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में चंद्र शेखर मेमोरियल पब्लिक इन्टर कॉलेज लालगंज के विद्यार्थियो ने भी प्रतिभाग किया।

विद्यालय से 7 विद्यार्थी विभिन्न विधाओ में प्रतिभाग हेतु गए जिनमे 5 विद्यार्थियो ने स्थान प्राप्त किया।

तनिश्रा ने अपने लोकनृत्य से सभी का मन मोह लिया और जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया !विद्यालय की साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख श्रेया सिंह ने बताया कि लोकनृत्य में तानिश्रा ने प्रथम, शास्त्रीय नृत्य में वैष्णवी ने द्वितीय, अपर्णा मिश्रा ने शास्त्रीय संगीत में द्वितीय स्थान, संस्कार वर्मा ने ड्रॉइंग में तृतीय, खिलौने बनाने में शांति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा अधिकारियों ने प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किए।



इन सभी विद्यार्थियो के जनपद में स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शुक्ला ने संयुक्त रूप से सभी विद्यार्थियो को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की !विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि शासन द्वारा आयोजित कला उत्सव कार्यक्रम सराहनीय है इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्राप्त हुआ और दूसरे बच्चों को सकारात्मक प्रेरणा मिली !विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने खुशी ब्यक्त करते हुए कहा कि यदि हम कोई भी कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करे तो हम सफल जरूर होते है और उसी का प्रतिफल है कि विद्यार्थियो ने जनपद मे विद्यालय का नाम रोशन किया।

## भाजपा ने बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का किया आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी रायबरेली द्वारा जिला कार्यालय में बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री बसंत लाल त्यागी ने कहा कि बूथ की टीम गठित हो बूथ की गठित टीम में प्रत्येक अभियानों का एक-एक सदस्य अवश्य होना चाहिए सितंबर माह के अंतिम रविवार को होने वाली प्रधानमंत्री जी की मन की बात को बूथ टीम के साथ सुनना है सुनने के बाद फोटो सरल ऐप पर अपलोड करना है उसके बाद बूथ के पदाधिकारी के साथ बैठक करनी है।




25 सितंबर 2023 जनपद के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म दिवस मनाया जाएगा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहां की आने वाली 24 सितंबर को प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने के बाद फोटो सरल ऐप पर अपलोड करनी है। जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी जी ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं आए हुए अतिथियों को विश्वास दिलाया कि आगामी कार्यक्रम अभियानों में रायबरेली जनपद का कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ सफल बनाएगी। पूर्व जिला अध्यक्ष रामदेव पाल ने आए हुए सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया

## मातृ शक्ति सम्मेलन में होगा बड़ी संख्या में महिलाओं का समागम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

> मातृ शक्ति सम्मेलन महिलाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए सशक्त बनाने में उत्साहवर्धन करेगा : निधि द्विवेदी

महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके उनकी आर्थिक और सामाजिक प्रगति को एक नया आयाम दिलाया जा सके इसके लिए नारी शक्ति जागरण मंच के तत्त्वाधान में हजारों महिलाओं के समागम का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रतापुर में 24 सितंबर दिन रविवार को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा एवं सुधा सिंह के साथ राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय अधिकारी शरद रेणु भी संबोधित करेंगी।

कार्यक्रम की विभाग संयोजिका निधि द्विवेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य लखनऊ विभाग की उन हजारों महिलाओं को सम्मानित करना है और समाज के लिए कुछ करने का भाव जागृत करना है जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देकर समाज को मजबूत करने का काम कर रही है जिससे देश की आधारशिला भी मजबूत हो रही है ऐसी महिलाओं को सम्मानित करके नारी शक्ति जागरण मंच उन्हें इस बात का आभास दिलाना चाहता है की समाज उनकी सेवा से कृतज्ञ है। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक अमित सिंह चौहान व सह समन्वयक जामवंत रॉय ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाली हजारों महिलाओं के लिए ससम्मान हर प्रकार की उचित व्यवस्था की जाएगी।



## शब्द होते हैं ब्रह्म वाक्य

हाल ही में तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भविष्यवाणी की है। रामभद्राचार्य ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुले मंच से सनातन धर्म का पक्ष लेकर अपनी विजय निश्चित कर ली है। वैसे भी जो सनातन धर्म का पक्ष लेता है वह कभी हारता नहीं। इस ब्रह्म वाक्य के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर केंद्रित नई पुस्तक मोदी : द चैलेंज ऑफ 2024-द बैटल फॉर इंडिया सुर्खियों में है। इसमें 2014 से अब तक की उपलब्धियों का आकलन है। इसके लेखक मिन्हाज मर्चेंट ने 2012 के बाद मोदी के साथ हुई अपनी मुलाकातों का हवाला देते हुए 2024 के ऐतिहासिक लोकसभा चुनाव से पहले आर्थिक सुधारों, भू-राजनीति, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र पर प्रधानमंत्री की सोच को समझने की कोशिश की है। इसका प्रकाशन अमेरीलिस ने किया है। इस किताब में यह समझने की कोशिश की गई है क्या संयुक्त मोर्चा पेश करने की विपक्ष की रणनीति भाजपा के चुनावी रथ को पटरी से उतार सकती है। मर्चेंट कहते हैं कि यह किताब मोदी की जीवनी नहीं है। यह पुस्तक प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के पांच साल के दो कार्यकाल पर केंद्रित है। मर्चेंट ने लिखा है- पिछले नौ वर्षों में मोदी एक राज्यस्तरीय नेता से एक राष्ट्रीय नेता, एक समर्पित नेता और अंततः एक वैश्विक नेता बन गए हैं। ऐसा करने में मोदी ने वाजपेयी की रणनीति (चुनाव में कट्टर हिंदुत्व योद्धा, गरीब समर्थक मसीहा और विदेश में शांति वैश्विक राजनेता) का उपयोग किया है। इसका किताब का यह अंश खास है-हम चुनाव प्रचार रैलियों में मोदी का उग्र रूप देखते हैं, जिसमें एक मसीहा जैसा स्पर्श भी होता है, जैसे-80 करोड़ संकटग्रस्त भारतीयों को मुफ्त भोजन और सब्सिडी प्रदान करना। यही नहीं, वह जी-20 के नेता के रूप में वैश्विक मामलों में एक राजनेता जैसी भूमिका भी निभाते हैं। लेखक मिन्हाज मर्चेंट का मानना है कि 2024 का लोकसभा चुनाव अगले दशक के लिए भारतीय राजनीति की दिशा तय कर सकता है। भारत 2026-27 तक अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। 2024 एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो सकता है। अगर मोदी प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल हासिल कर लेते हैं, तो वह जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीन बार पांच-पांच साल का प्रधानमंत्री कार्यकाल हासिल करने वाले पहले भारतीय नेता होंगे। विपक्ष जानता है कि संभवतः मोदी को रोकने का एकमात्र तरीका 2024 में उनके खिलाफ एकजुट मोर्चा पेश करना है। इस किताब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो कार्यकाल की उपलब्धियों के आलोक में बहुत कुछ कहा और लिखा जा सकता है। मगर सबसे अधिक प्रभावी टिप्पणी पिछले दिनों छिंदवाड़ा जिले के चौरई में कथा करने पहुंचे जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने एक बार फिर देश के अगले प्रधानमंत्री को लेकर भविष्यवाणी की। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। रामभद्राचार्य ने कहा कि लगातार सनातन धर्म पर विपक्षी गठबंधन के सहयोगी दल अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। इसका खामियाजा इनको चुनाव में उठाना पड़ेगा। स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को महिला आरक्षण विधेयक ने राजनीति के सर्वोच्च शिखर पर ला दिया है। यह गौरव की बात है कि नई संसद ने महिलाओं को सम्मान दिया है।

# तेजी से बढ़ रही वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की भागीदारी

प्रह्लाद सबनानी

**भारत ने इस क्षेत्र में अमेरिका, रूस एवं चीन जैसे देशों के एकाधिकार को तोड़ा है। भारत आज समूचे विश्व में सैटेलाइट के माध्यम से टेलीविजन प्रसारण, मौसम के सम्बंध में भविष्यवाणी और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है और चूंकि ये सभी सुविधाएं उपग्रहों के माध्यम से ही संचालित होती हैं, अतः संचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने की मांग आज समस्त देशों के बीच बढ़ रही है। चूंकि भारतीय तकनीक तुलनात्मक रूप से बहुत सस्ती है अतः कई देश अब इस सम्बंध में भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच चंद्रयान-3 की कम लागत में सफल लैंडिंग के बाद वैश्विक स्तर पर व्यवसायिक तौर पर भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गयी है। आज भारतीय इसरो की, कम लागत और सफलता की गारंटी, सबसे बड़ी ताकत बन गयी है। अंतरिक्ष बाजार में भारत की धमक का यह स्पष्ट संकेत दिखाई दे रहा है और इस क्षेत्र में भारत एक धूमकेतु की तरह बनकर उभरा है।**

भारत, पूरे विश्व में, पहला देश है जिसने चन्द्रयान-3 को चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर सलतापूर्वक उतार लिया है। अन्यथा, विश्व का कोई भी देश, अमेरिका, रूस एवं चीन सहित, अभी तक चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर अपना यान उतारने में सफल नहीं हो सका है। निश्चित ही भारत की यह सफलता न केवल भारत के लिए बल्कि विश्व के समस्त देशों के लिए गर्व का विश्व होना चाहिए। यदि चन्द्रयान-3 अपने उद्देश्यों में सफल हो जाता है जैसे चन्द्रमा पर पानी उपलब्ध है अथवा नहीं, चन्द्रमा पर किस प्रकार के खनिज पदार्थ (सोना, प्लेटिनम, टाइटेनियम, यूरेनियम, आदि) रासायनिक पदार्थ, प्राकृतिक तत्व, मिट्टी एवं अन्य तत्व पाए जाते हैं, आदि का पता लगने पर इस जानकारी का लाभ भारत के साथ ही पूरे विश्व को भी होने जा रहा है। परंतु, पश्चिमी देशों में कुछ तत्व भारत की इस महान उपलब्धि को सकारात्मक दृष्टि से न देखते हुए इस संदर्भ में अपनी नकारात्मक सोच को आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था आज बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था का रूप ले चुकी है एवं इस अर्थव्यवस्था पर अभी तक केवल कुछ विकसित देशों, अमेरिका, रूस, चीन, कनाडा, ब्रिटेन आदि का वर्चस्व रहा है। परंतु, अब चूंकि भारत इस क्षेत्र में अपनी गहरी पैठ बनाता हुआ दिखाई दे रहा है अतः विकसित देश भारत की इस महान उपलब्धि को पचा नहीं पा रहे हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र में हाल ही के समय में भारत का एक तरह से वर्चस्व स्थापित होता दिखाई दे रहा है। आज पूरी दुनिया ही अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का लोहा मानने लगी है।

भारत ने इस क्षेत्र में अमेरिका, रूस एवं चीन जैसे देशों के एकाधिकार को तोड़ा है। भारत आज समूचे विश्व में सैटेलाइट के माध्यम से टेलीविजन प्रसारण, मौसम के सम्बंध में भविष्यवाणी और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है और चूंकि ये सभी सुविधाएं उपग्रहों के माध्यम से ही संचालित होती हैं, अतः संचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने की मांग आज समस्त देशों के बीच बढ़ रही है। चूंकि भारतीय तकनीक तुलनात्मक रूप से बहुत सस्ती है अतः कई देश अब इस सम्बंध में भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच चंद्रयान-3 की कम लागत में सफल लैंडिंग के बाद वैश्विक स्तर पर व्यवसायिक तौर पर भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गयी है। आज भारतीय इसरो की, कम लागत और सफलता की गारंटी, सबसे बड़ी ताकत बन गयी है। अंतरिक्ष बाजार में भारत की धमक का यह स्पष्ट संकेत दिखाई दे रहा है और इस क्षेत्र में भारत एक धूमकेतु की तरह बनकर उभरा है। भारतीय इसरो अपने 100 से अधिक अंतरिक्ष अभियान (चन्द्रमा मिशन, मंगल मिशन, स्वदेशी अंतरिक्ष शटल, एवं चन्द्रयान-3 सहित) सफलतापूर्वक सम्पन्न कर चुका है। इसलिए कई विकसित देश भारत की इस असाधारण सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं। पूर्व में भी कुछ विकसित देश भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम को सफल होने से रोकने हेतु कुछ बाधाएं खड़ी करने के प्रयास कर चुके हैं। कई बार तो कुछ भारतीय वैज्ञानिकों को ही निशाना बनाने के प्रयास भी किए



**वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था आज बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था का रूप ले चुकी है एवं इस अर्थव्यवस्था पर अभी तक केवल कुछ विकसित देशों, अमेरिका, रूस, चीन, कनाडा, ब्रिटेन आदि का वर्चस्व रहा है। परंतु, भारत इस क्षेत्र में अपनी गहरी पैठ बनाता हुआ दिखाई दे रहा है अतः विकसित देश भारत की इस महान उपलब्धि को पचा नहीं पा रहे हैं।**

गए हैं। भारत में अंतरिक्ष अनुसंधान कार्य 60 के दशक में प्रारम्भ हुआ था एवं वर्ष 1969 में देश में इस कार्य को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इसरो (भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संस्थान) की स्थापना की गई थी। इसरो ने पिछले 54 वर्षों के अपने कार्यकाल में अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कुछ देश तथा निजी कम्पनियां अंतरिक्ष अनुसंधान का वाणिज्यिक उपयोग करने हेतु प्रयासरत हैं। वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का आकार 45,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो आगे आने वाले समय में 1 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अमेरिका की भागीदारी 56.4 प्रतिशत, यूनाइटेड किंगडम की 6.5 प्रतिशत, कनाडा की 5.3 प्रतिशत, चीन की 4.7 प्रतिशत एवं जर्मनी की 4.1 प्रतिशत है। अब भारत भी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी, जो वर्तमान में 2 प्रतिशत से कुछ अधिक (960 करोड़ अमेरिकी डॉलर) है, को तेजी से आगे बढ़ाना चाहता है। एक अनुसंधान रिपोर्ट (आर्थर डी लिटिल) में यह दावा किया गया है कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2040 तक 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। भारत ने इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु 6 मार्च 2019 को न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) को 100 करोड़ रुपए की अधिकृत शेयर पूंजी के साथ बैंगलोर में इसरो की वाणिज्यिक शाखा के रूप में स्थापित किया है।

इसरो की स्थापना के बाद से ही भारत के लिये इसरो ने कई कार्यक्रमों एवं अनुसंधानों को सफल बनाया है। देश में दूरसंचार, प्रसारण और ब्रॉड्बैंड अवसंरचना के क्षेत्र में विकास के लिए इसरो ने उपग्रह संचार के माध्यम से कार्यक्रमों को चलाया है। इन उपग्रहों के माध्यम से भारत में दूरसंचार, टेलीमेडिसिन, टेलीविजन, ब्रॉडबैंड, रेडियो, आपदा प्रबंधन, खोज और बचाव अभियान जैसी सेवाएं प्रदान कर पाना एवं मौसम पूर्वानुमान, संसाधनों की मैपिंग आदि करना संभव हुआ है। वर्ष 2020 में ही केंद्र सरकार ने उपग्रहों की स्थापना और संचालन के क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआइ की अनुमति निजी क्षेत्र को दी थी, जिसके परिणामस्वरूप विगत तीन वर्षों में देश में लगभग 150 नए स्टार्टअप्स प्रारम्भ हुए हैं। अप्रैल 2023 में, भारत सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 की घोषणा की। यह नीति भारत के अंतरिक्ष विभाग की भूमिका को बढ़ाएगी और अनुसंधान, शिक्षा, स्टार्ट-अप और उद्योग को बढ़ावा देगी। भारत की अंतरिक्ष नीति अंतरिक्ष गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में निजी भागीदारी की परिकल्पना करती है और उसे प्रोत्साहित करती है। यह नीति भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र को खोलती है, जिससे निजी क्षेत्र को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने का मौका मिलता है। इसका उद्देश्य भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में शामिल विभिन्न संस्थानों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से रेखांकित करना भी है। कुछ दशक पहले वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में कुछ ही देशों का वर्चस्व था। भारतीय विज्ञानियों की मेहनत एवं दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि इस मोर्चे पर भारत अब विकसित देशों के साथ खड़ा है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ाने का प्रमुख कारण यह है कि पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए गए हैं। आज वैश्विक स्तर पर इसरो छठी सबसे बड़ी अंतरिक्ष एजेंसी के रूप में स्थापित हो चुका है। वर्ष 2014 में भारत विश्व में पहिली बार में ही सफलतापूर्वक मंगल गृह पर पहुंचने वाला देश बन चुका है।

हाल ही में इसरो ने रीयूजेबल लांच व्हिकल (आरएलवी) के प्रक्षेपण में बड़ी सफलता हासिल की है। यह उपग्रह को अंतरिक्ष में स्थापित कर वापस लौट आएगा, जिससे न केवल इसकी लागत में कमी आएगी, बल्कि मानव को अंतरिक्ष में घुमाने में भी इसका प्रयोग किया जा सकेगा। वर्ष 2024 तक अंतरिक्ष में मानव एवं रोबोट को भेजने की योजना है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर 17,000 छोटे उपग्रहों को प्रक्षेपित किया जाना है। भारत में पहले से ही डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रम तथा स्मार्ट सिटी जैसे मिशन चलाए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम भारत में न्यू स्पेस स्टार्टअप को सहयोग प्रदान कर कर रहे हैं। ऐसे स्टार्टअप विभिन्न तकनीकों और सेवाओं का निर्माण करते हुए इसरो के वैश्विक उपभोक्ता वर्ग (देश तथा निजी संस्थान) को आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। इस प्रकार इसरो और स्टार्टअप तथा विभिन्न निजी कम्पनियां आपस में मिलकर वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

विचार

# कनाडा की घरेलू राजनीति और भारत

कुलदीप चंद अग्निहोत्री



पिछले दिनों कनाडा और भारत के संबंधों में तलखी आई है। वैसे विश्व राजनीति में कनाडा की कोई विशेष महत्ता नहीं है। लेकिन भारत और कनाडा के संबंध बहुत पुराने हैं, इसलिए यह तलखी चिन्ताजनक कही जा सकती है। कनाडा में इस समय लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा (एलपीसी) की सरकार है। वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो हैं। लेकिन लिबरल पार्टी के पास सरकार चलाने के लिए पूर्ण बहुमत नहीं है। उसे एक दूसरे राजनीतिक दल न्यू डैमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ता है।

एनडीपी के अध्यक्ष जगमीत सिंह हैं, जो कभी भारत से ही कनाडा गए थे और बाद में वहीं के नागरिक बन गए। एनडीपी के अतिरिक्त ट्रूडो की अपनी पार्टी एलपीसी में भी पंजाबी मूल के कुछ सदस्य हैं। भारत विरोधी शक्तियां पिछले कुछ सालों से पंजाबियों में से कुछ लोगों को भारत के विरोध में अपने लक्ष्य के लिए संगठित कर रही हैं। कनाडा में भी ये प्रयास कुछ दशकों से चल रहे थे। कनाडा के कुछ राजनीतिक दल भी अपने स्थानीय राजनीतिक हितों के लिए इससे जुड़ गए। एलपीसी का नाम भी उन्हीं राजनीतिक दलों में आता है। कम से कम इस पार्टी पर नियंत्रण रखने वाले कुछ नेता तो जुड़ गए ही थे।

इसके संकेत 1985 में एयर इंडिया जहाज को कनाडा के कुछ नागरिकों द्वारा बम से उड़ा दिए जाने के समय से ही मिलने शुरू हो गए थे। इसमें भारतीय मूल के कनाडा के सैकड़ों नागरिक मारे गए थे। लेकिन उस समय के कनाडाई प्रधानमंत्री पीअरे ट्रूडो जहाज को बम से उड़ाने वाले अपराधियों को सजा दिलवाने के बजाय उनको बचाने में ज्यादा रुचि ले रहे थे। यहां यह जानना रुचिकर होगा कि जस्टिन ट्रूडो उसी पीअरे ट्रूडो के पुत्र हैं। ट्रूडो परिवार ने कनाडा की राजनीति में उन दिनों से ही अपनी प्राथमिकताएं तय कर ली थीं। यदि ज्यादा गहराई से विचार किया जाए तो ट्रूडो की पार्टी का वैचारिक आधार कल्चरल मार्क्सवाद कहा जा सकता है।

कल्चरल मार्क्सवाद स्थापित सामाजिक मूल्यों, संस्थाओं को समाप्त करना और अराजकता पैदा करना होता है। अराजकता से उत्पन्न शून्य में नए मूल्य रचना होता है। इटली के एक मार्क्सवादी चिन्तक एन्टोनी ग्रामकी ने यह सिद्धान्त अपने बन्दी काल में 1935 के आसपास स्थापित किया था। ग्रामकी का कहना था कि कार्ल मार्क्स का यह सिद्धान्त कि दुनिया भर में मजदूर क्रांति करेंगे, ठीक नहीं है। यदि ऐसा होता तो रूस में 1917 की क्रान्ति के बाद दुनिया भर में क्रान्ति फैलनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ग्रामकी का मानना था कि रूस में भी क्रान्ति मजदूरों ने नहीं की थी। रूस में तो उस समय उद्योग नाम मात्र ही थे। वहां का समाज तो कृषि आधारित था। ग्रामकी की स्थापना थी कि रूस में लेनिन ने प्रोफेशनल क्रान्तिकारियों की सहायता से सत्ता परिवर्तन किया था जिसे मजदूरों की क्रान्ति कह कर प्रचारित कर दिया गया।

यही कारण था कि क्रान्ति का यह रथ वहीं रुक गया था। ग्रामकी का कहना था कि क्रान्ति तो बुद्धिजीवी करते हैं। क्रान्ति के लिए पहले से स्थापित संस्कृति और जीवन मूल्यों को नष्ट करना होता है। यह इतना आसान नहीं होता। इसे विश्वविद्यालयों में बुद्धिजीवी ही कर सकते हैं। स्थापित संस्कृति और मूल्यों में परिवार सबसे पुरानी संस्था है। यदि परिवार समाप्त कर दिया जाए तो समाज में अराजकता फैल सकती है। लेकिन 2016 के बाद कल्चरल मार्क्सवाद के पैरोकार उससे भी आगे बढ़ गए। उनका कहना है कि पिछड़ेपन की सबसे बड़ी निशानी लिंग या जैंडर है। मैं पुरुष हूं या स्त्री, इसका निर्धारण करने का अधिकार केवल मुझे है। यदि कोई दूसरा इसका निर्धारण करता है तो यह मेरी व्यक्तिगत स्वतंत्रता में हस्तक्षेप है। अभी कुछ दिनों में कनाडा में बहुत बड़ा सम्मेलन होने वाला है जिसमें यह मांग की जा रही है कि माता-पिता जब अपने बच्चे को स्कूल में दाखिल करवाते हैं तो वे उसका लिंग निर्धारित नहीं कर सकते।

इसलिए स्कूल में बच्चे को मेल या फीमेल न लिखा जाए। समझ आने पर बच्चा खुद यह निर्णय करेगा। ट्रूडो की पार्टी इस कल्चरल मार्क्सवाद की सबसे बड़ी समर्थक है। सोवियत संघ के समय तो ग्रामकी का यह सिद्धान्त हाशिए पर ही रहा। जर्मनी के फ्रांकफुरत स्कूल के मार्क्सवादियों ने इसे सैद्धान्तिक स्तर पर जरूर जिलाए रखा लेकिन जमीन पर यह पैर नहीं जमा सका। सोवियत संघ के पतन के बाद ग्रामकी का यह सिद्धान्त अमेरिका के विश्वविद्यालयों में पुनः प्रकट होने लगा। लेकिन कल्चरल मार्क्सवाद के पैरोकारों को लगता है भारत इस क्रान्ति के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा है। यह सनातन राष्ट्र हजारों सालों के झंझावातों को झेलता हुआ भी अपनी आत्मा या चिति को बचाए हुए है।

## सिंथेटिक ट्रैक्स को सैरगाह मत बनाओ



हिमाचल प्रदेश में बहुत धन व श्रम खर्च करके एथलेटिक्स के लिए विश्वस्तरीय प्ले फील्ड उपलब्ध है, मगर प्रशासन की खेलों के प्रति बेरुखी व अज्ञानता के कारण सब बरबाद होता जा रहा है। राज्य में तीन जगह सिंथेटिक ट्रैक बन कर तैयार हैं, मगर उन पर कहीं तो पार्क की तरह लोग सैर कर रहे हैं और कहीं पर जिला खेल अधिकारी व उपायुक्त ने फौज के हवाले कर कई दिनों के लिए भर्ती की स्वीकृति दे दी है। सोचो, राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले हिमाचल के एथलीट पंद्रह दिन कहां ट्रेनिंग करेंगे। हिमाचल प्रदेश में खेल के साथ इस तरह की बदतमीजी आम बात हो गई है।

करोड़ों रुपयों से बने सिंथेटिक ट्रैकों को हिमाचल प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारी बरबाद करने पर क्यों आमादा हैं? क्या हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री व खेल मंत्री इस बात का संज्ञान लेंगे ताकि इन अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को बचाया जा सके। प्रदेश के पास आज से दो दशक पहले तक खेल ढांचे के नाम पर सैंकड़ों साल पहले राजा-महाराजाओं द्वारा मेले व उत्सवों के लिए बनाए गए चंद, मगर बेहतरीन मैदान चंबा, मंडी, नादौन, सुजानपुर, जयसिंहपुर, कुल्लू, अनाडेल, रोहड़ू, रामपुर, सोलन, चैल व नाहन आदि जगहों पर थे। इन मैदानों पर हिमाचल प्रदेश की खेल गतिविधियां कई दशकों से मेलों-उत्सवों व राजनीतिक रैलियों से बचे समय में चलती रही हैं। इन पुराने व ऐतिहासिक मैदानों का हाल कुछ ठीक नहीं है। कहीं अतिक्रमण व कहीं पर अव्यवस्था का बोलबाला साफ नजर आता है। वैसे तो हिमाचल प्रदेश की तरक्की में विभिन्न सरकारों का योगदान रहा है, मगर हिमाचल प्रदेश में पहली बार नई सदी के शुरुआती वर्षों में प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल की सरकार ने राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल ढांचे को खड़ा करने की शुरुआत की और आज हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड एथलेटिक्स, क्रिकेट, हॉकी, तैराकी व इंडोर खेलों के लिए उपलब्ध है। क्रिकेट में अनुराग ठाकुर के प्रयासों ने हिमाचल प्रदेश को क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर लाकर खड़ा कर दिया है जो काबिले-तारीफ है। बिलासपुर के लुहणू का खेल परिसर पूर्व मंत्री ठाकुर रामलाल के प्रयत्नों से सामने आया है। एथलेटिक्स सभी खेलों की जननी है। इसी से सब खेल निकले हैं और इसके प्रशिक्षण के बिना किसी खेल में दक्षता नहीं मिल सकती है। हिमाचल प्रदेश में आज हमीरपुर, बिलासपुर व धर्मशाला में तीन सिंथेटिक ट्रैक बन कर तैयार हैं।



## राशिफल

**मेषः-** सुंदर भावनात्मक अभिव्यक्ति से निकट संबंधों में अच्छी छबि बनेगी। नैतिक जिम्मेदारियों में आपकी सजगता काबिले तारीफहोगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**वृषभः-** काफी सारे अवरोधित कार्य के हल होने के आसार बनेंगे। कार्यक्षेत्र में अपनी बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे। किसी महत्वपूर्ण क्षेत्र में सगे-संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**मिथुनः-** जीविका क्षेत्र में कार्यकुशलता का जौहर बिखेरेंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता में समुचित परिश्रम के लिए मन केंद्रित होगा। महत्वहपूर्ण क्षेत्रों में उच्चस्तरीय लोगों का सहयोग मिलेगा।

**कर्कः-** महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। शिक्षा-प्रतियोगिता में समुचित परिश्रम के लिए मन चिंतित होगा। परिजनों से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा। आवेश में किये गये कार्य से हानि संभव।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाई का अभास होगा। किसी नये कार्य की सार्थकता हेतु मन प्रयत्नशील होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः-** कुछ कठिनाइयों से मन नकारात्मकता से पभावित होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य की तैयारी में समुचित साधन-व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**तुलाः-** कार्यकुशलता व बौद्धिक क्षमता से जीविका क्षेत्र सफलता अर्जित करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की ब्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। किसी नये रिश्ते में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृश्चिकः-**किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक होगा किंतु प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी।

**धनुः-** निराशा त्याग मन को आशावादी विचारों से सिंचित करें। कायरे के अत्याधिक बोझ से मन परेशान होगा। पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकरः-**भावनाओं से उद्वेलित मन से गलतियां स्वभाविक हैं। किसी नये कार्य के प्रति मन केंद्रित होगा। निकट संबंधों में किसी की कटु वाणी मन को दुखित करेगी।

**कुंभः-** कुछ नई जिम्मेदारियां मन पर दबाव बनाएंगी। अच्छी व्यवहार कुशलता से समाजिक मान-मर्यादा में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः-** जीवन की कठिनाइयों के कारण मन में हीन भावना न आने दें। अपनी क्षमताओ पर भरोसा रखें। पूर्वाग्रहवश मन में संबंधों के प्रति नकारात्मक को न पालें।

# महिलाओं को मिला उनका हक

आदित्य नारायण



**महिला आरक्षण विधेयक पारित हो जाने के बाद यह सवाल आज भी जस का तस बना हुआ है मगर इसके बावजूद वह बन्धन तो टूटा है जो पिछले 27 साल से खासतौर से 2010 के बाद से बन्धा हुआ था और राज्यसभा की मंजूरी के बावजूद यह लोकसभा में पारित नहीं हो पा रहा था। इस बार लोकसभा से ही मोदी सरकार ने शुरूआत की और राज्यसभा ने भी इसे पारित किया। विधेयक में अनुसूचित जाति व जन जाति की महिलाओं के लिए भी 33 प्रतिशत आरक्षण होगा। इसका मतलब यह हुआ कि इन जातियों का लोकसभा व विधानसभाओं में जो 22.5 प्रतिशत प्रतिनिधि चुनने का कोटा है उसे 33 प्रतिशत महिलाएं होंगी लेकिन यह कानून 2029 के चुनावों से पहले लागू नहीं हो सकेगा**

महिला आरक्षण विधेयक 27 साल की लम्बी प्रतीक्षा के बाद अब संसद से पारित होकर कानून बनने की प्रक्रिया में पहुंच गया है। 1996 में पहली बार श्री देवेगौड़ा की सरकार के दौरान जब इस विधेयक को पहली बार संसद में लाया गया था तो इसका भारी विरोध हुआ था। हालांकि देवेगौड़ा ने 2001 में जनगणना कराने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी थी। उसके बाद स्व. वाजपेयी की सरकार के दौरान भी 1998 से कई बार प्रयास हुए मगर हर बार असफलता ही हाथ लगी। मगर 2010 में डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान यह राज्यसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण सीमा के साथ भयंकर शोर-शराबा और हंगामा होने के बाद मार्शल-पुलिस के साये में पारित हुआ।

उस समय सत्ताधारी कांग्रेस, विपक्षी पार्टी भाजपा और दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों ने इसका समर्थन किया और समाजवादी पार्टी, जनता दल (यू) और राष्ट्रीय जनता दल ने इसका कड़ा विरोध किया था। उनके विरोध का मुख्य कारण यह था कि ये दल 33 प्रतिशत आरक्षण के बीच पिछड़ी जाति की महिलाओं का भी आरक्षण चाहते थे। इन दलों का कहना था कि महिलाओं के लिए दिये जा रहे आरक्षण का लाभ वे ही महिलाएं उठा ले जायेंगी जो या तो राजनैतिक परिवारों से आती हैं अथवा शहरों में पढ़ी-लिखी हैं। इसमें गांवों की गरीब महिलाओं को कोई भागीदारी नहीं मिलेगी। महिला आरक्षण विधेयक पारित हो जाने के बाद यह सवाल आज भी जस का तस बना हुआ है मगर इसके बावजूद वह बन्धन तो टूटा है जो पिछले 27 साल से खासतौर से 2010 के बाद से बन्धा हुआ था और राज्यसभा की मंजूरी के बावजूद यह लोकसभा में पारित नहीं हो पा रहा था। इस बार लोकसभा से ही मोदी सरकार ने शुरूआत की और राज्यसभा ने भी इसे पारित किया। विधेयक में अनुसूचित जाति व जन जाति की महिलाओं के लिए भी 33 प्रतिशत आरक्षण होगा। इसका मतलब यह हुआ कि इन जातियों का लोकसभा व विधानसभाओं में जो 22.5 प्रतिशत प्रतिनिधि चुनने का कोटा है उसे 33 प्रतिशत महिलाएं होंगी लेकिन यह कानून 2029 के चुनावों से पहले लागू नहीं हो सकेगा इसका विस्तार से वर्णन गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में करके यह सिद्ध किया कि संसद में उन जैसा पारंगत संसदीय विद्वान भाजपा के पास है जिसमें उलझे हुए पेचीदा सवालों का सरल जवाब पेश करने की गजब की क्षमता है। भाजपा को बहुत दिनों बाद कोई विद्वान सांसद मिला है। खास कर अटल जी और श्री अडवानी के बाद। श्री शाह ने बताया कि महिला आरक्षण को लागू करने के लिए पहले जनगणना और चुनाव क्षेत्र परिसीमन आयोग की जरूरत क्यों पड़ेगी? 2026 तक लोकसभा की सदस्य संख्या जाम की हुई है। इस आशय का विधेयक 2001 में पारित किया गया था। 2021 में जो जनगणना होनी थी वह कोरोना काल की वजह से टाल दी गई। अब 2024 में लोकसभा चुनाव हैं। नई जनगणना इन चुनावों के बाद ही 2025 से शुरू की जा सकती है। इसके परिणाम के बाद परिसीमन आयोग का गठन होगा और वह भी जनगणना के अनुसार लोकसभा की सदस्य संख्या में वृद्धि करेगा जिसमें से 33 प्रतिशत महिलाओं का आरक्षण किया जायेगा। यह परिसीमन आयोग तय करेगा कि कौन सी सीट महिला के लिए आरक्षित की जाये। उसका फैसला निर्विवाद होता है क्योंकि उसके निर्णय को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है। कांग्रेस की मांग है कि आरक्षण अभी से लागू किया जाये। यह काम यदि चुनाव आयोग की मदद से सरकार करती है तो उसके फैसले को पक्षपातपूर्ण माना जा सकता है। उसे न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। मसलन किसी बड़े नेता की सीट यदि महिला के लिए आरक्षित कर दी जाती है तो भारी राजनैतिक विवाद खड़ा हो सकता है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672

फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# भाजपा आईटी व सोशल मीडिया सेल की हुई महत्वपूर्ण बैठक

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**भारतीय** जनता पार्टी जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर आईटी व सोशल मिडिया की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने बैठक का शुभारंम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर शुभारंम्भ किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता व संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन के विस्तार में आईटी व सोशल मिडिया का एक महत्वपूर्ण कार्य है। जिसके अंतर्गत संगठन के हर मण्डल, शक्ति केन्द्र, बूथ स्तर तक हर कार्यकर्ताओं के मोबाइल में सरल एप्प नमो एप्प डाउनलोड होना अति आवश्यक है। सोशल मिडिया संगठन व सरकार के कार्यक्रम और योजनाओं की जनता



के बीच में पहुंचाने का एक उचित माध्यम है। इसलिए सभी कार्यकर्ता सोशल मिडिया पर सकारात्मक माहौल बनाने के लिए लगातार सक्रिय रहेंगे तो संगठन कार्य का विस्तार तेजी से होगा। बैठक को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक की सोशल मिडिया टीम को और मजबूत करते हुए उसका विस्तार करना होगा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक सोशल मिडिया मनोज सिंह ने आये हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप्प ग्रुप, ट्विटर एवं नमो एप्प, सरल एप्प पर कार्यक्रम अपलोड करने की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को सोशल मिडिया के माध्यम से हर मोबाइल तक पहुंचाने का कार्य बूथ स्तर तक के सभी कार्यकर्ता करेंगे तो आम जनमानस को योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल पायेगी। बैठक मे मुख्यरुप से जिला संयोजक अभय सिंह, दीपक अग्रहरी, संजीव जायसवाल, भोलू जायसवाल, राजकुमार यादव, मनीष जायसवाल, सूर्या यादव, गौरव सिंह, आशुतोश शुक्ला एवं देवव्रत तिवारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विंढमगंज में दुकान बंद कर व्यापारियों ने जताया विरोध

- सीओ साहब के आश्वासन पर माने व्यापारी

**विन्ढमगंज सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



**विन्ढमगंज** व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी को बीती रात विन्ढमगंज थाने के दरोगा ने अभद्र भाषाओं का प्रयोग करते हुए भद्दी भद्दी गलियों का भी उपयोग किया इसके उपरांत विन्ढमगंज के व्यापारियों मे आक्रोश देखने को मिला और आज पूरे विन्ढमगंज मार्केट के दुकानदार व्यापारियों अपना दुकान बंद कर दिए और व्यापारी लोग बोले की जब हमारे व्यापार मंडल अध्यक्ष ही सुरक्षित नहीं हैं तो हम लोग सुरक्षित किस तरह से रहेंगे इस बात लेकर के पूरी मार्केट आज संपूर्ण रूप से बंद किया गया है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी ने बताया कि हम रात्रि के लगभग 10 बजे अपने घर के बगल में 100 मीटर एक ठेले की दुकान पर चाय पीने गए तब वहां पर दो लड़के हैं और एक लड़का उसी में से थाने पर खाना बनाता है और वह दोनों लड़के हमसे बदतमीजी करने लगे और डरवाले धम्कियाने लगे तब उसमें से एक लड़का थाने पर फोन कर दिया और थाने से दरोगा आए और सारी बाते सुन रहे थे तब हमने बोला दरोगा जी आपके सामने यह सब गाली दे रहे हैं यह सब ठीक हो रहा है तो दरोगा जी ने छोटे-छोटे दुकानदारों को भद्दी भद्दी गालियां देने लगे और दुकान बंद कराने लगे। और हमारे विन्ढमगंज मार्केट में छोटे-छोटे व्यापारी है जो कि अपना किसी तरह छोटा-मोटा व्यापारी करके अपना घर परिवार चलते हैं क्षेत्राधिकार महोदय आश्वासन दिए के गलत व्यक्ति के ऊपर कार्रवाई की जाएगी चाहे वह हमारे पुलिस प्रशासन विभाग का हो चाहे आम जनता हो। इसी बातो को आश्वासन मानते हुए विन्ढमगंज व्यापार मंडल के सभी व्यापारियों अपना-अपना दुकान खोल दिए।

# पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत

- तीन मासूम बेटियों के सर से उठा पिता का साया

**चोपन/सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**घर के** छत पर फर्राटा पंखा लगाकर सो रहा था 35 वर्षीय व्यक्ति पंखे में अचानक उतरा करंट सोए हुए व्यक्ति के संपर्क में आया पंखा हुई मौत।

स्थानीय थाना क्षेत्र निवासी रितेश श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय राम आधार लाल श्रीवास्तव हर रोज की भांति अपने घर के छत पर पंखा लगाकर सोया था की मध्य रात्रि अज्ञातवास पंखा सोए हुए व्यक्ति के संपर्क में आया जिससे पंखे में उतरे करंट के चपेट में आने से रितेश श्रीवास्तव की हुई मौत। तड़के सुबह जब घर के लोग छत पर पहुंचे तो देखा कि रितेश के ऊपर पंखा गिरा हुआ है जैसे ही लोगों ने स्पर्श किया लोगों को



भी करेंट का तेज झटका लगा वही संबंधित पंखे को बिजली से अलग कर रितेश को अस्पताल ले जाया गया जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन के डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई कोहराम मच गया तो वहीं घटना के बारे में तत्काल पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। दो भाइयों में मृतक रितेश छोटा था तो वहीं रितेश की बड़ी बेटी पीहू महज 9 वर्ष की है गुन्नू और पाखी क्रमशः 7 व पांच वर्ष की है जिनके सर से पिता का साया उठ गया, पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है, पूरे परिवार में पसरा है मातम।

# स्वागत योग्य था रालोद मुखिया का भाषण: विजय

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने महिला आरक्षण बिल पर राज्यसभा में राष्ट्रीय लोक दल मुखिया सांसद चौधरी जयंत सिंह द्वारा दिए गए भाषण का स्वागत किया है।श्री श्रीवास्तव ने कहा की राष्ट्रीय लोक दल देश के महान किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के विचारों की पार्टी है।भारत की राजनीति में चौधरी साहब सांझी विरासत और सामाजिक न्याय के पुरोधा थे।देश का किसान कमेरा समाज का समग्र विकास चौधरी चरण सिंह के विचारो से ही संभव है।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल मुखिया सांसद चौधरी जयंत सिंह के जन हितैषी और प्रगतिशील नीतियों के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश में काफी लोकप्रियता बढ़ रही है और राष्ट्रीय लोक दल एक मजबूत ताकत बन कर उभर रही है।

# अटल आवासीय विद्यालय में वाटर कूलर व आरो का संयुक्त रूप से किया गया उद्घाटन

**सहजनवा गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**

**इंडिया** ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में अटल आवासीय विद्यालय परिसर सहजनवा में एक वाटर कूलर एवं आरो लगवाया है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सहजनवा प्रदीप शुक्ल एवं विशिष्ट अतिथि उपश्रमायुक्त अमित मिश्रा,संयुक्त विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह रहे, तथा सभी अतिथियों ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर वाटर कूलर एवं आरो का उद्घाटन किया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य एकेसिंह ,श्रम प्रवर्तन अधिकारी चक्रधारी ओझा संतोष कुमार ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा की गरिमामई उपस्थिति रही। विधायक सहजनवा ने कहा की इस आरो से जहा बच्चो को शुद्ध पेय जल मिलेगा वही दूसरी ओर उनका स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा तो बच्चे



उच्च स्तर की शिक्षा दीक्षा ग्रहण करेगे और इससे बच्चो का मानसिक विकास भी होगा। विधायक सहजनवा ने आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल द्वारा क्षेत्र के विकास में सदैव सहयोग देने हेतु प्रशंसा किया और कहा की निसंदेह आईजीएल लगातार क्षेत्र में जनहित के कार्य कर रही है इसके साथ ही उन्होंने वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार को भी तारीफ किया। विशिष्ट अतिथि एसडीएम सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने कहा की शुद्ध जल कई बीमारियों से बचाता है और सरकार द्वारा खोले गए इस विद्यालय में मजदूर, निर्धन के भी बच्चे उच्च शिक्षा को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे तथा आईजीएल कंपनी से मिले इस सहयोग हेतु भूरी भरी प्रशंसा किया। विशिष्ट अतिथि उपश्रमायुक्त अमित मिश्रा ने कहा की आज बदले भारत में शिक्षा सभी वर्गों के लिए अत्यंन्त आवश्यक है और सरकार घर घर उच्च कोटि की शिक्षा पंहुचा रही है तथा बच्चो के स्वास्थ्य के प्रति भी खेल कूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित कर रही है। इसके साथ ही आईजीएल के बिजनेस हेड द्वारा लगाए गए आरो एवं वाटर कूलर के लिए आभार जताया और कहा की आईजीएल सदैव सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है। प्रधानाचार्य डॉ एके सिंह ने आईजीएल द्वारा मिले इस सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा की आईजीएल द्वारा सदैव जनहित के कार्य कराए जाते है। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया और कहा की जनप्रिय विधायक सहजनवा केनेतृत्व में क्षेत्र विकास की नई इबारत लिख रहा है इसके साथ ही कहा की उपश्रमायुक्त के नेतृत्व में सभी उद्योग निर्भीकता से विधिसम्मत कार्य कर रहे है , इसके साथ ही उन्होंने कहा की उप जिलाधिकारी सहजनवा कुँअर सचिन सिंह के नेतृत्व में जनपद की सबसे विकसित तहसील बनने की राह पर अग्रसर है इनकी नेतृत्व क्षमता की वजह से क्षेत्र की जनता इन्हे अपना अभिभावक मानती है।

# महिला सशक्तिकरण हेतु 'शक्ति दीदी' के माध्यम से एक माह का चलाया जा रहा विशेष अभियान

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**कम्युनिटी** पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु 'शक्ति दीदी' के माध्यम से चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के अंतर्गत डॉ. यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की ÷शक्ति दीदी÷ द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं/बालिकाओं व बच्चों ने प्रतिभाग किया। आयोजित ग्राम चौपाल में महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा संवाद कर महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके निस्तारण हेतु तत्काल प्रयास किए गए। चौपाल में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।



# प्रतिस्पर्धात्मक सोच है आवश्यक: प्राचार्य

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

**का.सु.साकेत** स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षांरभ समारोह के चौथ दिन पर बी-एससी प्रथम सेमेस्टर की छात्र छात्राओं का समारोह जेपीएन सिंह सभागार मे संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अभय कुमार सिंह,डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो एल के सिंह,दीक्षारंभ कार्यक्रम के सम्यक प्रो शिवकुमार तिवारी, उप समन्वयक डॉआशुतोष त्रिपाठी,छात्र कल्याण अधिकारी प्रो बी.डी द्विवेदी व प्रो अशोक कुमार मिश्रा द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर की गई जिसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व महाविद्यालय गीत प्रस्तुत किया।स्वागत की कड़ी में प्रो शिव कुमार तिवारी द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र पहनाकर माल्यार्पण किया गया।आईक्यूएसी समन्वयक प्रो आशुतोष सिंह ने सेमेस्टर प्रणाली




परीक्षा के संदर्भ के साथ ग्रेडिंग प्रणाली पर अपनी बात रखी । छात्र कल्याण अधिकारी प्रो द्विवेदी ने महाविद्यालय में छात्रोंपयोगी विभिन्न छात्रवृत्तियों के संदर्भ में प्रकाश डाला और छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रो सिंह ने कहा कि हम संस्कार और संस्कृति के माध्यम से अपनी शिक्षा से जुड़ रहे हैं,हमें अपने विकास के साथ-साथ राष्ट्र के विकास में भी भूमिका निभानी चाहिए यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति सतत मूल्यांकन की प्रक्रिया है।हम उस भूमि पर बैठे हैं जो योग की कर्मभूमि है।हमें सजग,सतत और सदैव नित नई जानकारी से सूचित रहना होगा।प्राचार्य प्रो सिंह ने कहा कि समय किसी का इंतजार नहीं करता,समय की गति के अनुसार समय का सदुपयोग करें।आप प्रतिस्पर्धात्मक सोच के साथ आगे बढ़े।आप को यदि किसी भी प्रकार की आवश्यकता है तो महाविद्यालय के विभिन्न समितियो के प्रभारी से संपर्क करें,आप सीधे हमसे भी अपनी बात कर सकते हैं।आप सभी को हमसे मिलने में किसी भी प्रकार की हिचक और रुकावट नहीं है। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रशांत कुमार ने किया।कार्यक्रम में प्रो ओपी यादव,प्रो डी एन सिंह,प्रो प्रीति सिंह,डा प्रतिभा सिंह,डा अखिलेष सिंह,डॉ अवधेश कुमार शुक्ला,डॉ विनय कुमार सिंह,डॉ प्रभात श्रीवास्तव,डॉ हरनाम सिंह लोधी,डॉ असीम कुमार त्रिपाठी सहित विज्ञान संकाय से व प्रो उपमा वर्मा,प्रो कविता सिंह,प्रो वंदना जायसवाल,डॉ संदीप कुमार,कला संकाय के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओ सहित छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## खबरें एक नजर में

### तीन दिनों के अंदर मेडिकल स्टोरों में लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशन पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने नगर में अभियान चलाकर मेडिकल स्टोर संचालकों को दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें तीन दिनों के अंदर प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए है। ताकि नशीली दवाओं की बिक्री की निगरानी की जा सकें। जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के औषधि निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने मेडिकल स्टोर एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमर मेडिकल स्टोर के संचालक अनिल ओमर, क्षीर सागर मेडिकल स्टोर के मनु गुप्ता एवं चन्देल मेडिकल स्टोर के रोहित चन्देल के साथ नगर के समस्त मेडिकल स्टोरों की दुकान पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का अभियान चलाया। जिसमें समस्त मेडिकल स्टोर संचालकों को अपने-2 प्रतिष्ठान पर तीन दिनों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए गए। जिससे नशीली दवाओं की बिक्री की निगरानी की जा सके। वहीं जनहित मेडिकल स्टोर पर कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाने तक बन्द कराया गया। औषधि निरीक्षक ने एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ बैठक कर युवाओं को नशा मुक्त करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षक दवाओं को नशे की लत में प्रयोग से बचाने के लिए बिना डाक्टर पर्चा के शिड्यूल एच एवं एच-1 की औषधियों का विक्रय नहीं किया जाएगा। इस मौके पर विशाल मेडिकल स्टोर, सूर्या मेडिकल स्टोर, शिवहरे मेडिकल स्टोर, नेशनल मेडिकल स्टोर, पंडित मेडिकल स्टोर, वासू मेडिकल स्टोर, शिवांगी मेडिकल स्टोर, कस्तूरी मेडिकल स्टोर आदि के संचालकों द्वारा शपथ ली गई। यह अभियान निरन्तर जारी रखते हुए सम्पूर्ण जनपद में चलाया जाएगा।

### घरेलू झगड़े में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**राठ ।** जरिया थाने के मंगरौल गाँव में घरेलू झगड़े के चलते महिला ने अपने घर में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने जमीन नाम करवाने को लेकर हुए विवाद के चलते पति समेत ससुराललीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए जरिया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मंगरौल गांव निवासी दयावती (35) पत्नी महेंद्र ने घरेलू झगड़े के चलते अपने मकान के कमरे में रस्सी के फंदे से फांसी लगा ली। मृतका के ससुरालीजनों ने बताया कि मृतका दयावती ने बीते करीब छह माह पूर्व अपने पति महेंद्र से 60 हजार रुपये लेकर अपने भाई धर्मेंद्र को दिए थे। बताया कि रुपयों को वापस मांगने को लेकर हुए विवाद के चलते दयावती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं महोबा जनपद के रोहनिया बिहारी गाँव निवासी मृतका के भाई धर्मेंद्र ने बताया कि उसकी बहन दयावती के नाम बंडवा गांव में 15 बीघा कृषि भूमि थी। जिसे उसकी बहन दयावती का पति महेंद्र लगातार बेचने का दबाव बना रहा था। बताया जब बहन ने जमीन को बेचने से मना कर दिया तो आक्रोशित होकर पति महेंद्र व अन्य ससुरालीजनों ने उसकी बहन की हत्या कर दी। जरिया थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक में टक्कर मारने का आरोप लगाकर दबंगों ने ट्रक चालक को बेरहमी से पीटा

**सुमेरपुर।** गुरुवार की रात कानपुर से पपरेन्दा बालू लोड करने जा रहे वृद्ध ट्रक चालक को टेढा गांव में दबंगों ने बाइक में टक्कर मार देने का आरोप लगाकर बंधक बनाकर नलकूप ले गए और जमकर मारा पीटा। हेल्पर की सूचना पर ट्रक मालिक ने घटना से डायल 112 के साथ थाना पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक की निशानदेही पर गांव के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। सत्ता पक्ष के नेताओं के दबाव में अभी तक दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा नहीं लिखा गया है। ट्रक चालक मारपीट के दौरान रुपए लूटने का आरोप लगा रहा है। गुरुवार को देर शाम एक ट्रक कानपुर से बांदा के पपरेन्दा के पास डंप से बालू लादने जा रहा था। टेढ़ा गांव में तीन युवकों ने बाइक में टक्कर मार देने का आरोप लगाकर चालक को रोक लिया और मौके पर अन्य परिजनों को बुलाकर अपने साथ बंधक बनाकर नलकूप ले गए और जमकर मारा पीटा। चालक को पकड़कर ले जाने की घटना से ट्रक के हेल्पर ने मालिक को अवगत कराया और मदद की गुहार लगाई। ट्रक मालिक ने चालक को अपहरण कर ले जाने की घटना से 112 नंबर के साथ थाना पुलिस का अवगत कराया।

# जिला अस्पताल में अव्यवस्था देख भड़के कांग्रेसी, कहा शीघ्र सुधार नहीं तो होगा आंदोलन

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

- कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल पहुंच जाना उपचार करा रहे मरीजों का हाल, अव्यवस्था देख अचंभित हुए कांग्रेसी

**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देशानुसार सोनभद्र जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को कांग्रेसियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अस्पताल में डेंगू , मलेरिया एवं चिकनगुनिया का उपचार कर रहे पीड़ित मरीजों का हाल जानने पहुंचा। इस दौरान अस्पताल की अव्यवस्था देख कांग्रेसी हैरत में पड़ गए। प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड़ ,शहर अध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी के साथ जितेंद्र पासवान, आशीष कुमार शुक्ला, प्रदीप कुमार चौबे, प्रांजल श्रीवास्तव, अजीत बियार, जितेंद्र देव पांडेय, अरविंद मिश्रा वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल रहे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला अस्पताल में मरीजों की दुर्गति हो रही है नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी है जिससे मरीजों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर हम कांग्रेस के सिपाही जिला अस्पताल के सीएमएस के पास डेंगू, चिकनगुनिया एवं मलेरिया के मरीजों का हाल-चाल लेने एवं जिला प्रशासन द्वारा ऐतिहातन की गई व्यवस्था की जानकारी लेने पहुंचे किंतु सीएमएस ऑफिस में सीएमएस नहीं मिले बताया गया की मीटिंग में भाग लेने गए हैं। डेंगू मरिज वार्ड पर ताला जड़ा मिला, वहीं उपस्थित स्टाफ ने बताया कि डेंगू का कोई भी मरीज यहां पर भर्ती नहीं है



फिर हम लोग सीएमओ से मिलने उनके ऑफिस पर गए जहां डिप्टी सीएमओ डॉ प्रेमनाथ ने बताया कि सीएमओ साहब मीटिंग में गए हुए हैं और अभी तक जनपद में 39 संभावित डेंगू के मरीज पाए गए हैं जिसमें 29 मरीज को डेंगू की पुष्टि हुई है वर्तमान समय में कोई भी मरीज अस्पताल में भर्ती नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला अस्पताल से काफी संख्या में डॉ पीजी करने हेतु बाहर चले गए हैं जिससे अस्पताल में भारी दुर्व्यवस्था पैदा हो गई है ।जिला अस्पताल के डॉक्टरों की लिस्ट मांगने पर बताया गया कि सीएमओ साहब के पास लिस्ट है। कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने बताया कि जिला अस्पताल की हालत देखने पर पता चल रहा है कि यह अस्पताल भगवान भरोसे ही चल रहा है एक तरफ जहां प्रदेश सरकार द्वारा डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया के लिए व्यापक योजना बनाकर रोकथाम की व्यवस्था का प्रचार प्रसार किया जा रहा है वहीं जनपद में अस्पताल की व्यवस्था देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यहां के अस्पताल के जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारियो की फॉर्मेलिटी अदा कर रहे हैं। आगे कहा कि शहर से लेकर गांव तक में कहीं भी कीटनाशक दवा का छिड़काव नहीं किया जा रहा है जिसके कारण जिले में काफी लोग वायरल बुखार मलेरिया एवं डेंगू की चपेट में आ रहे हैं और सरकारी अस्पताल की व्यवस्था देख निजी नर्सिंग होम में उपचार करने को मजबूर हैं। सरकारी व्यवस्था से आक्रोशित कांग्रेसियों ने एक स्वर में कहा कि जल्द ही स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू ढंग से नहीं चलाया गया तो कांग्रेस पार्टी स्वास्थ्य महकमा के विरुद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

**महोबा। समृद्धि न्यूज**





**राज्यमंत्री** (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात/जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं उद्योग बंधु, बैंकर्स कमेटी, जन शिकायतों के निस्तारण, सीएम हेल्पलाइन, आईजीआरएस, थाना दिवस, ब्लॉक दिवस, तहसील दिवस,आकांक्षात्मक जनपद, विकास खंडों की कार्य योजना, जनपद में राजस्व संग्रह (जीएसटी, आबकारी, स्टांप, परिवहन, खनन) की स्थिति एवं वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।इस अवसर पर माननीय मंत्री जी नें उपस्तिथ सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी/कर्मचारियों सहित सभी लोगों को स्वच्छता ही सेवा-2023 के अंतर्गत कचरा मुक्त भारत करने की शपथ दिलाई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या हो तो उसका त्वरित निस्तारण किया जाये। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराई जाए तथा ट्रांसफार्मर ख़राब होने पर 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदला जाए। और कहा कि हर गौशाला में वृक्षारोपण करवाया जाए और जगह चिन्हित कर नई गौशालायें स्थापित की जाएं तथा दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को तत्काल राहत दी जाए।उन्होंने मंडी सचिव को निर्देशित किया की मंडी के अंडर बने चबूतरों को कब्ज़ा मुक्त कराकर किसानों के बैठने के लिए उपलब्ध कराएं तथा मंडी समिति के द्वारा निर्मित जो भी रोड 08 वर्ष पुराने हैं उनकी मरम्मत कराकर गड्ढा मुक्त कराएं।मंत्री नें सभी अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा की किसी भी कार्यालय में बिचौलिया या बाहरी व्यक्ति नहीं कार्य करना चाहिए यदि किसी कार्यालय में या किसी अधिकारी के साथ बाहरी व्यक्ति पाया जाता है तो उस पर तत्काल कार्यवाही करें। उन्होंने कहा की जितने भी विरासत के मामले हैं उनको तुरंत निस्तारित कराएं।उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा की कटी हुयी पुलियों की मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त पुलियों का नया निर्माण कराया जाये तथा सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा की मेरी माटी मेरा देश के तहत कार्यक्रम किए जाएं। हर न्याय पंचायत में मेरी माटी मेरा देश से संबंधित भव्य कार्यक्रम कराये जाएँ। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिस गांव में 4000 से अधिक यूनिट हो गई हैं उस गांव में दूसरी दुकान की तत्काल स्थापना की जाए तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सप्ताह में एक बार एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण अवश्य करायें। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि हर पात्र कृषक को किसान सम्मान निधि का लाभ जरूर दिया जाए, इस कार्य में कोई भी लापरवाही ना की जाए।इस अवसर पर मंत्री जी नें कृषि विभाग के द्वारा उपलब्ध करायी गयी बीज किटो को किसानो को वितरित किया। इस अवसर पर एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष जे. पी. अनुरागी, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महोबा डिपो अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**महोबा। समृद्धि न्यूज**





**उत्तर** प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम महोबा डिपो के नवनिर्वाचित डिपो अध्यक्ष,अनादि वीर सिंह सेंगर का शपथ ग्रहण समारोह रोडवेज परिषर महोबा में आयोजन हुआ।शपथ ग्रहण के मुख्य अतिथि में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, सहकारी बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी व नगर पालिका अध्यक्ष महोबा संतोष चौरसिया की उपस्थित में अनादिवीर सिंह सेंगर का सम्मान फूल माला पहनाकर किया गया।अध्यक्ष पद ग्रहण करते ही नई जेम्मेदारी सौपते हुए,एमएलसी ने कहा कि कर्मचारियों के हित व निगम हित में काम करें जब कोई समस्या हो तो उसके निदान के लिए सरकार है,और किसी भी मजदूर का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा अगर कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल प्रभाव से अवगत कराया जाये जिससे तुरंत उसका निदान किया जाये।कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत सम्मान में स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया गया, नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि में एक कर्मचारी हूँ, और जो डिपो के कर्मचारियों की।कोई भी समस्या होती है तो उसे हर हाल में निदान कराया जायेगा।शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में क्षेत्र के समस्त डिपो व महोबा डिपो के सभी कर्मचारी गण ने फूल माला पहनाकर महोबा डिपो नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया और जल पान मिष्ठान कर सभी ने बधाई दी। शपथ ग्रहण में डिपो के अधिकारी व वरिष्ठ कर्मचारी नेता संतोष शर्मा,अजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर कैलाश यादव सम्मानित

**इटावा।** आर्य समाज उदयपुर के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह सम्मान समारोह मेधावृत आर्य एवं धर्मेंद्र कुमार ने अपने माता-पिता चंद्र प्रकाश एवं शांति देवी की स्मृति में आयोजित किया। सर्वप्रथम हवन एवं यज्ञ का आयोजन किया गया उसके पश्चात समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को पता पहना करके, पुस्तक देकर के एवं प्रमाण पत्र देकर के सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव को शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेधावृत ने कहा कि डॉक्टर कैलाश यादव छात्र-छात्राओं को संस्कारवान शिक्षा प्रदान कर रहे हैं साथ ही उनके द्वारा पढ़ाए हुए छात्र-छात्राएं समाज में विभिन्न पदों पर आसीन होकर सामाजिक कार्यों को भी कर रहे हैं तथा अपनी आजीविका एवं व्यापार भी अच्छे तरीके से कर रहे हैं। डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने मेधावृत जी का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि वह पूर्ण मनोयोग से शिक्षण कार्य में लगे हुए हैं तथा यह चाहते हैं कि समाज का हर बच्चा शिक्षित होकर के राष्ट्र निर्माण में अपनी माहिती भूमिका निभाएं।

### सैफई के ओपीडी के काउन्टर पर शुरू हुई ई-सुश्रुत एचएमआईएस सेवा

**इटावा।** उ.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के ओपीडी के काउन्टर नंबर 41 पर ई-सुश्रुत एचएमआईएस सेवा शुरू कर दी गयी है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डा0) प्रभात कुमार सिंह ने दी। उन्होनें बताया कि विश्वविद्यालय में 'ई-सुश्रुत' अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) की शुरूआत प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की पहल पर राज्य चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सेंटर फॉर डेवलपमेंट आफ एडवांस कंप्यूटिंग (सीडीएसी) के सहयोग से शुरू किया गया है। इसका लाभ लेने के लिए लाभार्थी को गूगल प्ले स्टोर से ई-सुश्रुत एचएमआईएस एप को डाउनलोड करना जरूरी है। इस एप पर रजिस्ट्रेशन के बाद मरीज को लाइन में लगकर पर्चा नहीं बनवाना पड़ेगा जिससे मरीज को काउंटर पर होने वाली असुविधा से निजात मिलेगी। इस सम्बन्ध में चिकित्सा अधीक्षक प्रो0 (डा0) एसपी सिंह ने बताया कि ई-सुश्रुत एचएमआईएस एप को डाउनलोड करने के बाद मरीज को एक यूनीक आईडी नंबर मिलेगा। इस यूनीक नंबर से मरीज की सारी जानकारी अस्पताल में दर्ज हो जायेगी। जब रोगी अस्पताल में दुबारा दिखाने आयेगा तब केस हिस्ट्री और जानकारी अस्पताल में पहले से दर्ज होने से मरीज को काफी राहत मिलेगी।।ओपीडी प्रभारी डा. गणेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस सुविधा से आनलाइन रजिस्ट्रेशन के अलावा बेड पंजीकरण, की बुकिंग सुविधा की भी जानकारी आसानी से मिलेगी।

### बाइक ने साइकिल में मारी टक्कर, छात्र घायल

**इटावा।** कस्बा बकेवर के इटावा रोड पर सेंट्रल बैंक के समीप बाइक सवार ने साइकिल सवार बीएससी के छात्र को टक्कर मार दी टक्कर लगने से साइकिल सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को उपचार हेतु सीएससी महेवा भेजा, बाइक को पुलिस ने थाने में खड़ा कराया। थाना बकेवर के इटावा रोड स्थित सेंट्रल बैंक के सामने विद्यालय से पढ़कर लखना रोड स्थित पुस्तकालय में जा रहे छात्र राज हंस पुत्र अतबल सिंह निवासी भीमनगर के केटीएम बाइक सवार युवक ने सामने से टक्कर मार दी साइकिल सवार छात्र के टक्कर लगने से छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना बकेवर थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज अलखनिरंजन मय हमराह पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और घायल युवक को उपचार हेतु एम्बुलेंस से सीएचसी महेवा भेजा गया। जबकि उक्त बाइक सबार युवक की बाइक को पुलिस ने थाने में खड़ा करवाया।

### घर में सो रही महिला को सांप ने काटा, मौत

**राठ ।** घर में चारपाई पर सो रही महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। काफी देर बाद जब उसकी हालत खराब हुई तो परिजन अस्पताल न ले जाकर झांड फूंक करने वाले तांत्रिकों के पास ले गए। काफी प्रयास करने के बाद भी महिला को बचाया नहीं जा सका। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मुस्करा थाने के बिहूनी खुर्द नीम का डेरा निवासी सुनीता (35) पत्नी जितेंद्र गुरुवार की रात कमरे में सो रही थी। रात करीब तीन बजे अचानक कमरे में सांप घुस आया और सो रही सुनीता को काट लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजनों को जगाया। परिजन गांव में ही सुनीता का देशी इलाज एवं झाड़ फूंक कराते रहे, लेकिन झाड़ फूंक और देशी इलाज के दौरान ही सुनीता की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने बताया कि सुनीता अपने पति जितेंद्र के साथ खेती किसानी के काम में हाथ बंटाकर अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोग करती थी।

### नाबालिग ने लगाया चाचा पर दुष्कर्म का आरोप

**मौदहा।** कस्बे में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जहां भतीजी ने अपने ही चाचा पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। जबकि कोतवाली पुलिस मामले को घरेलू विवाद बता रही है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी पिता ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 19 सितंबर को जब वह एक अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में गया था और घर में उसकी सोलह वर्षीय नाबालिग पुत्री अकेली थी। तभी कस्बा निवासी उसका छोटा भाई घर में आया और उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। साथ ही किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि जब वह कार्यक्रम से निपटाकर घर गया, पुत्री ने घटना की जानकारी दी। तब कोतवाली शिकायत दर्ज कराने आया है। जबकि कोतवाली पुलिस इस मामले को घरेलू विवाद से जोड़ कर देख रही है। कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि पूरे रिश्तेदार आए हैं, फिलहाल मामला समझ में नहीं आ रहा है। एक मकान के बटवारे को लेकर भी विवाद है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

### वादकारी और अधिवक्ता के बीच हुई मारपीट


**हमीरपुर।** कचहरी में शुक्रवार को मुकदमे को लेकर वादकारी व उनके परिवार के सदस्यों ने अधिवक्ता के साथ मारपीट की। वकील के साथ मारपीट को देख आक्रोशित अधिवक्ताओं ने भी वादकारी व उनके परिवार के सदस्यों की भी पिटाई कर दी।दोनों पक्षों ने घटना की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी है। जिसमे दोनों पक्षों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। गुरुवार को अधिवक्ता ब्रजभान सिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने बस्ते में कार्य कर रहे थे। बताया कि वह सोनम सिंह का मुकदमा देख रहे है। मुकदमे को लेकर कलौलीतीर निवासी वादकारी सोनम सिंह, उनकी बहन शकुंतला सिंह उनका लड़का, देवर व एक अज्ञात गुरुवार दोपहर अचानक उनके बस्ते पर आ गए।

# जनजाति विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के निकाले गए संविदा शिक्षक वापस होंगे

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**जनजाति** विकास विभाग के आश्रम पद्धति विद्यालयों में कार्यरत शिक्षा सत्र 2023द्ध 24 में परीक्षा परिणाम के आधार पर बाहर निकालने के लिए 09 शिक्षकों को नोटिस दी गई थी। इस नोटिस के अनुसार एक माह के बाद सभी शिक्षक सेवा से बाहर हो जाने वाले थे। समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग के सभी संविदा शिक्षकों ने अपनी एक जुटता एवं एकता का परिचय दिया तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के आह्वाहन पर 5 सितंबर से काला फीता बांधकर विरोध प्रकट किया तथा 25 सितंबर को भागीदारी भवन पर धरना प्रदर्शन की घोषणा कर दिया। विभागीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों के दबाव में प्रमुख सचिव एवं समाज कल्याण मंत्री के स्तर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल के साथ वार्ता हुई। वार्ता में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री जे एन तिवारी जी एवं समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग की प्रतिनिधि तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की प्रदेश सचिव अरुणा शुक्ला भी उपस्थित थी। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने आज महोबा में एक प्रेस विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि प्रमुख सचिव एवं मंत्री जी ने स्पष्ट किया कि किसी भी शिक्षक को बिना अवसर दिए निकाला नहीं जाएगा। जिन शिक्षकों को नोटिस दी गई है ,उन सभी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनको अवसर देते हुए सेवा में रखा जाएगा ।समाज कल्याण विभाग की जिन तीन संविदा शिक्षकों को 2020 में निकाला गया है, उनके संबंध में भी शीघ्र निर्णय किए जाने का आश्वासन दिया गया। जनजाति विकास विभाग के संविदा शिक्षकों एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों को सातवां वेतन आयोग का लाभ देने की पत्रावली वित्त विभाग प्रेषित की जा चुकी है। पत्रावली पर शीघ्र निर्णय कराकर उन्हें भी सातवें वेतन आयोग के क्रम में संविदा राशि में संशोधन का लाभ दिया जाएगा। हेमंत कुमार पाठक ने अवगत कराया है प्रमुख सचिव एवं समाज कल्याण मंत्री जी का रुख संविदा शिक्षकों के प्रति रचनात्मक था। उनकी मंशा शिक्षकों को निकालने की नहीं है। अतः प्रमुख सचिव एवम् मंत्री जी के साथ हुई सौहार्दपूर्ण वातावरण मे वार्ता के दृष्टिगत 25 सितंबर 2023 के लिए प्रस्तावित धरना प्रदर्शन 30 सितंबर 2023 तक स्थगत कर दिया गया है। हेमंत कुमार पाठक ने समाज कल्याण, जनजाति विकास विभाग के सभी संविदा शिक्षकों एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों को आंदोलन के प्रति निष्ठा पूर्वक डटे रहने के लिए बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया । हेमंत कुमार पाठक कहा कि निकट भविष्य में भी यदि हमारी एकता बनी रहेगी तो संविदा शिक्षकों का कोई अहित नहीं कर सकेगा। हेमंत कुमार पाठक ने अवगत कराया है कि मंत्री जी संविदा कर्मचारियों के लिए चिकित्सा सुविधा एवं महिलाओं के लिए बाल काल देख रेख अवकाश देने पर भी सहमत हो गए हैं। हेमंत कुमार पाठक ने कहा कि सातवें वेतन आयोग के बाद अब लक्ष्य नियमितीकरण का है।

# संजीव राजपूत का भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर किया गया स्वागत



**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**बीजेपी** प्रदेश कमेटी द्वारा संजीव राजपूत के पिछले जिला अध्यक्ष के शानदार कार्यकाल को देखते हुए उन्हें पुनः भाजपा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया जिससे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। भाजपा का पुनः जिलाध्यक्ष बनने के बाद पूरे जनपद में संजीव राजपूत का गर्मजोशी से स्वागत का सिलसिला जारी है इसी क्रम में कस्बा इकदिल में भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत का जोशीला स्वागत हुआ। गजेंद्र सिंह राजपूत, शिवप्रकाश राजपुत, अनिल राजपूत एडवोकेट, पूर्व चेयरमैन सौरभ दीक्षित,अनिल कुमार ने फूल माला पहनाकर और गजेंद्र सिंह राजपूत ने चांदी का मुकुट पहनाकर श्री राजपूत का स्वागत किया।

# भाजपा यूपी की सभी सीटों पर कमल खिलाने की तैयारी में जुटी

इटावा। भाजपा मिशन 2024 के तहत यूपी की 80 में से सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने के लिए तैयारियों में जुटी है। बूथ सशक्तीकरण के जरिये बीजेपी अभेद्य व्यूह रचना तैयार कर रही है। भाजपा जनपद कार्यालय पर जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता के संयोजन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में ÷बूथ सशक्तिकरण अभियान जिला बैठक सम्पन्न हुई।बैठक का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित करके हुआ। संगठनात्मक जनपद प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है तथा भाजपा के कार्यकर्ता विचार आधारित है। संगठन में पुनर्विचार, पुनर्समीक्षा तथा पुनर्गठन की सतत प्रक्रिया है। बूथ सशक्तीकरण अभियान 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत मण्डल प्रवासी मण्डल में प्रवास करके बूथों का वेरिफिकेशन कर बूथों को मजबूती प्रदान करेंगे। जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता ने कहा कि बूथ संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। संगठन के सभी कार्यक्रमों के साथ ही बूथ के प्रत्येक मतदाता तथा लाभार्थी से सतत संपर्क व संवाद से बूथ सशक्त बनता है। इसी ध्येय के साथ पार्टी का बूथ सशक्तीकरण अभियान प्रारंभ हो रहा है।भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि भाजपा में बूथ सशक्तीकरण का कार्य प्राथमिकता पर है और यही बूथ विजय का कारक है। बूथ सशक्तीकरण अभियान का सबसे महत्वपूर्ण कार्य बूथ पर हमारी विचारधारा से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को बूथ समिति से जोड़कर उन्हें संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय करना है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह धाकरे, गोपाल मोहन शर्मा, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, जिला उपाध्यक्ष देवप्रताप भदौरिया, विक्रम अग्रवाल, हरनाथ कुशवाह, मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष, डेटा प्रबंधन टीम, आई टी विभाग एवं सोशल मीडिया के संयोजक/सह-संयोजक उपस्थित रहें।

# स्वच्छता ही सेवा: ग्राम विकास अधिकारी राहुल पाठक ने दिलाई स्वच्छ भारत की शपथ

**पनवाड़ी महोबा। समृद्धि न्यूज**



**विकासखंड** पनवाड़ी के उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरारी स्वच्छ भारत मिशन के तहत छात्राओं को दिलाई गई शपथ। सचिव राहुल पाठक ने बताया कि एक विकसित देश की कल्पना बिना स्वच्छता के संभव नहीं है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत कचरा मुक्त भारत की थीम पर आधारित है। ÷स्वच्छता ही सेवा÷ पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ 15 सितंबर से शुरू किया गया था। और इसका समापन 23 सितंबर को किया जाएगा। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान चुरारी हरिश्चंद्र राजपूत,उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरारी के अध्यापक एवं छात्र-छात्राओं व सफाई कर्मी को*स्वच्छ भारत* बनाए जाने की शपथ दिलाई। आयोजित कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी राहुल पाठक ने कहा की एक विकसित देश की कल्पना बिना स्वच्छता के संभव नहीं है स्वच्छता का कार्य केवल कुछ दिनों का अभियान ना होकर निरंतर चलने वाला अभियान होना चाहिए । हम जो भी कर अभियान के तौर पर करते हैं ।उसमें अच्छा प्रदर्शन करते हैं इसलिए सफाई व स्वच्छता का कार्य भी अभियान की तरह प्रतिदिन चलना चाहिए सचिव पाठक ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने घर एवं आसपास पड़ोस में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें, दूसरे लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें, उन्होंने कहा स्वच्छता के प्रति सजग रहने और उसके लिए 100 घंटे हर साल यानी हर सप्ताह 02 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता को संकल्प चरित्रार्थ करने की अपील की है। और कहा कि गंदगी ना करना हमारी आदत में शामिल होना चाहिए। अपनी आदतों में छोटे-छोटे परिवर्तन करके स्वच्छ प्रवेश का निर्माण किया जा सकता है। बताया कि* *स्वच्छता ही सेवा* *2023 की थीम कचरा मुक्त भारत* है विगत वर्षों की तरह स्वच्छता गतिविधियों की भावनाओं से जन्म सहयोग के श्रमदान से ही इस अभियान को सफल बनाना है । सभी ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं ,यह सुनिश्चित करना की पत्रावलियों का रखरखाव प्रॉपर होने के साथी निस्तारण संबद्धता से ही साफ सफाई अभियान की शुरुआत दफ्तरों की पत्रावलिया से हो ।अधिकारी कर्मचारी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं उन्होंने कहा कि अभियान का असर जमीन स्तर पर दिखना चाहिए, उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के बाद से अभियान के तहत किए गए कार्य का अनुकरण या पर्यवेक्षण करें। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरारी के अध्यापक एवं सफाई कर्मचारी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने पर भाजपा ने किया बखान

**जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता में नेताओं ने गिनाई उपलब्धियां**

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



**भाजपा** जिला कार्यालय में शुक्रवार को नारी शक्ति बंदन अधिनियम पास होने पर जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ.आराधना राजपूत ने पत्रकार वार्ता में कहा हमारी सनातन संस्कृति में नारी शक्ति ने विशेष योगदान दिया है। हमारी संस्कृति में धन की देवी लक्ष्मी, शक्ति की देवी पार्वती, विद्या की देवी सरस्वती हैं। हम साल में चार बार नौ दिन मातृ शक्ति का बंदन करते हैं। हमारे बाबा साहब ने संविधान में सभी के लिए समानता का अधिकार दिया है, लेकिन आजादी के 70 साल बाद प्रतिनिधित्व में नारी को 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल नई संसद भवन में पास हुआ। 27 साल पहले भी संसद भवन में यह बिल आया, लेकिन तब की सरकारों ने इसे पारित नहीं होने दिया। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में यह बिल पास किया गया और पारित भी करवाया गया। आधी आबादी का महत्व हमारे प्रधानमंत्री जानते हैं और शुरू से ही उन्होंने महिला सशक्तीकरण पर कार्य किया है। कहा शौचालय की व्यवस्था कर नारी के आत्म सम्मान की रक्षा की है। प्रधानमंत्री आवास में,उज्जवला योजना में गैस चूल्हा देने में वरीयता दी गई है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जरिए समाज में जागरूकता पेदा की। जनधन खाता के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाया गया। उनके दल ने जनप्रतिनिधियों के रूप में जिले में विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख देकर महिला सशक्तीकरण का उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस प्रेस वार्ता में जिला उपाध्यक्ष नीलम बाजपेयी, राधा चौरसिया, रेखा चंदेल, प्रभा द्विवेदी, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, अर्चना गुप्ता, रेनू वर्मा, पुष्पा धुरिया इत्यादि उपस्थित रहे।

# एएसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी



हमीरपुर। पुलिस लाइन में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित परेड की अपर पुलिस अधीक्षक ने सलामी ली। टोलियों में शामिल पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा देने के साथ ही परिसर स्थित विभागीय शाखाओं का निरीक्षण किया। मिली कमियों को तत्काल दूर किए जाने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक माया राम वर्मा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पहुंचकर साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसके साथ ही परेड व ड्रिल का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने परेड पर उपस्थित कर्मचारियों से एक-एक कर ड्रिल कराई। सभी को ड्रिल कमांड सीखने के लिए बताया। एएसपी ने फिल्ड यूनिट टीम व यूपी 112 के दो पहिया तथा चार पहिया वाहनों का निरीक्षण किया तथा कमियों को दूर करने के लिए प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया, साथ ही घटना स्थल को सुरक्षित करना एवं साक्ष्य संकलन के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने कर्मियों की कार्य कुशलता व दक्षता की भी जांच की।पुलिस लाइन में निर्माणाधीन आवासीय भवन का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।चिल्ड्रन पार्क के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। एएसपी ने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई को भी देखा। आदेश कक्ष में ओ0आर0 कर सम्बन्धित अभिलेखों का निरीक्षण एवं विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक अन्य संबंधित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# ऋण योजना के आवेदन लंबित नहीं रहने चाहिए: डीएम

- ऋण जमानुपात की समीक्षा में भारतीय स्टेट बैंक, पीएनबी, इंडियन ओवरसीज, कोटेक महिन्द्रा और इंडसण्ड बैंक की प्रगति असंतोषजनक पाये जाने पर डीएम ने जताया रोष

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

शुक्रवार को जिला बैंकर्स समिति की बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि ऋण योजना के आवेदन लंबित नही रहने चाहिए। ऋण योजना का लक्ष्य बढ़ाया जाए, साथ ही जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसमें प्रगति दिखनी चाहिए।



प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा में डीआईसी के 37 एवं केवीआईसी के 19 आवेदन विभिन्न बैंको में लंबित होने पर डीएम ने कहा कि इनका शीघ्र निस्तारण किया जाये। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत (डीआईसी) में 50 एवं ओडीओपी के 13 तथा मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के 7 व मुख्यमंत्री माटीकला योजना के 2 तथा एन0यू0एम0 के 30 आवेदन विभिन्न बैंको में लंबित मिलने पर डीएम ने शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। श्री शुक्ल कहा कि आरसेटी के 145 प्रशिक्षाणार्थियों ने स्वय का रोजगार प्राप्त कर लिया हैं, जो सराहनीय हैं। डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक्सिस बैंक,आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिन्द्रा बैंक, इंडसण्ड बैंक अपनी प्रगति में सुधार लाये। ऋण जमानुपात की समीक्षा में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, कोटेक महिन्द्रा बैंक, इंडसण्ड बैंक की प्रगति असंतोषजनक मिलने पर रोष जताया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, एलडीएम, डीसीएनआरएलएम, उपायुक्त उद्योग सहित संबंधित बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विकासखंड सौरिख की 48 ग्राम पंचायतों में नहीं हुआ गौशाला का निर्माण कार्य

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार सभी ग्राम पंचायत में अभियान चलाकर गौशालाएं निर्माण करवा रही है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौशाला संचालित हो जाने पर निराश्रित आवारा गोवंश इधर-उधर सड़कों एवं किसानों के खेतों में नहीं दिखेंगे। लेकिन जिले में सरकार की मंशा पर ग्राम प्रधान खरे नही उतर रहे है। हांलाकि जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल लगातार कार्य की मानीटरिंग कर जिन ग्राम पंचायतों में गौशाला का निर्माण कार्य नही हुआ है, वहां के ग्राम प्रधानों को नोटिस भेजे जाने के निर्देश दिये है। डीएम ने विकासखंड सौरिख क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायतों की समीक्षा में पाया कि 20 ग्राम पंचायतों में गौशालाएं निर्मित है, जबकि 48 ग्राम पंचायत ऐसी है जहां पर गौशाला का निर्माण कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ है। डीएम ने इन 48 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को नोटिस भेजे जाने के निर्देश दिये हैं, इनमें ग्राम पंचायत वैगवा के प्रधान पुत्तन सिंह, बटेला के निर्मला देवी, बौसिया के महेन्द्र पाल, बौथम के अजीत कुमार, बधानगरिया के अशोक कुमार, डडौना की विमला देवी, डडौनी के राजेन्द्र कुमार, दौलताबाद की संगीता, देवीपुर की सुमन देवी, दिलावरपुर के नरेन्द्र, ईजलपुर की ममता देवी, जाफराबाद की उषा देवी, कबीरपुर के समीर मुर्सफ, कटीघरा की गीता देवी, कायमपुर के रमेश चन्द्र, खरौली के पवन कुमार, किशई जगदीशपुर के कुवंर बहादुर, कसुका के सुभाष चन्द्र, मझपुर की गुड्डी, मलिकपुर की आशा देवी, मुखड़ा की नीरज देवी, मुर्रा के नरेन्द्र सिंह, नगला खेमकरन के प्रेम नारायण, न्यामतपुर की मार्गश्री, परौर के विनोद कुमार, फूलनपुर के इन्द्रपाल सिंह, रसूलपुर के कश्मीर सिंह, रौसेन के गोविन्द, रूर के विनेश पाल, रूपपुर की निर्मला, सहरोई की श्यामा देवी, सराय ठेकू के गौरव सिंह, सौरिख देहात की बेबी बेगम, शरीफपुर के रामानन्द, शिवसिंहपुर के राजपाल सिंह, सुलतानपुर के रामकुमार, टडारायपुर के जसवंत सिंह, बीलमपुर के कौशल किशोर, हजरतपुर की संगीता, खानपुर के वीरपाल सिह, सराय कायम की ललिता देवी, हुसेपुर के रामआसरे पाल, पट्टी के शिवपाल सिंह, सरदापुर के अहमद अली, मढ़ी के उमेश चन्द्र, सिकन्दरपुर के प्रमोद कुमार, अलीपुर की शारदा देवी, सरायभागमल की शिलोचन समेत 48 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान द्वारा गोशाला निर्माण में रुचि न लेने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुये उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। साथ ही 20 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान के कार्यों की सराहना भी की हैं।

## खबरें चलते-चलते

### बारह रबी उल अव्वल का जुलूस सुबह सात बजे से निकला जायेगा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** बारह रबीउल अव्वल का जुलूस इस बार सुबह 7 बजे से निकलेगा। गणेश विसर्जन यात्राओं के चलते इस बार उलेमाओं ने यह निर्णय लिया है। उनका कहना है कि जिस तरह हम हमेशा प्यार मोहब्बत से अपने त्योहारों को मनाते आये हैं, उसी तरह मिलजुल कर इस बार भी अपने-अपने त्योहार मनाएं। पुलिस व प्रशासन के साथ हुई बैठक के बाद इत्र नगरी की सभी बारह रबीउल अव्वल कमेटियों ने यह निर्णय लिया है। इस्लाम के आखिरी पैगम्बर की पैदाइश अरबी महीने रबीउल अव्वल की 12 तारीख को धूमधाम से मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय जुलूस के साथ जामा मस्जिद से उठाकर ईदगाह में समापन होता है। नूरी तयैबा मस्जिद के इमाम हाफिज जियाउल कमर मुजद्दिदी ने बताया कि इस बार बारह रबीउल अव्वल के दिन गणेश विसर्जन यात्राएं भी निकलेंगी। जिसके चलते इस बार जुलूस का वक्त घटाकर सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। उन्होने जुलूस में शामिल होने वालों से 28 सितंबर को सुबह 7 बजे जुलूस उठने की अपील की है। इसे लेकर कमेटियों के साथ उलेमाओं की एक बैठक भी हुई।

### अवैध असलहा सहित आरोपी गिरफ्तार

**तालग्राम छिबरामऊ।** पुलिस अधीक्षक जनपद अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अरविन्द कुमार के मार्ग निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर डॉ प्रियंका वाजपेयी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी देवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 दिनेश चन्द्र थाना तालग्राम द्वारा अभियुक्त श्याम नरायण उर्फ अनिल यादव पुत्र रणवीर सिंह निवासी ग्राम अदमापुर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज उम्र करीब 25 वर्ष को मय एक अदद देशी तमंचा नाजायज 315 बोर व 02 अदद कारतूस जिन्दा नाजायज 315 वोर के गिरफ्तार किया गया । जिसके आधार पर अभि0 श्याम नरायण उर्फ अनिल यादव उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0स0 238/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना तालग्राम पंजीकृत किया अभियुक्त को जेल भेजा गया ।

### गलत उपचार से बकरी की मौत का लगाया आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बकरी का उपचार करने से उसकी मौत हो गई। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पशु चिकित्सालय के चिकित्सक व कंपाउंडर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी नूरजहां ने दी तहरीर में बताया कि 21 सितंबर को वह अपनी बीमार बकरी को दिखाने पशु चिकित्सालय सराय प्रयाग गई थी। जहां तैनात चिकित्सक नहीं मिले। उनकी जगह किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा उसकी बकरी को पेट में इंजेक्शन लगा दिया गया। जिसके बाद बकरी की हालत और खराब हो गई। अगले दिन बकरी की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गणपति बप्पा के जयकारों से गूंजे पंडाल

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।** गणेशोत्सव पर कस्वे में जगह- जगह सजे पंडालों में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों की गूंज हो रही है। पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता गणेश की आरती के समय सुबह शाम जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा की करतल ध्वनि से पंडाल गूंज रहे है। भगवान गणेश के जन्मोत्सव की धूम चारों ओर देखने को मिल रही है। कस्वे में श्री गणेश महोत्सव समिति की ओर से आयोजित श्री मंशा देवी मंदिर पर सजे पूजा पंडाल में जहाँ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम है। आरती के समय भक्तों की भारी भीड़ आयोजकों के उत्साहवर्धन भी हो रहा है। गणेश प्रतिमाएं मनमोहक छटा बिखेर रही है। भारी तादाद में भक्तगण आरती में शामिल हुए। इसके बाद कलाकारों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की। इस दौरान रंजीत चौरसिया, सौरभ पाठक, अभिषेक पाठक, सचिन पाठक, गौरव, हिमांशु गुप्ता, अभिषेक चक्रवर्ती, रोहित, रितिक आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं को बताये बूथ सशक्त करने के मन्त्र

- पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित हुई बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्यशाला
- कार्यशाला में आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुई चर्चा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**शुक्रवार** को भाजपा के जिला कार्यालय पर बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया की अध्यक्षता में एक कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी ने आगामी लोकसभा चुनाव में बूथ को कैसे मजबूत किया जाए इसके लिये कार्यकर्ताओं को बूथ सशक्तिकरण के टिप्स दिये, साथ ही आगामी कार्यकमो पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय महामंत्री पूनम दुबे ने बूथ सशक्तिकरण अभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि यह बूथ सशक्तिकरण अभियान का दूसरा चरण है। इस दूसरे चरण का आरंभ 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश के सभी मंडलों में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष के सत्यापन का कार्य पूर्ण करना है। इसके लिए मंडल प्रवासी तय कर भेजे जाएंगे, जिनका मंडल पर प्रवास कर बताये जा रहे सभी कार्य पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि बूथ ही पूरे चुनाव की धुरी है, क्योंकि अगर बूथ जीता तो चुनाव जीता। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने कहा कि हम सभी पदाधिकारी को हर बूथ तक पहुंचकर बूथ की समीक्षा करनी है और इस बात पर ध्यान देते हुए काम करना है कि मेरा बूथ सबसे मजबूत हो तथा बूथ स्तर की कमेटी को एक्टिव करना है, जिससे कि आगामी लोकसभा चुनाव में हम हर बूथ को जीतकर मोदी जी को एक बार पुनः प्रधानमंत्री बना सकें। निवर्तमान जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि भाजपा हमेशा इस मंत्र को लेकर चलती है कि बूथ जीता चुनाव जीता। कहा कि यदि हम बूथ जीतेंगे तो निश्चित ही हमें कोई चुनाव नहीं हरा सकता, इसलिए इस अभियान का नाम बूथ सशक्तिकरण रखा गया है। कहा कि हमें बूथ को बहुत सशक्त करना है और बूथ के हर कार्यकर्ता को एक्टिव करना है तथा प्रदेश द्वारा भेजे गए हर कार्य को बूथ स्तर पर करना है। कार्यशाला में देवेन्द्र देव, शैलेंद्र द्विवेदी, हरिबक्स सिंह, रामवीर कठेरिया, अशोक सिंह, शरद मिश्रा, जीतू तिवारी, आशुतोष मिश्रा, लोकेन्द्र चौहान, श्यामू राजपूत, अभिमन्यु ठाकुर, अभिषेक पांडे, यशवंत राजपूत, हिमांशू सक्सेना, रामबाबू कटियार, रामजीवन राजपूत, वीना चौहान, मुनीश मिश्रा, विपिन दुबे, कुलदीप दोहरे, विशाल दुबे, संजीव तिवारी सहित मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी व जिला पदाधिकारी मौजूद रहे उपस्थित रहे ।

## युवती को युवक ने बहला फुसलाकर भगाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक पड़ोस की युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी होने पर युवती की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने दर्ज कराया मुकदमे में बताया है कि आजाद नगर निवासी दुर्गेश कुमार पुत्र रघुनंदन जाटव 20 सितंबर की दोपहर 12 बजे उसकी 20 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भाग ले गया। जब उसे इस बात की जानकारी हुई तो उसनेयुवक से जानकारी ली। जिस पर आरोपी युवक ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर युवती की खोजबीन शुरू कर दी है।

# वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रप्रकाश सिंह को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**




**अधिवक्ता** सभागार मे बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रप्रकाश सिह (सी पी सिह)एडवोकेट को सभी अधिक्ताओ ने सभागार मे पहुंचकर भावभीन श्रध्दांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर एसडीएम उमाकांत तिवारी ने कहा की सी पी सिह एक संस्कारी पुरुष थे उन्होने अच्छी शिक्षा लोगो को दी है जिससे उनको न्यायिक अधिकारीगण कभी नही भूल पायेगे। बार एसोसिएशन छिबरामऊ के अध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा ने कहा वह मेरे बड़े भाई जैसे रहे है और आवश्यकता पडने पर मैने उनसे ज्ञान भी लिया है ।इस मौके पर बार एसोसिएशन छिबरामऊ के महासचिव चन्दजीत यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव दुबे पूर्व अध्यक्ष दुर्गानरायण सिह,शिवनाथ सिह यादव ,राजेश दिवेदी,शिवराम सिह चौहान, लालबहादुर यादव, राजकुमार सिह बैस, रामचन्द्र यादव, जयवीर सिह यादव, सन्दीप दीक्षित, अभिरुप दीक्षित, अमित दुबे,फहीमजमा खा, राजीव दीक्षित अदित्य त्रिपाठी,अनुराग त्रिपाठी,रत्नेश यादव, शिवदत्त तिवारी, राजीव राठौर संजीव चौहान विनीत चतुर्वेदी पंकज चतुर्वेदी सहित कई लोग मौजू सहित मौजूद रहे।

# मानव सम्पदा पोर्टल पर अर्जित अवकाश फीड करने की मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**शुक्रवार** को सराय प्रयाग स्थित बीआरसी पर शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों की ईएल मानव सम्पदा पोर्टल पर फीड किए जाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी तालग्राम को ज्ञापन सौंपा गया। प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने समस्या के निस्तार की मांग की।


बीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी समृद्धि न्यूज

ब्लॉक तालग्राम के ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप यादव व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष इस्तियाक खां ने खंड शिक्षा अधिकारी तालग्राम रमेश चंद्र चौधरी को अवगत कराया कि विकास खंड के शिक्षकों तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अर्जित अवकाश अभी तक मानव संपदा पोर्टल पर फीड नहीं किए गए हैं। जबकि शासनदेसानुसार सेवा का एक वर्ष पूर्ण होने पर एक ईएल दी जाती है। अतः प्राथमिक शिक्षक संघ आपसे मांग करता है कि तालग्राम के सभी शिक्षकों का ईएल सेवा वर्षो के आधार पर मानव सम्पदा पर फीड कराया जाए। उक्त मांग के आधार पर बीईओ द्वारा बीआरसी के कम्प्यूटर ऑपरेटर उज्वल को निर्देशित किया गया कि सभी शिक्षकों के ईएल तत्काल मानव सम्पदा पर फीड किए जाए। इस मौके पर मंत्री कदीर अहमद, वीरपाल कुशवाह, सुशील कुमार, पवन कुशवाह, महावीर राजपूत, सलिल वारिस, जयवीर सिंह, सर्वेश कुमारी, सतीश चंद्र, धर्म सिंह यादव, वसीम हसन, श्रवण कुमार, मो. आतिफ समर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने परेड का किया निरीक्षण जवानों को फिट रहने के दिये टिप्स

- पुलिस लाईन की विभिन्न शाखाओं व पुलिस आवासों का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारी को को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**पुलिस** अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार को ा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पहुंचकर परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने पुलिस जवानों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल भी करवाई। ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को निर्देशित किया। परेड का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया।। प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें। कहा कि पीआरवीकर्मी अपने-अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पब्लिक की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें। निरीक्षण के दौरान उन्होने जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय व परिवहन शाखा, कन्ट्रोल रूम, आरओआईपी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, यू पी 112 आदि का निरीक्षण किया। गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे ।

# बाल कलाकार दिखा रहे प्रतिभा, मनमोहक झांकियों ने दर्शकों का मन मोहा

**छिबरामऊ कन्नौज समृद्धि न्यूज**



**शहर** में स्थापित श्री गणेश पंडाल में शाम की आरती के बाद नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाती है जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ के सौजन्य से चल रहे श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम में अपना नंबर आने की प्रतीक्षा में लगे रहे बाल कलाकार बाल कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया अपनी अपनी प्रतिभा दिखाने की लगी रही होड। श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम में रात्रि 8ः00 बजे से प्रतिदिन की तरह आरती के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें नन्हे नन्हे बाल कलाकारों ने खूब तालियां बटोरी और दर्शकों का मन मोह लिया पंडाल में लोगों के आने का ताजा लगा रहा बैठने के लिए उचित स्थान देखते रहे लोग देवी देवताओं के रूप में सजे हुए बच्चे ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे साक्षात भगवान पृथ्वी पर आए हो श्री कृष्णा और राधा रानी का नृत्य देख दर्शक तालियां बजाते रहे ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे निधिवन में श्री कृष्णा और राधा रानी गोपियों के साथ रास रचा रहे हैं श्री कृष्ण के रूप में सजी यशिका रानी तथा राधा के स्वरूप में सजी आद्रिका अरोरा साक्षात कृष्ण भगवान और राधा रानी का रूप देखते ही उनकी छवि साक्षात भगवान के सामान महसूस हो रही थी मुझेअपने ही रंग में रंग ले मेरे यार सांवले नमक गीत पर दशरथ श्रीवास्तव ने अपनी प्रस्तुति देकर सबको भाव विभोर कर दिया प्रत्येक दर्शन मंच में बैठे हुए सराहना कर रहा था।

सिडनी वाले साइन बाबा आया है तेरे दर पर सवाली नामक भजन पर साई बने टोनी ने पूरे पंडाल को भक्ति में कर दिया तथा शांत वातावरण में सभी लोग भक्ति में हो गए आयो ये शुभ दिन आयो नमक भजन पर कुमारी सोनम ने अपना नृत्य प्रस्तुत किया श्याम मुरली बजाते हो या मुझे बुलाते हो या मुझे बुलाते हो। नमक भजन पर अपनी प्रस्तुति दी चांदनी तान्या तनु महक अनन्या आरोही पूनम खुशी सोनल खूब तालियां बटोरी।

इस ऑब्जर्वर अतुल हरिओम मिश्रा रजनी सक्सेना मीना मिश्रा गीता कश्यप गुड्डी देवी माही अनामिका तिवारी कुसुम चौहान गंगा देवी शिवम शर्मा इस वर्ष दिवारी यश तिवारी आशु शाक्य अंश भदोरिया पिंटू सक्सेना बबली सक्सेना संध्या आयुष मनु गुप्ता शिवम शर्मा पिंटू तिवारी राजू गुप्ता आज लोग उपस्थित रहे दशरथ श्रीवास्तव के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण कर सभी के सहयोग की सराहना की तथा जब तक गणपति बप्पा का दरबार लगा हुआ है तब तक प्रतिदिन समय से आने की अपील की तथा सभी समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच आज प्रतिदिन उच्च शिखर की ओर बढ़ता जा रहा है इसमें सारा श्रेय हमारे कार्यकर्ता और पदाधिकारी का है इसी तरह से आगे भी अपने पद एवं दायित्व का निर्वाह पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करते रहे जिससे श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम को और अधिक भव्यता की ओर जा सके।

# पुलिस की टोपी लगाना पप्पी को पड़ा महंगा, हिरासत में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मादक पदार्थ की बिक्री करने वाली महिला का पुलिस की टोपी लगाकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एसपी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दिये थे। शुक्रवार को सीओ सिटी के नेतृत्व में पुलिस ने महिला के घर छापा मारी की। इस दौरान पुलिस को मौके से बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद हुआ तथा एक कीमती बाइक व कार भी बरामद हुई। पुलिस ने महिला सहित कुछ लोगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना कादरी गेट के मोहल्ला मारवाड़ी निवासी पप्पी गौतम पत्नी अरविद सिंह ने पुलिस की टोपी लगाकर रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। जिसका एसपी ने संज्ञान में लेकर कार्यवाही के आदेश दिया था। पुलिस ने महिला पप्पी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को सीओ सिटी प्रदीप कुमार व थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ आरोपी महिला पप्पी के घर पहुंचकर छापामारी की। पुलिस को उसके घर से कई पन्नी में नशीला पदार्थ बरामद हुआ। फ्रिज के अंदर रखे कच्चे शराब के पाउच भी बरामद हुए। इसके साथ ही पुलिस को एक कीमती बाइक व कार भी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी महिला पप्पी गौतम सहित कई लोगों को हिरासत में लिया है। सीओ सिटी प्रदीप कुमार ने बताया कि पप्पी के अलावा जो लोग पुलिस हिरासत में लिये गये है उन सभी से अलग-अलग पूछताछ की जा रही है। बड़ी जानकारी मिलने की संभावना है। जांच पूरी होने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# नेकपुर गुमटी न बंद करने की स्थानीय लोगों ने उठायी मांग, रेलवे प्रबंधक को भेजा ज्ञापन



नेकपुर गुमटी पर खड़े स्थानीय लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नेकपुर गुमटी के स्थानीय लोगों ने रेल मण्डल प्रबंधक इज्जत नगर बरेली को ज्ञापन भेजकर रेलवे गुम्टी 150सी/2ई के रेलवे अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से बंद करने के विरोध में ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मांग की गई कि नेकपुर चौरासी गुमटी घनी आबादी वाला मोहल्ला है। 10 हजार से ज्यादा लोग निवास करते है। फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ मुख्य मार्ग पर गुमटी है। साथ ही रेलवे लाइन भी है। घनी आबादी होने के कारण जब से लाइन निकाली गई थी। तब से अब तक 100 साल से अधिक का समय हो चुका है। स्थानीय अधिकारियों व उच्चाधिकारियों द्वारा बिना सर्वेक्षण जनता की बिना सहमति के एक वर्ष पूर्व साइड गुम्टी 150सी बंद करने का निर्णय ले लिया है। जिसकी कार्यवाही शुरु हो गई है। साथ ही इसी रोड से लोग मण्डी समिति जाते है और आरटीओ कार्यालय जो बरेली-इटावा मार्ग पर है। साथ ही पब्लिक स्कूल है। भीड़-भाड़ होने के कारण अगर गुमटी बंद की गई तो जनता को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में दोनों गुमटी सुचारु रुप से चालू रखी जाये। अगर गुमटी बंद की गई तो इसका विरोध बढ़ा हो सकता है। इस संबंध में स्थानीय सांसद मुकेश राजपूत को भी पत्र दिया जा चुका है। इस दौरान मनोज राठौर, नितिन कुमार, गजराज, अनूप कटियार, शिवाजी कटियार, दिलीप कुमार, विनोद कटियार, राधा, ज्योतिसना सिंह, अर्पित, विपिन, गोलू मौजूद रहे।

# बसपा की बैठक में गांव चलो अभियान के तहत पार्टी को मजबूत करने पर दिया गया जोर




नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत करते विजय कटियार

> नवनियुक्त जिलाध्यक्ष वीर सिंह अम्बेडकर का हुआ जोरदार स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी की बैठक मसेनी स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। जिला स्तरीय बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष वीर सिंह अम्बेडकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी रामनरेश गौतम ने कैडर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को बसपा की रीति रिवाज के बारे में प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान के अन्तर्गत वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा के साथ बहन मायावती की चार बार मुख्यमंत्री रहते हुए उनकी उपलब्धियां बतायी। विशिष्ठ अतिथि सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे विजय कटियार ने कहा कि दिनों-दिन बसपा का कारवां बढ़ रहा है।

लोग ज्यादा से ज्यादा पार्टी से जुड़ रहे हैं। आगामी 2024 में पार्टी ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतेगी। इस मौके पर जिला प्रभारी विजय भास्कर, सीताराम, विजय शाक्य, स्वदेश पाल, अजय भारती, सुभाष गौतम, रामदत्त बौद्ध, विनोद गौतम, जहांगीर मंसूरी, मानिक चन्द, कमल शाक्य, प्रमोद जाटव, सियाराम सागर, रामशरन रमन, मनोज सत्यार्थी, शिव किशोर आदि लोग बैठक में मौजूद रहे।

# कुलदीप यादव बने जिला कबड्डी संघ के सचिव

## जिला स्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता में आठ टीमों ने किया प्रतिभाग



मैडल के साथ कबड्डी के खिलाड़ी बच्चे



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव राजेश कुमार सिंह के जनपद आगमन पर कबड्डी एसोसिएशन का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अर्जुन विक्रम सिंह व सचिव कुलदीप यादव को बनाया गया।

वहीं उपाध्यक्ष पद पर संजीव कटियार, कोषाध्यक्ष पद पर सुभाष यादव, संयुक्त सचिव पद पर अरुण कुमार यादव एवं सदस्य प्रदीप यादव, जितेंद्र कुमार, सपना यादव एवं अभिषेक शाक्य को नामित किया गया। कार्यकारिणी गठन के अवसर पर उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सत्येंद्र कुमार, जिला ओलंपिक संघ के सचिव अवनींद्र कुमार एवं जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह पर्यवेक्षक रूप में मौजूद रहे। जिला स्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन को ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में किया गया। जिसमें सभी आठ ब्लाकों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र मोहम्मदाबाद के उच्च प्राथमिक विद्यालय बराकेशव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं विकास खण्ड क्षेत्र बढ़पुर के कंपोजिट विद्यालय धन्सुआ की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार किया।

इस अवसर पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिक्षक अरुण यादव, जिला कबड्डी संघ के सचिव कुलदीप यादव, अवधेश कुमार, देवेंद्र कुमार सिंह, एवं अथक पटेल आदि मौजूद रहे।

# भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण समिति की बैठक में नये लोगों को दिलायी गई सदस्यता



भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण समिति की बैठक में मौजूद लोग

> बैठक में पेंशन की स्पर्श सॉफ्टवेयर और पूर्व सैनिकों के बच्चों की स्कॉलरशिप पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण समिति की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें पेंशन की स्पर्श सॉफ्टवेयर और पूर्व सैनिको के बच्चों के स्कॉलरशिप के बारे में जानकारी दी गई। जिला सचिव जेएस राठौड़, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह राठौड़, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान, जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह, जिला समन्वय मंत्री आदेश चौहान, जिला संगठन मंत्री प्रशांत राठौड़ व शिवराम सिंह जिला सयुक्त मंत्री, शंकर पाल सिंह चौहान जिला कोषाध्यक्ष, संदीप पाण्डेय और कार्यकारणी के विक्रम सिंह, सुनील कुमार जगमाल सिंह राठौड़, धीरेंद्र सिंह चौहान, वीरेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह सोमवंशी, दिलीप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

साथ ही लोगों ने सदस्यता ली। जिला इकाई की डोसियर भी संगठन के लोगों को प्रदान की गई।

# आलू आढ़ती से पैसा दिलाने की डीएम से गुहार



जानकारी देता पीड़ित किसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किसान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आलू आढ़ती से रुपये दिलाये जाने की मांग की।

ब्लाक नवाबगंज के ग्राम कनासी निवासी किसान शिवप्रकाश तिवारी पुत्र रामकृष्ण तिवारी ने जिलाधिकारी को दिये शिकायती पत्र में दर्शाया कि वह आलू बेंचने सातनपुर में आढ़ती कन्हैया लाल के पास ले गये। आलू 1 लाख 22 हजार रुपये का आलू हुआ। आलू आढ़ती कन्हैया लाल ने बिक्री के पैसे नहीं दिये, बल्कि चेक दे दी। चेक जमा करने पर पैसा खाते में नहीं था। चेक दो बार वाउंस हो गई। पीड़ित किसान ने बताया कि कन्हैया लाल ने एक चेक 55 हजार रुपये व दूसरी चेक 30 हजार रुपये की दी थी। 37 हजार रुपये का भी हिसाब था। जब कहा तो वह टालमटोल करने लगा और मेरा 1 लाख 22 हजा रुपये लेकर भाग गया। पीड़ित का कहना है कि मेरी मेहनत का रुपया वह लेकर भाग गया है। अब मेरे पास खेती तक करने के लिए रुपये नहीं है। जिससे मैं खेती नहीं कर पा रहा हूं। पीड़ित ने डीएम से मांग की है कि पहले मेरी के0सी0सी0 बनवाये उसके बाद मेरा पैसा आलू आढ़ती से वापस दिलाया जाये। जिससे मैं अपनी खेती कर परिवार का भरण पोषण कर सकूं।

# पुरानी पेंशन शिक्षक व कर्मचारियों का अधिकार

## 1 अक्टूबर को चलो दिल्ली, जनपद से सैकड़ों शिक्षक व कर्मचारी महारैली में लेंगे भाग.................



ऐस्तर रोज दयाल



सुनील कुमार



मुनेन्द्र सिंह मधुवन



गौरव शाक्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 1 अक्टूबर को पेंशन बचाव मंच अटेवा की ओर से दिल्ली में रैली हो रही है। सिटी गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए हम लोग संघर्षरत है। पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है, जो हम लेकर रहेंगे। इस कार्यक्रम में शिक्षक-कर्मचारी ज्यादा से ज्यादा संख्या में दिल्ली पहुंचे।

फिरोज गांधी जनता इंटर कालेज के मनोविज्ञान प्रवक्ता सुनील कुमार ने सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की है और कहा है कि 1 अक्टूबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली में फर्रुखाबाद से सैकड़ों शिक्षक व कर्मचारी जायेंगे। जबकि हिमाचल, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बंगाल में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है। पेंशन बहाली को लेकर रैली में जायेंगे।

अटेवा के जिला प्रभारी मुनेन्द्र सिंह मधुवन ने बताया कि एनपीएस में प्रतिमाह कर्मचारियों का 10 प्रतिशत अंशदान कटता है। ओपीएफ लागू होने से कर्मचारी जीपीएफ में अधिकतम अपने वेतन का 40 प्रतिशत तक कटवायेगा। क्योंकि यह सबसे सुरक्षित निवेश समझा जाता है। पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते हुए कहा कि सरकार ओपीएस व जीपीएफ व्यवस्था लागू करे।

शिक्षक व अटेवा के राजेपुर ब्लाक अध्यक्ष गौरव शाक्य ने बताया कि 1अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में बड़ी संख्या में भाग लेंगे और पुरानी पेंशन की मांग सरकार से करेंगे। क्योंकि अब शिक्षक व कर्मचारी आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में है। 5 साल सांसद रहने के बाद सरकार पेंशन देती है और हम लोग 60 साल अपने जीवन का देते है तो हमें पेंशन क्यों नहीं मिलनी चाहिए।

# सेन्ट्रल जेल चौराहे पर मुलायम सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग



डीएम को ज्ञापन सौंपते सपाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव ने पूर्व रक्षामंत्री/पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की इटावा बरेली मार्ग सेन्ट्रल जेल चौराहे पर प्रतिमा लगाने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि पद्म विभूषण मुलायम सिंह यादव को उनकी प्रतिमा लगाये जाने पर ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जो सेन्ट्रल जेल चौराहे का नाम परिवर्तित कर मुलायम चौक घोषित कराया जाये। साथ ही उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह स्मृति में पार्क व प्रतिमा एवं बार्ड का नाम भी सुनिश्चित किया जाये। इस मौके पर मंदीप यादव, सुभाष चन्द्र शाक्य, देवेन्द्र यादव, ओमप्रकाश शर्मा, युनूस अंसारी, बृजेश पाल, आकाश शाक्य, नरेन्द्र यादव, विकास यादव मौजूद रहे।

# शहर में 28 सितम्बर को शान-ओ-शौकत से निकाला जायेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीरत कमेटी की बैठक में तय किया गया कि 28 को जलूसे मोहम्मदी शाम 5:30 बजे निकाला जायेगा। उसी दिन गणेश चतुर्थी विसर्जन का भी समापन है। टाउन हॉल स्थित मस्जिद काजी साहब में शुक्रवार को सीरत कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सीरत कमेटी के सदर काजी सैयद मुताहिर अली ने कहा कि आने वाली 12 रवि उल अव्वल के निकलने वाले जुलूस-ए मोहम्मदी शान-ओ शौकत के साथ टाउन हाल से सायंकाल 5:30 बजे निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि बीते दिन थाना मऊदरवाजा में शांति कमेटी की बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि जुलूस रात 8 बजे निकाला जाएगा, लेकिन उन्होंने कहा कि यह बात हम आपको शुक्रवार की होने वाली सीरत कमेटी की बैठक के बाद आपको बताएंगे। थाना मऊदरवाजा के प्रभारी अमोद कुमार सिंह ने कहा था कि 28 सितंबर को गणपति निकलने वाले जुलूस का भी विसर्जन होना है। सीरत कमेटी की बैठक में पहुंचे हाजी मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने कहा कि जो लोग सीरत कमेटी के लोगों से रूठे हुए हैं, उन्हें हम जल्द मनाएंगे। इस बार जलसा ईद मिलादुन्नबी में बाहर से आने वाले शायर सैयद शाद मकनपुरी, डॉ0 कारी अली अहमद शाहजहांपुरी और जलसे का संचालन हाफिज शाहिद रजा करेंगे। जलसे में मौलाना सैयद आमिर मसूदी बांदा से आकर भाग लेंगे। मरकज गाड़ी पर चौक चौराहे पर मौलाना शमशाद अहमद चतुर्वेदी अपना खिताब फरमाएंगे। साथ ही इस साल बाइक जुलूस और डीजे पर खासतौर से प्रतिबंध लगा हुआ है। बैठक में दरगाह हुसैनिया मुजीबिया के सज्जादा नशीन सैयद कारी शाह, फसीह मुजीबी नहीं आए। इस दौरान हाफिज निसार अहमद उर्फ मुन्ना, गुलजार अहमद, जुबेर अंसारी, सलमान कबीर, आसिफ कुरैशी, हाजी आदील खां, चांद मोहम्मद खान, अराफात खां, अफरोज आलम खां, हाजी दिलशाद, मिर्जा हसीन बेग, रफी अहमद अंसारी, खुर्शीद अहमद, हाजी शराफत खान, शहजाद मीर खां सैयद मेहजर अली मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय माध्यमिक विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न



छात्राओं को मैडल पहनाते प्रधानाचार्य कै0 बलविन्दर सिंह



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेंती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्रीय माध्यमिक विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन आरपी इंटर कालेज कमालगंज में हुआ। प्रबंधक अश्वनी वर्मा, प्रधानाचार्य कैप्टन बलविन्दर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्यअतिथि खण्ड विकास अधिकारी उपाध्याय ने प्रधानाचार्य कैप्टन बलविन्दर के साथ रैली आरम्भ करायी। क्रीड़ा प्रतियोगिता संयोजक कैप्टन बलविन्दर सिंह व सह संयोजक प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश वर्मा ने व्यवस्था देखी। 3 हजार मीटर बालक दौड़ में जितेन्द्र प्रथम, सुमित द्वितीय, सतेन्द्र तृतीय रहे। लम्बी कूद में अमित कुमार प्रथम, धनपाल व ललित द्वितीय, प्रांशु तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ में सुशील प्रथम, अनुज द्वितीय, शैलेन्द्र तृतीय रहे। 800 मीटर दौड़ में सुशील कुमार प्रथम, अभिषेक यादव द्वितीय, अभिजीत तृतीय रहे। सीनियर बालिका वर्ग 3 हजार मीटर दौड़ में साधना प्रथम, मोनिका द्वितीय, निक्की तृतीय रही। लम्बी कूद में कु0 रुचि प्रथम, कोमल द्वितीय, रुचि तृतीय रही। सीनियर बालिका वर्ग भाला फेंक में बबिता पाल प्रथम, रीता द्वितीय, भारती तृतीय रही। तबा फेंक बालिका वर्ग में संजना प्रथम, बबिता पाल द्वितीय, काजल तृतीय रही। सीनियर जंजीर गोला फेंक में कु0 संजना प्रथम, महेश्वरी द्वितीय, रीता तृतीय रही। कैप्टन बलविन्दर सिंह ने कहा कि खेल में भाग लेने से मानसिक व बौद्धिक विकास होता है और खेलों को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी उपाध्याय ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक क्षमता बढ़ती है और बच्चों के अंदर खेल की प्रतिभाग निखर कर सामने आयेगी। सह संयोजक प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश वर्मा ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# मोबाइल चोरी करते युवक को पकड़ा, पुलिस को सौंपा




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसकर मोबाइल चोरी कर रहे युवक को परिजनों ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस परिजनों ने सौंप दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक का चालान कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद के ग्राम कलुआपुर सानी निवासी इजहार हसन पुत्र अली हसन के घर मोहल्ले का नाजिम पुत्र इद्रीश घुस आया और मोबाइल चोरी करने लगा। इजहार के परिजनों ने उसके रंगों हाथों पकड़ लिया और सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को आरोपी युवक को परिजनों ने सौंप दिया। उसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# गुरुनानक देव की पुण्यतिथि पर उनके अनुयायियों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर किया याद



बलविन्दर सिंह



तोषित प्रीत सिंह



मोहनदास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम सिख गुरु गुरुनानक साहब की पुण्यतिथि पर उनके अनुयायियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। आरपी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कै0 बलविन्दर सिंह ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुनानक साहब की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया और कहा कि गुरुनानक देव की यादें आज भी मेरे दिल में हैं।

समाजवादी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार तोषित प्रीत सिंह ने कहा कि गुरुनानक देव हम सबके मसीहा थे। जहां भी वह जाते थे भीड़ लग जाती थी। उन्होंने भारत के साथ-साथ विदेशों में भी लोगों को उपदेश दिये। सिख समुदाय के पुरुष, महिला, बच्चे, बूड़े सभी उनसे आशीर्वाद लेते थे। आज उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए हम उन्हें याद कर रहे हैं।

मोहनदास ने बताया कि सिखों के पहले गुरु गुरुनानक साहब थे। उनका जन्म कार्तिक पूर्णिमा के दिन पंजाब राज्य तलमण्डी नामक गांव हुआ था। गुरुनानक देव की पूण्यतिथि पर हम लोग गुरुद्वारा जाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते है। उनकी समाधि स्थल करतारपुर पाकिस्तान में है। गुरुनाक देव ने लोगों को सत्य बोलना व अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित किया। सिख समुदाय के वह प्रथम गुरु थे।





# पिकअप पर बैठे युवक को ट्रैक्टर चालक ने मारी टक्कर, मौत



- पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज किया मुकदमा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पिकअप में बैठे युवक को ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे पिकअप में सवार युवक की मौके पर मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जहानगंज थाने में संजय पाल पुत्र रामनरेश पाल निवासी गुलरिया पुराना जलालाबाद जिला शाहजहांपुर ने शिकायत कर बताया कि दिनांक 20 सितंबर की रात 3 बजे लगभग पिकअप नंबर यू.पी27वीटी 4116 छिबरामऊ से फर्रुखाबाद की तरफ आ रही थी, तभी फर्रुखाबाद से छिबरामऊ की तरफ आने वाले खाद से लदे सोनालिका ट्रैक्टर के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से रूनी गांव के किनारे टक्कर मार दी। जिसमें मेरे भाई धीरेंद्र पाल की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। जिनका उपचार द केयर हॉस्पिटल फर्रुखाबाद में चल रहा था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने छह लाख के नकदी व जेवर किये पार

- सुबह जागने पर परिजनों को हुई जानकारी
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने छः लाख के नगदी व जेवर चोरी कर लिए। सुबह सामान फैला देख स्वजनों को घटना की जानकारी हुयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के गांव कटिया निवासी इमरान गुरूवार की बीती रात भाई सलमान के साथ छत पर व अन्य स्वजन बरामदे में सो रहे थे। किसी पहर चोर दीवार फांदकर घर में घुस गए। दरवाजे के निकट कमरे में रखी अलमारी का दरवाजा तोड़कर उसमे रखे दो लाख तीस हजार रुपए की नगदी व सोने की झुमकी, दो जोड़ी कुंडल, पेंडल, आधा किलो चांदी के जेवर सहित मोबाइल फोन चोरी कर ली। चोर मुख्य दरवाजे को खोलकर बाहर चले गए। सुबह चार बजे जागे स्वजनों ने सामान फैला देख पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने शुक्रवार दोपहर थाने पहुंच तहरीर दी। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया मामले की जांच की जा रही है।



चोरी के बाद सेफ में बिखरा पड़ा सामान

# गोंडा के युवकों ने नाली में पड़ी गाय को निकालकर कराया उपचार



गाय के साथ मौजूद युवक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाहरी जनपद गोंडा के रहने वाले दो युवकों ने एक बीमार गाय का इलाज करवाकर मानवता की मिशाल कायम की। शुक्रवार को ऑफिसर्स कालोनी में एक गाय नाली में गिर गयी। जिससे उसके पिछले पैर में फ्रेक्चर हो गया। असहनीय दर्द के कारण वह तड़प रही थी, तभी उधर से गुजर रहे जनपद गोंडा के दुल्लापुर फलसा निवासी सुरेश पुत्र पुत्तीलाल यादव, राम नरायन पुत्र प्रताप निवासी रामपुर खरेंटा ने गायब को बड़ी मुश्किल से नाली से निकालकर डाक्टर को बुलवाकर उसका इलाज करवाया तथा उसके खाने पीने की व्यवस्था की। बताते चलें कि बीमार गाय के मालिक ने जानकारी होने पर उक्त गाय को तड़पता हुआ छोड़ दिया और उसका इलाज नहीं कराया। दोनों युवकों की बेजुवान गाय के प्रति मानवता को देख लोग उनकी सराहना करते दिखे।

## महिला का अश्लील वीडियो बनाकर किया वायरल

**कंपिल (सं.)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि दो सप्ताह पूर्व वह पति के साथ कमरे में लेटी थी। उसी समय पड़ोस के एक युवक ने उसका अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। जब महिला ने युवक से विरोध जताया, तो स्वजन मारपीट पर आमादा हो गए। महिला ने पुलिस को तहरीर दी।

# बिजली कर्मचारियों सहित छह के विरूद्ध न्यायालय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बिजली कर्मचारियों सहित छह लोगों के विरुद्ध न्यायालय में दायर की गयी है। जिसमें विधवा महिला ने बिजली विभाग की टीम पर बुरी नियत से दबोच लेने का लगाया आरोप लगाया है।

बिजली विभाग की टीम 25 जुलाई 2023 को विद्युत चोरी की रोकथाम को लेकर चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी एक विधवा महिला ने आरोप लगाया कि विद्युत टीम (जिसमें पांच लोग शामिल थे) पड़ोसी की छत से उसके घर में घुस गयी। मैंने उन लोगों से कहा की आप लोग घर में चोरों की तरह क्यों आए हो, गेट से क्यों नहीं आए। तो उक्त लोगो ने छत पर पड़ी केबिल को चोरी करने के लिए बताया, जबकि छत पर पड़ी केबिल जनरेटर की थी। उन लोगो नें कहा कि आपका बिल बकाया है। मैंने कहा कि बिल एक मुश्त जमा योजना के तहत जमा कर देंगे, तभी कर्मचारी कहने लगे कि मेरे साहब को खुश कर दो आपका सारा बिल माफ कर देंगे और बुरी नियत से मुझे पकड़ लिया। विरोध करने पर बोले तुम्हारा कनेक्शन काट देंगे और बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज देंगे। पीड़िता ने घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र भेजा लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गयी। तब पीड़िता ने न्यायालय में विजय शंकर अवर अभियंता विद्युत वितरण केंद्र कायमगंज, उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण दक्षिणांचल भोला उर्फ कल्लू, नावेद , कमल कुमार, मुकेश के विरुद्ध याचिका दायर की।

# मेजर एसडी सिंह मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने लगाया ओरल हाईजीन कैंप

- राजपूताना पब्लिक स्कूल के बच्चों का परीक्षण करके, बचाव के बारे में दी जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने नगर के राजपूताना पब्लिक स्कूल में ओरल हाईजीन एंड हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया।

यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के प्रोफेसर डॉ0 देवाशीष बिस्वाल, डॉ0 नीरज यादव, डॉ0 रोहित राठौर एवं डॉ0 पारुल यादव ने राजपूताना पब्लिक स्कूल के बच्चों का ओरल हाईजीन परीक्षण किया एवं बच्चों को इससे होने वाले रोगों के बारे में तथा उन रोगों से बचाव कैसे किया जाये, इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य ने बताया कि शिविर में 40 बच्चों का परीक्षण किया गया। इस दौरान राजपूतना पब्लिक स्कूल के बच्चे व शिक्षकगण मौजूद रहे।




बच्चों का परीक्षण करते चिकित्सक

# गैंगेस्टर के 15-15 हजार के दो ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गैंगेस्टर के दो वांछित 15-15 हजार के इनामी बदमाशों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जाकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश पाल ने उप निरीक्षक शिवकुमार, सिपाही रोहित कुमार, सिपाही मनोज कुमार, एसओजी प्रभारी निरीक्षक अमित गंगवार, सर्विलांस टीम के करण यादव, अनुराग कुमार, प्रवीण कुमार की संयुक्त टीम के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर कायमगंज कपिल रोड रायपुर खास सड़क के पास से 15-15 हजार के दो इनामी वांछित गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी गैंग लीडर आमिर पुत्र नन्हे खां निवासी रायपुर खास व उसके गैंग का सदस्य राजू पुत्र मेहंदी हसन निवासी रायपुर खास कायमगंज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ दौरान आरोपियों ने बताया कि वह लोग गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर अपनी तथा अपने परिवार वालों के अवैध आर्थिक लाभ हेतु गौवध कर गौंवंश का मांस बेंचकर अवैध रूप से आर्थिक लाभ अर्जित करते थे। जिससे आम जनमानस में काफी इन लोगों के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

आमिर पर पांच मुकदमे व राजू पर तीन मुकदमे विचाराधीन है। पकड़े गये आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में गैंग लीडर व सदस्य

# आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने की अपील




बैठक लेते नगर पंचायत अध्यक्ष पति नदीम अहमद फारुकी व मौजूद संभ्रांत लोग

**शमशाबाद. समृद्धि न्यूज।** गणेश चतुर्दशी एवं बाराबफात के त्यौहार को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों समुदाय के लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाए जाने की अपील की गयी।

जानकारी के अनुसार आगामी आने वाले गणेश चतुर्थी तथा बारावफात के पर्व को लेकर श्री सिद्धिविनायक कमेटी तथा सीरत कमेटी की संयुक्त बैठक नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद में अध्यक्ष की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक में सभी धर्म के धर्म गुरुओं से शांति के माहौल में त्यौहार मनाए जाने की अपील की गई। बैठक यह भी कहा गया है इस बार बाराबरात तथा गणेश चतुर्थी का पर्व दोनों धर्म संप्रदाय के लोग मनाएंगे। उन्होंने दोनों धर्म सम्प्रदाय के लोगों से शांति के माहौल में पर्व मनाए जाने की अपील की। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अध्यक्ष पति नदीम अहमद फारुकी, जोगराज राजपूत, दीपक श्रीवास्तव, मोनिस, हाफिज, नौशाद, साजिद सिद्दकी, रवि पांडे, अंकित राजपूत के अलावा सफाई नायक, लाइनमैन के अलावा ट्रैफिक पुलिस प्रशासन भी इस मौके पर मौजूद रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव ने दी।

# सीपी विद्या निकेतन में दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का डीआईओएस ने किया शुभारंभ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सीपी विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज में दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य राजकीय विद्यालय भटासा, संयोजक योगेश चन्द्र तिवारी, सह संयोजक डा0 मनोज तिवारी द्वारा मशाल जलाकर किया गया। इसके बाद सयोजक द्वारा मुख्य अतिथि को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। डॉ0 मनोज तिवारी ने आये हुए सभी प्रधानाचार्यो का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि व वशिष्ट अतिथि के समक्ष विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान व नृत्य प्रस्तुत किया। जिला विद्यालय निरीक्षक की उपास्थिति में 200 मीटर सब जूनियर बालिका दौड़ कराई गयी। जिसमें कीर्ति ब्रहम्मानन्द इंटर कालेज शुकरुल्लापुर प्रथम स्थान, रोशनी के ए0एस0आर, इण्टर कालेज कम्पिल द्वितीय तथा सोनी जनता इन्टर कालेज तृतीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन मे मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को उत्साहित करते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। शिक्षा से मस्तिष्क का विकास होता है उसी प्रकार खेल से शरीर का विकास होता है। सभी छात्र अच्छा प्रदर्शन करते हुए देश दुनियां मे अपना नाम कमायें। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद चन्द्र गंगवार तथा शिव शंकर राठौर ने किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद चन्द गंगवार, डीएवी इण्टर कालेज रजलामई, खालिद रहूफ एवी इन्टर कालेज शमसाबाद, रावेन्द्र सिह उ0मा0 विद्यालय, कुआंखेड़ा सहित आदि विद्यालय के लोग मौजूद रहे।



बच्चों को सम्मानित करते जिला विद्यालय निरीक्षक

# खबरें चलते-चलते

## दो लोगों ने पिया जहर

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव चौखड़िया निवासी राजपाल (49) व कम्पिल क्षेत्र के गांव राईपुर चिन्हटपुर निवासी ममता (35) पत्नी रामनिवास ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत मे दोनों के परिजन अस्पताल लाये।

## ऊंचाई से गिरकर युवक गंभीर घायल

**कायमगंज (सं.)।** क्षेत्र के गांव मीरगंज निवासी पूरन सिंह (40) पुत्र गिरधनलाल ऊंचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गया लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम श्यामनगर निवासी शिवानी पत्नी गोविन्द ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर जिसमे कहा है कि सुवह वह सोचक्रिया करके वापस घर आई तो पति ने पत्नी पर गलत आरोपी लगाकर मारा पीटा पत्नी ने पति के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र दिया

## डम्पर की टक्कर से छात्रा घायल, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम झसी निवासी राम आसरे पुत्र मंगूलाल ने थाना जहानगंज में शिकायत करते हुये बताया कि दिनांक 21 सितंबर को समय करीब 7 बजे पुत्री दीक्षा अपने घर से साइकिल से स्कूल जा रही थी। जैसे ही वह महरुपुर बीजल चौराहे पर पहुंची, तभी छिबरामऊ की तरफ से आ रहे डम्पर नंबर यूपी 93वीटी3981 ने तेजी एवं लापरवाहीम से चलते हुए डम्पर कच्चे रास्ते पर उतार दिया और साइकिल से जा रही बेटी को पीछे से टक्कर मार दी जिससे पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार हेतु सीएससी कमालगंज लाया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने डम्पर चालक को पकड़ लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आज भी ओज का संचार करती हैं दिनकर की कवितायें



राष्ट्रीय कवि रामधारी सिंह दिनकर



प्राचार्य डॉ0 शालिनी



कुसुमलता, प्रवक्ता हिन्दी



प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हिन्दी के प्रख्यात कवि आधुनिक युग के श्रेष्ठ वीर रस के कवि रामधारी सिंह दिनकर ने अपने हिन्दी जगत में लेखन कवितायें व निबंध लिखकर जंग छेड़ दी थी। देश भक्ति की कवितायें आज भी लोगों की जुबान पर हैं। उनके पिता रवी सिंह कृषक थे और माता मनुरुप थीं। रामधारी सिंह दिनकर का जन्म 23 सितंबर 1908 को बिहार राज्य के मुंगेर जिले में सिमरिया नामक गांव में हुआ था। दिनकर ने पटना विश्वविद्यालय में बीए की परीक्षा उत्तीर्ण की।। उन्हें कई भाषाओं का ज्ञान था। वह 1934 में प्रधानाध्यापक भी रहे।

मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ की प्राचार्य डॉ0 शालिनी ने रामधारी सिंह दिनकर के बारे में बताते हुए कहा कि उनकी ऐसी कवितायें थीं जो आज भी दिलों को छूती हैं। नित जीवन के संघर्षो से जब टूट चुका हो अंर्तमन, तब सुख के मिले समंदर का, रह जाता कोई अर्थ नहीं। यह प्रमुख कविता है। उनकी दूसरी कविता थी। धुंधली हुईं दिशायें, छाने लगा कुहासा था, कुचली हुई शिखा से आने लगा धुआं सा, कोई मुझे बता दे क्या आ हो रहा है। मुंह को छिपा तिमिर में क्यों तेज हो रहा है। यह कवितायें आज भी लोगों के दिलों को छू जाती है।

कानोडिया बालिका इंटर कालेज की हिन्दी प्रवक्ता कुसुमलता ने बताया कि आज भी रामधारी दिनकर की कवितायें व उपन्यास व कहानी पढ़कर मन को तरोताजा करती हैं। राष्ट्रीय कवि कुमार विश्वास ने रामधारी दिनकर की कई कविताओं को अपने अंदाज मे पढ़ा है। सच है विपत्ति जब आती है कायर को ही दहलाती है। यह पंक्ति उनकी आज भी सटीक बैठती है। बत्ती जो नहीं जलाता है रोशनी नहीं वह पाता है। उन्होंने उनकी कविताओं से बहुत सीखा है। आज भी वीर रस व देश हित की बात आती है, तो रामधारी सिंह दिनकर का नाम सबसे पहले लिया जाता है।

रस्तोगी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कवियों में रामधारी सिंह दिनकर का नाम ही काफी है। उनकी लिखी हुईं पक्तियां बड़े-बड़े मंचों पर आज भी बढ़ी जाती हैं। उन्होंने आजादी के दौरान ऐसी कवितायें लिखीं जो देशवासियों एवं क्रांतकारियों व भारतीयों के दिलों में बस गयीं। वैराग्य छोड़ बाहों की विभा संभालों, चट्टानों की छाती से दूध निकालो, है रुकी जहां भी धार, शिलायें तोड़ो, पियूष चंद्रमाओं का पकड़ निचोड़ो। इस कविता के माध्यम से उन्होंने भगवान परशुराम के चरित्र को दर्शाया है। उनका कहां मन में जज्बा हो, तभी कुछ कर सकते हो।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, किये चालान



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर कई थानों की पुलिस ने शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने हेलमेट, डीएम, आर.सी. आदि कागज चेक किये। कई लोग बगैर कागज व बगैर हेलमेट के वाहन चलाते मिले। जिस पर पुलिस ने उनका चालान किया तथा हिदायत दी कि भविष्य में वह कागज व हेलमेट लगाकर ही वाहन चलायें। वहीं तीन सवारी बैठकर चलाने वालों की भी पुलिस ने खबर ली और उनसे जुर्माना वसूला। पुलिस ने उन्हें हिदायत दी कि वह तीन सवारी बैठालकर वाहन न चलायें।

# विकास राजपूत ने भाजपा जिलाध्यक्ष को चांदी का मुकुट पहनाकर किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजसेवी विकास राजपूत ने चांदी का मुकुट पहनाकर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता का भव्य स्वागत किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता को पुनः जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर लोकसभा फर्रुखाबाद के संभावित भाजपा प्रत्याशी/समाजसेवी विकास राजपूत ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें जिले के कई सम्मानित लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर अ0भा0 लोधी महासभा के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरपाल सिंह लोधी, कार्यालय प्रभारी योगेन्द्र सिंह चौहान आदि लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर प्रधान कीरतपुर अजय कटियार, प्रधान निनौआ अजय कुमार, प्रधान दाल मंडी कल्लू दीक्षित, अपना दल के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व सभासद सुरजीत कटियार, अजय प्रताप सिंह, राजू सिंह, मुन्नू सिंह, हरनाम सिंह, संजू सिंह, उमेश चंद्र वर्मा, विशाल राजपूत, ऋषभ राजपूत, विवेक सिंह, रजत राजपूत, सचिन पाल, शिवम राजपूत, अंकित राजपूत, अश्वनी राजपूत, पुष्पेंद्र कटियार, राजू मिश्रा, रणजीत राजपूत, पिंकू, गोविंद, प्रशांत पांडे, दिव्यांशु अरोड़ा, रवि श्रीवास्तव, हनी शर्मा, गौरव श्रीवास्तव, विकास कुमार, विकास दुबे, विक्रम सिंह, मयंक दुबे, महेश चंद्र दुबे, मुकुल सक्सेना, विक्कू राजपूत, विक्की राजपूत, रितेश राजपूत, अमन राजपूत, अमर सिंह राजपूत, कौशलेंद्र राजपूत, राजू बाथम, डॉ अतुल बाथम, अरुण ठाकुर, संचित मिश्रा ने रूपेश गुप्ता को बधाई दी।




भाजपा जिलाध्यक्ष को चांदी का मुकुट पहनाते विकास राजपूत

## वृद्धा की मौत पर मचा कोहराम

**कायमगंज (सं.)।** कम्पिल क्षेत्र के गांव चांदपुर कछ निवासी मायादेवी (65) पत्नी बहादुर की अचानक हालत बिगड़ गयी। जिस पर परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहाँ डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।